राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-213
लखनऊ, गुरुवार 21 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





चुनाव : बुजुर्ग और दिव्यांग कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान 03

शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है कांग्रेस : ठाकुर 12


## संक्षिप्त समाचार

### रिजिजू को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। किरेन रिजिजू के पास पहले से ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से यह सूचना जारी की गई है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस द्वारा हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद मंत्रालय की जिम्मेवारी किरेन रिजिजू को सौंपी गई। बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे पशुपति कुमार पारस 2021 से भारत सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में कार्यरत थे। एक दिन पहले पशुपति पारस ने मंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

### राजनीतिक विज्ञापन तुरंत हटाएं जिम्मेदार : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अपने निर्देशों के गैर-अनुपालन या आंशिक-अनुपालन को गंभीरता से लिया है और सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को सभी अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों को तुरंत हटाने और निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर आदर्श आचार संहिता के पूर्ण अनुपालन के निर्देश दिये हैं। आयोग का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही है कि देशभर में कई स्थानों पर अभी भी अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन प्रदर्शित किए जा रहे हैं। आयोग ने सभी अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों को तुरंत हटाने और निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। इस संबंध में एक अनुपालन रिपोर्ट गुरुवार शाम पांच बजे तक आयोग को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

### रिश्वत मामले में गिरफ्तार ईडी अफसर को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में गिरफ्तार ईडी अधिकारी अंकित तिवारी को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने अंकित तिवारी की याचिका पर तमिलनाडु सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अंकित तिवारी को निर्देश दिया कि वो गवाहों को प्रभावित करने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की कोशिश नहीं करेंगे। अंकित तिवारी ने मद्रास हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर किया था। मद्रास हाईकोर्ट ने अंकित तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दिया था जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### पर्यटकों के लिए खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन

**श्रीनगर।** एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। शनिवार से इस गार्डन को पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा है। इस गार्डन में 68 प्रकार के 17 लाख ट्यूलिप के फूल खिले हैं। इस साल इनमें पांच नई किस्में भी जोड़ी गई हैं। संभागीय आयुक्त कश्मीर वीके भिदुडी ने उद्यान खोलने की व्यवस्था आदि समीक्षा के लिए मंगलवार को श्रीनगर में एक बैठक की थी। भिदुडी ने स्थान की दृश्य जीवंतता को बढ़ाने के लिए रंगीन रोशनी के संचालन का निर्देश दिया।

# पहले चरण की अधिसूचना जारी

## लोकसभा चुनाव : 17 राज्यों व चार केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान

▸ नामांकन 27 मार्च तक किए जा सकेंगे

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को पहले चरण के मतदान की अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन 27 मार्च तक किए जा सकेंगे, जिनकी जांच 28 मार्च को होगी। बिहार के लिए यह तारीखें 28 मार्च और 30 मार्च हैं।

अधिसूचना के अनुसार इस चरण में तमिलनाडु की सभी 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की सभी 2-2 और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर पहले चरण में मतदान होगा। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों और सिक्किम की सभी 32 विधानसभा सीटों पर भी इस चरण में मतदान होगा। दोनों राज्यों की विधानसभा के नतीजे 2 जून को आयेंगे। बाकी सभी सीटों के नतीजे चार जून को आयेंगे।

इस चरण में अरुणाचल पश्चिम, अरुणाचल पूर्व, काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, औरंगाबाद, गया (एससी), नवादा, जमुई (एससी), बस्तर (एसटी), सीधी, शहडोल (एसटी), जबलपुर, मण्डला (एसटी), बालाघाट, छिन्दवाड़ा, रामटेक (एससी), नागपुर, भन्डारा, गोंदिया, गड़चिरोली, चिमुर (एसटी), चन्द्रपुर, आंतरिक मणिपुर, बाह्य मणिपुर (एसटी), शिलांग (एसटी), तुरा (एसटी), मिजोरम (एसटी), नगालैंड, गंगानगर (एससी), बीकानेर (एससी), चूरू, झुन्झुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर (एससी), करौली, धौलपुर (एससी), दौसा (एसटी), नागौर, सिक्किम, तिरुवल्लुर (एससी), चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई केन्द्रीय, श्रीपेरूम्बुदूर, कांचीपुरम (एससी), अराकोन्नम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, धर्मापुरी, तिरूवन्नामलाई, अरानी, विलुपुरम (एससी), कल्लाकुरिची, सलेम, नामाक्कल, इरोड, तिरूप्पुर, नीलगिरि (एससी), कोयम्बटूर, पोल्लाची, डिण्डीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर /, कुड्डालोर, चिदम्बरम (एससी), मइलादुथुरई, नागापट्टिनम (एससी), थन्जावुर, शिवगंगा, मदुरई, थेनी, विरुधुनगर, रामानाथपुरम, थूथुक्कुडी, टेनकासी (एससी), तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, त्रिपुरा पश्चिम, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (एससी), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा (एससी), नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, कूच बिहार (एससी), अलीपुर द्वारस (एसटी), जलपाईगुड़ी (एससी), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ऊधमपुर, लक्षद्वीप (एसटी), पुडुचेरी सीट के लिए मतदान होगा।

### उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ।** देश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 का बुधवार से नामांकन प्रारंभ हो गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव की घोषणा के अंतर्गत पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। नामांकन स्थल पर चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ लोकसभा सीटों में सात सामान्य और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे के मध्य होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर (आरओ-एआरओ) कार्यालय में पांच लोगों के साथ ही प्रवेश की अनुमति है। वहीं आरओ कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन वाहनों को ले जाने की अनुमति होगी। पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च और 30 मार्च को नाम वापसी का है।



प्रथम चरण के आठ लोकसभा क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 76.23 लाख पुरूष, 67.14 लाख महिला और 824 तृतीय जेन्डर हैं। इन सभी आठों सीटों पर कुल 7693 मतदान केन्द्र तथा 14842 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख निर्धारित की गई है।

# पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय



▸ पप्पू यादव पूर्णिया से हो सकते हैं महागठबंधन के उम्मीदवार, पांच बार रह चुके हैं लोकसभा सांसद

समृद्धि न्यूज

**पटना।** बिहार के सीमांचल में प्रभाव रखने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय को मंजूर कर लिया है। मंगलवार रात पप्पू यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी। सुबह पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने विलय के सवाल को टाल दिया था, लेकिन यह जरूर कहा था कि वह कांग्रेस की विचारधारा पर ही लंबे समय से चलते आ रहे हैं। तभी यह माना जा रहा था कि पप्पू अपनी पार्टी के विलय के लिए राजी हो गए हैं। पप्पू खुद सांसद रह चुके हैं और फिलहाल उनकी पत्नी राज्यसभा सांसद हैं। शाम चार बजे जाप का आधिकारिक तौर पर अस्तित्व समाप्त हो गया और पत्नी रंजीत रंजन की तरह पप्पू यादव भी कांग्रेसी हो गये।

एक सूत्र ने नौ मार्च को ही बता दिया था कि पप्पू यादव पूर्णिया से महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। इसके लिए वह पूरी तैयारी कर रहे हैं। बुधवार को पूर्व सांसद पप्पू यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान राजद सुप्रीमो और तेजस्वी यादव की तारीफ की थी। पप्पू यादव ने इस बात का संकेत भी दिया कि अगर कांग्रेस पूर्णिया से उन्हें लोकसभा टिकट देगी। वह अपनी पार्टी का विलय कर देंगे। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजा था।

### पूर्णिया मेरी लाइफ लाइन, कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव

पप्पू यादव ने लालू से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे और लालू जी के बीच पूर्ण तौर पर पारिवारिक रूप से रिश्ता रहा है। हम दोनों एक-दूसरे से कभी अलग नहीं हुए। कोसी, सीमांचल और मिथिलांचल में हमलोग भाजपा को रोकेंगे। जिस तरह 17 महीना तेजस्वी यादव ने काम किया, उससे जनता में एक विश्वास पैदा हुआ। राहुल गांधी ने जिस तरह दिल भी जीता और सपने दिखाए लोगों को उससे एक उम्मीद जगी है। हमलोग मिलकर 2024 ही नहीं 2025 का चुनाव भी जीतेंगे। कांग्रेस के नेतृत्व में हम लोग मिलकर लड़ेंगे। पूर्णिया मेरी लाइफ लाइन है। वहां न कोई जात है न कोई धर्म है। मैं हर एक व्यक्ति के दिल में हूं। मेरी लड़ाई बिल्कुल साफ है। मैं पूर्ण रूप से इंडी गठबंधन के साथ हूं। राजद से मेरा पारिवारिक रिश्ता था, है और हमेशा रहेगा। तेजस्वी यादव के साथ खड़ा रहना मेरा दायित्व है। मैं चाहता हूं कि तेजस्वी यादव 2025 में मजबूती के साथ सरकार बनाएं। पप्पू यादव का जन्म मधेपुरा जिले में 1967 में हुआ था। इसके बाद पूर्णिया पर पढ़ाई करने के लिए आ गए। 1990 में निर्दलीय विधायक चुनकर आए पप्पू यादव ने 1991, 1996, 1999, 2004 और 2014 में लोकसभा चुनाव जीता था।

# बच्चों की हत्या का मुख्य आरोपी एनकाउंटर में ढेर

समृद्धि न्यूज

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में मंगलवार देर शाम मामूली विवाद में दो मासूम बच्चों की उस्तरे से हत्या करने का एक आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से दूर है। एक अन्य को पुलिस ने देर रात ही एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया था।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पड़ोसी के दो बच्चों की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद भाग रहे साजिद को शेखूपुर के जंगलों में जवाबी फायरिंग के दौरान मार गिराया था जबकि उसका भाई जावेद फरार हो गया था जिसकी तलाश के लिए पुलिस की पांच टीम का गठन किया गया है। जघन्य वारदात के बाद दो समुदायों के बीच



उपजे असंतोष के मद्देनजर एहतियात के तौर पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के पिता विनोद कुमार द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में उल्लेख किया है कि बीती शाम लगभग 7 बजे उनके घर के सामने नई की दुकान चलाने वाला साजिद बाईक से उनके घर पहुंचा। उस समय पत्नी संगीता और मां मुन्नी देवी घर पर थी जबकि तीनों बच्चे आयुष, आह्वान और पीयूष तीसरी मंजिल पर थे। आरोपी साजिद ने संगीता से 5 हजार रुपये उधार मांगे तो वह रुपए लेने घर के अंदर चली गई। इस बीच साजिद बच्चों के पास तीसरी मंजिल पर चला गया और उसने सबसे छोटे बच्चे पियूष को गुटखा लेने भेज दिया। साजिद ने तीसरी मंजिल पर जाकर आयुष और आह्वान पर हमला बोल दिया और उन्हें और उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। इसी बीच छोटा बेटा पीयूष जब गुटखा लेकर ऊपर पहुंचा वहां का नजारा देखकर चीखता हुआ नीचे भागा। इस बीच संगीता भी रुपए लेकर आ गई तो देखा कि साजिद हाथ में खून से सना हुआ एक बड़ा छुरा लेकर उपर से नीचे उतर रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और साजिद को पकड़ लिया जबकि उसका भाई जावेद मौके से फरार हो गया ।

### आरोपी साजिद एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रियल जांच

बदायूं शहर की बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हत्या के बाद मंगलवार को रात भर गुस्से की आग सुलगती रही। तनावपूर्ण माहौल है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस-पीएसी और अर्ध सैनिक बल तैनात हैं। पुलिस अधिकारी लगातार हालात की अपडेट ले रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के चाचा और पिता को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है। उधर, बुधवार को सांसद संघमित्रा मौर्य पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, पूर्वी उप्र में बारिश

**कानपुर।** पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर प्रदेश में दिखने लगा है, खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में। इस क्षेत्र के कई जनपदों में बुधवार को हल्की बारिश हुई और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो दिन मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना है और बारिश भी स्थानीय स्तर पर होगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि पश्चिमी विदर्भ और उससे जुड़े इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

### पंजाब नार्को-आतंकवाद मामले में दो की अचल संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब नार्को-आतंकवाद मामले में दो आरोपितों की कई अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। इसमें कथित तौर पर प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एजेंटों द्वारा शौर्य चक्र पुरस्कार विजेता कॉमरेड बलविंदर सिंह संधू की हत्या की गई थी। एनआईए की विशेष अदालत के आदेश पर कार्रवाई करते हुए आरोपित गुरविंदर सिंह उर्फ बाबा के नाम पर पंजीकृत पीरन बाग गांव और सलीमपुर अरियन गांव में संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

# सपा से अलग चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल, तीनों सीटों पर लड़ने का ऐलान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपना दल कमेरावादी की नेता व सपा विधायक पल्लवी पटेल सपा से अलग हटकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। वो फूलपुर, कौशांबी या फिर मिर्जापुर से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं।

सपा विधायक पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़ेंगी। उनकी पार्टी अपना दल कमेरावादी ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है। अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हम शुरू से ही इंडिया गठबंधन में हैं।

गठबंधन की बैठकों में शामिल होते रहे हैं और हमारी पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कृष्णा पटेल ने कहा कि हम चुनाव से ही सपा के साथ गठबंधन में हैं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। इन तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हैं।

### डीआरआई ने जब्त की 100 करोड़ की कोकीन, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय की मुंबई जोनल यूनिट ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को दो विदेशी महिला यात्रियों को 9.829 किलोग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया। डीआरआई ने इन दो महिलाओं से पूछताछ के बाद उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से एक नाइजीरियाई नागरिक और उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार किया। बरामद कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सौ करोड़ रुपये आंकी गई है। मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार की गई दो महिलाओं में से एक थाइलैंड और दूसरी इंडोनेशिया की नागरिक है।

# मेजा में बुआ ने की दो मासूम भतीजों की हत्या

▸ मानसिक रूप से बीमार चल रही महिला ने घटना को दिया अंजाम

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** मानसिक रूप से बीमार चल रही महिला ने भाभी से झगड़ा होने के बाद उसके दोनों बच्चे यानी अपने भतीजों को मौत के घाट उतार दिया। दिल दहला देने वाली यह घटना मेजा इलाके के हरगढ़ में हुई है। महिला ने लकड़ी के पटरे से बच्चों के सिर पर प्रहार कर दिया। अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। कातिल बुआ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भाभी से झगड़ा होने पर आक्रोशित होकर महिला ने अपने भाई के दो बेटों को मौत के घाट उतार दिया। महिला मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। उसने दोनों बच्चों के सिर पर पटरे से प्रहार कर दिया। जिससे दोनों लहूलुहान हो गए। अस्पताल में दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। बच्चों की मौत अस्पताल में देर रात हुई। आरोपी बुआ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संजय पुत्र शंकर भारतीय गांव हरगढ़ थाना मेजा के हरगढ़ गांव निवासी संजय के दो बच्चों लकी (5) और अभि (3) वर्ष को मौत के घाट उतार दिया गया। भाभी से संजय की बहन पूजा (35) ने घटना को अंजाम दिया। पूजा करीब वर्ष 10 साल से मानसिक रूप से बीमार है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा केस के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

▸ सैनी थाना पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया केस

समृद्धि न्यूज

**कौशांबी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से मथुरा जा रहे श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पीड़ित पक्षकार ने सैनी थाना पुलिस में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ धमकी दिए जाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्रीगढ़ महेश्वर धाम सुनरख रोड वृंदावन मथुरा के रहने वाले आशुतोष पांडेय पुत्र राजेंद्र कुमार जो पीठा माता शाकुंभरी पीठाधीश्वर भृगुवंशी के संचालक एवं अध्यक्ष श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति धाम निर्माण ट्रस्ट मथुरा के पद पर है। आशुतोष पांडेय मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म भूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह केस सुप्रीम कोर्ट के मुख्य पक्षकार है। आशुतोष पांडेय ने बताया कि बीती रात वह मथुरा से इलाहाबाद हाई कोर्ट श्री कृष्ण जन्मभूमि केस की पैरवी के लिए प्रयागराज सड़क मार्ग से आ रहे थे। कौशांबी के रास्ते वह जब सैनी थाना क्षेत्र से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजकर 10 मिनट पर उनके मोबाइल पर 923029854231 से व्हाट्स एप काल आई। जिसमें उन्हें मुकदमे की पैरवी से हटने को कहा गया।

### नीट पीजी-2024 की परीक्षा 23 जून को

**नई दिल्ली।** देश में 23 जून को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट- पीजी (नीट-पीजी) की परीक्षा 23 जून को आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने बुधवार को परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के मुताबिक नीट-पीजी की परीक्षा 23 जून 2024 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के नतीजे 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 5 अगस्त से 15 अक्टूबर तक चलेंगी। शैक्षणिक सत्र 16 सितंबर से शुरू होंगे। परीक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए दाखिला लेने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर 2024 होगी। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज के साथ मेडिकल काउंसलिंग कमेटी, हेल्थ साइंस के महानिदेशक और पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के साथ बैठक के बाद नीट-पीजी परीक्षा का कार्यक्रम तय किया गया।

संबोधन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा

# 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्ट-अप का नेतृत्व कर रहीं महिलाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और



उसके बावजूद आपने इतना बड़ा आयोजन किया है। इसका मतलब है कि आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत के रूप में उभर रहा है तो इसके पीछे एक सोची समझी दृष्टि आ रही है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप्स को लेकर काम शुरू हुआ। उन्होंने उल्लेख किया कि यूपीआई फिन-टेक स्टार्ट-अप के लिए समर्थन का एक स्तंभ बन गया है जो देश में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए नवीन उत्पादों और सेवाओं के विकास का नेतृत्व करता है।

### आज पूरी दुनिया देख रही है भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य

स्टार्टअप इकोसिस्टम की बदलती मानसिकता पर मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी चाहने वाले के बजाय नौकरी निर्माता बनने का रास्ता चुना है। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है। इस सामर्थ्य पर भरोसा करते हुए देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण की तरफ अनेक कदम उठाए हैं। भारत ने स्टार्टअप-20 के तहत दुनिया भर के लिए इकोसिस्टम को एक साथ लाने का प्रयास किया है। इसी भारत मंडपम में जी-20 के दिल्ली घोषणापत्र में पहली बार स्टार्टअप को न सिर्फ शामिल किया गया, बल्कि उन्हें विकास का प्राकृतिक इंजन भी माना गया। स्टार्ट-अप को डिजिटल इंडिया द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी प्रेरणा है और सुझाव दिया कि कॉलेज इसे एक केस स्टडी के रूप में लें।

# चुनाव को लेकर पुलिस-एसएसबी सख्त

**गौरीफंटा बॉर्डर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित गश्त, चेकिंग किया गया।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा अवधेश कुमार यादव मय पुलिस बल के बनकटी रेन्ज से रेन्जर निर्भय प्रताप शाही मय हमराह फोर्स व बनकटी एस0एस0बी0 के प्लाटून कमाण्डर भागीरथ मय फोर्स के आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित ग्राम सूडा व विरियाखेड़ा तथा पगडंडी, कच्चे रास्ते, नदी घाट के रास्ते अवैध रूप से तस्करी करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने और निर्भीक होकर किसी के प्रभाव में आये बिना स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

साथ ही साथ मोहाना नदी के किनारे बने घाट व भारत - नेपाल बार्डर पर स्थित पिलर संख्या 744 पर नेपाल पुलिस की एपीएफ 34 बटालियन त्रिनगर कम्पनी की जुगेड़ा बी0ओ0पी0 के एस आई एम0आर0 माहारा, एस एच सी शंकर कुंवर, एच सी राजू वी0के0, का0 सुनील चौधरी के साथ गस्त भ्रमण कर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सीमा पर विशेष सतर्कता बरतने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा मुहाना नदी के रास्ते होने वाली तस्करी के मद्देनजर आने जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखने हेतु योजना तैयार की गयी।

## मोबाइल टावर पर चढ़ा व्यक्ति, किया हंगामा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** गोला गोकर्णनाथ में एक व्यक्ति शाम को मोहल्ला मुन्नूगंज में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। व्यक्ति का आरोप है कि शहर के ही एक डिग्री कॉलेज प्रशासन काम के पैसे नहीं दे रहा जिससे नाराज होकर सुनील गुप्ता नामक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही गोला कोतवाली पुलिस और तहसीलदार गोला मौके पर पहुंचे वही गोला तहसीलदार के आश्वासन के बाद युवक मोबाइल टावर से उतर गया।



# आपसी शांति-सौहार्द से त्यौहार मनाने की अपील

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



आगामी त्योहार होली, माह-ए-रमजान एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अमीरनगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी व कानूनगो नफीस खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियों से आपसी शांति और सौहार्द से आगामी त्यौहारों को मनाने की अपील की गई।

अमीर नगर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी ने कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।होली का पर्व आपसी भाई चारे का संदेश देता है इससे लोगों को सीख लेनी चाहिए।रंग गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से सम्पन्न हो। होली व माह-ए-रमजान के त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी।यदि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति ने अफवाह फैलाने और अराजकता करने की कोशिश की तो उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।इस अवसर पर आत्मानंद शुक्ला, इंद्रजीत सिंह लाडी,जुबैर खान, तौहीद खान जिला पंचायत सदस्य, बीएलओ तौहीद बेग,हसीब बेग, पुनीत मिश्रा, राजेश कुमार, अमित गुप्ता सहित क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित हुआ सास बहू सम्मेलन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर के सैदनपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सास बहू सम्मेलन में समस्त कनवर्जन विभाग के लोग उपस्थित रहे। बालविकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने सैदनपुर वीएचएसएन डी दिवस का निरीक्षण किया। आंगनवाडी केन्द्र सैदनपुर में आयोजित सास बहू सम्मेलन में उपस्थित होकर समस्त सास को बहु का पूरा ध्यान रखने हेतु समझाया तथा 20 मई को होने वाले चुनाव में सभी लोग अपना मतदान जरूर करें हेतु प्रेरित किया।हर बहू के पोषण का ,सास रखे पूरा ध्यान । एएनएम लता गौड़ द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी दी।सम्मेलन में सुपरवाइजर सरोज यादव रागिनी कुमारी आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रतिमा, बबीता,अर्चना कलवार आशा बहू समूह की अध्यक्ष तथा गांव के अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### फरार युवती के मामले में मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** 28 दिन पूर्व घर से आशिक के साथ फरार युवती की जानकारी मिलने पर पीड़ित मां के द्वारा थाना जैदपुर में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल जारी कर दिया गया।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के एक मोहल्ले का है।जहां एक बेवा मां ने थाना जैदपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है 21-2-2024 को उसकी पुत्री घर से भाग गयी थी।चार पांच दिन पहले अचानक एक फोन से जानकारी हुई कि पुत्री को अमित कौशल पुत्र राजेन्द्र निवासी कानून गोयन प्रेम नगर जलालाबाद शाहजहांपुर द्वारा घर से भगा ले जाया गया है।जानकारी होने पर पीड़ित मां ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी है।इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### गौरैया संरक्षण का लिया संकल्प



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विश्व गौरैया दिवस पर ग्रीन गैंग आँखें फाउंडेशन द्वारा रसूल पुर निवासी शिवानी वर्मा को अपने घर में गौरैया के लिए वांछित वातावरण बनाने एवं सहेजने के लिए अंगवस्त्र गमला पौध प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिवानी के घर पर सैकड़ों गौरैया आती जाती व रहती हैं। यह कई वर्ष लगातार छत और आँगन में दाना पानी रखते रहने का परिणाम है कि आज शिवानी के घर पर सैकड़ो गौरैया चहचहाती हैं। शिवानी आजकल मोहनलाल डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में शामिल हैं अत: ग्रीन गैंग के संस्थापक प्रदीप सारंग, आँखे फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानन्द वर्मा, ग्रीन गैंग अध्यक्ष रजत बहादुर वर्मा रमेश रावत ने शिविर पहुँचकर स्वयं सेविका शिवानी वर्मा को सम्मानित किया। उपस्थित स्वयं सेवकों ने ग्रीन गैंग के संकल्प पेड़ लगाएंगे, पेड़ लगवाएंगे, पेड़ बचाएंगे को दुहराते हुए संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ पंकज पटवा, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ नीरज वर्मा, प्रवक्ता रूपेश साहू, नितेश वर्मा, राम गोपाल वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य निदेशक ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम निदेशक डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर और दवा स्टॉक देखा। निदेशक डा0 रतन पाल सिंह सुमन ने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, मेडिकल स्टोर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। इसमें सीएचसी पर सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध मिलीं। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार को निर्देश दिया कि बाहर की दवा नहीं लिखी जानी चाहिए। निदेशक ने कहा कि यदि कोई दवा सीएचसी पर उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला मुख्यालय से मंगवा लिया जाए। जितने भी मरीज सीएचसी पर इलाज कराने आ रहे हैं, यदि उनका आयुष्मान कार्ड बना है तो उनका इलाज उसी कैटेगरी में किया जाए। लेबर रूम सी एच सी परिसर की साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान फार्मेसिस्ट की ट्रेनिंग ले रहे छात्र छात्राए बिना यूनिफार्म मे होने पर नाराजगी जताते हुए सभी को अनुपस्थित कर दिया।



### छात्र-छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। श्री सुंदरलाल स्मारक महाविद्यालय औरेला सैदनपुर में लोकतंत्र महापर्व के उपलक्ष्य मे छात्र-छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमे बच्चो ने विभिन्न प्रकार की रंगोली स्लोगन के माध्यम से लोगो को मतदाता के प्रति जागरूक करने के नारे लगाए।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित, प्रवक्ता आशुतोष कुमार, चंद्रेश कुमार, दीपक वर्मा, फतेह बहादुर, रामू, अनुराधा शुक्ला सहित सभी शिक्षक कर्मचारी मतदान करने का संकल्प लिया। बुधवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विजेताओ को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वितरण में उपभोक्ताओं को हो रही समस्याएं

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश में राशन की घटतोली को लेकर सभी कोटेदारों को इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीनों का वितरण किया गया था। उपभोक्ताओं की आए दिन यह शिकायत रहती थी कि कोटेदारों द्वारा दिया गया राशन में घटतोली की जाती थी और राशन कम दिया जाता है जिसके चलते इस घटतोली को रोकने के लिए शासन ने कोटेदारों को इलेक्ट्रॉनिक मशीन वितरित की गई। लेकिन कोटेदारों को दी गई यह मशीन अब कोटेदारों के साथ साथ कार्डधारकों के लिए भी मुसीबत बनी हुई है। नई मशीनों में सर्वर दिक्कत होने के कारण कार्ड धारक सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते हैं और राशन न मिलने से मायूस होकर घर वापस आ जाते हैं। कई कार्ड धारकों ने बताया की नई मशीनों में सर्वर ना होने की वजह से सुबह से शाम तक लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है होली का पर्व नजदीक है। हम लोग मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन गुजारते हैं। पहले सब कुछ सही था। समय से राशन मिल जाता था। इतना समय खराब नहीं करना पड़ता था। अब सुबह से शाम हो जाती है उसके बाद भी राशन नहीं मिल पाता है।

कार्ड धारक प्रदीप कुमार निवासी बांकेगंज ने बताया कि पिछले तीन दिनों से बराबर राशन लेने के लिए आ रहे हैं लेकिन राशन फिर भी नहीं मिल पा रहा है। जब हम लोग कोटेदार से पूछते हैं कि राशन क्यों नहीं मिल पा रहा है तो कोटेदार यह बताते हैं की नई मशीन हैं सर्वर खराब होने की वजह से मशीन में अंगूठा नहीं लग पा रहा है। इससे पहले सब सही था मशीन भी सही चलती थी राशन भी पूरी मात्रा में दिया जाता था आज भी हम अपना पूरा राशन अपने कोटेदार द्वारा प्राप्त कर रहे हैं। वही कोटेदार सर्वेश कुमार ने बताया की नई मशीन हैं इसलिए सर्वर में गड़बड़ी है सर्वर ना होने के कारण इतना समय लग रहा है। 1 दिन में 30 से 40 कार्ड का ही राशन वितरित हो पता है।

# आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों के चलते लगी लगी आग, घर का सारा समान जल कर राख हो गया। सूचना पाकर अग्नि शमन की गाड़ी ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम के समय मितौली थाना क्षेत्र के गांव बबौना में अज्ञात कारणों के चलते शरीफ पुत्र अजीमुल्ला के घर उस समय अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई जब सभी लोग घर से बाहर काम करने के लिए गए हुए थे। बताया जाता है घर में केवल उनकी बेटी ही थी। न जाने घर मे कैसे आग लगी , देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया और घर में रखे साइकिल, ठेलिया तथा बक्से में रखे जरूरी कागजात परिवार के सभी आधार, बैंक पास बुक, पायल, कुछ आभूषण समेत घर का सारा समान देखते ही देखते जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की किंतु आग की लपटें आसमान छू रहीं थी। तभी ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी राजू राव तथा अग्नि शमन कर्मचारी मौके पर पहुंच कर आग पर किसी तरह काबू पाया।शरीफ मेहनत मजदूरी तथा ठेलिया चलाकर किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

शरीफ के पास एक कमरा समेत पूरा घर कच्चा तथा फूस का बना हुआ था जो पूरी तरह जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी मितौली राजू राव को जरिए दूरभाष सूचना देने के बाद कोतवाली स्तर पर अग्नि शमन गाड़ी होने के चलते सूचना के बाद मात्र दस मिनट में पहूंची अग्निशमन गाड़ी ने साथ ही पुलिस के जवानों ने ग्रामीणों के साथ भारी मशक्कत कर आग में काबू पाया।

### शार्ट सर्किट के चलते रेडीमेड की दुकान में लगी आग



**मैंगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैगलगंज खीरी के मेन मार्केट में बीती रात बिजली के शार्ट सर्किट के चलते रेडीमेड के थोक विक्रेता प्रदीप हौजरी की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकरी के मुताबिक आग उस समय लगी जब दुकान के सभी कर्मचारी और दुकान के मालिक प्रदीप शुक्ला रात में करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। कुछ समय बाद कुछ अन्य लोग उसी रात जो रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्हें कही कुछ जलने की बू आई तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दुकान मालिक को दी। दुकान मालिक प्रदीप शुक्ला को जब यह खबर मिली तो वो तुरन्त ही घर से दुकान आये और दुकान में लगी आग को कुछ अन्य लोगो की मदद से पानी डालकर बुझाने लगे। होली के त्यौहार को देखते हुए इस समय आग का लग जाना व्यापारी प्रदीप शुक्ला के लिए बहुत ही दु:खद घटना के समान है। व्यापारी पूरी तरह से इस घटना से बहुत मायूस और सहमा हुआ है। बिजली के शार्ट सर्किट के चलते लगी आग की इस घटना से व्यापारी की दुकान का लाखों का कपड़ा और फर्नीचर जलकर राख हो गया।

# शतचंडी महायज्ञ व ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**बेहजम खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के लखनियापुर गांव में विगत वर्षों की भांति श्री शतचंडी महायज्ञ एवं ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़ी श्रद्धा भाव से किया जा रहा है इस धार्मिक अनुष्ठान में दिन की बेला में भगवान विश्वनाथ की नगरी से पधारे स्वामी सुधीर चंद्र जी महाराज के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म की पावन कथाओं के साथ साथ भगवान शिव शंकर की पावन कथाएं श्रवण करायी जा रही है। वहीं रात्रि में मथुरा वृन्दावन के कलाकारों द्वारा रास लीला दिखाई जाती है। इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक राजकिशोर पंडित अवधेश पाण्डेय नवनीत मिश्र एवं ग्राम प्रधान राम बेटी एवं प्रधान प्रतिनिधि सुनील पाण्डेय अन्य समस्त जन सहयोग से बड़ी श्रद्धा भाव से सम्पन्न हो रहा है।

कार्यक्रम का समापन 22 मार्च दिन शुक्रवार को यज्ञ की पूर्णाहुति हवन पूजन एवं कन्या भोज भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र से सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर भगवद्भक्ति संकीर्तन करते हैं।

# यज्ञ एवं संत सम्मेलन आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड मितौली ग्राम पंचायत दतेली कलां में ब्रह्मदेव के स्थान पर सप्तम श्री रुद्र महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ 15 मार्च कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ था पांचवें दिन विराट संत सम्मेलन में पंकज महारथी ने महाभारत का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। जहां पर धर्म है वहां पर भगवान है। महाभारत का चित्रण प्रस्तुत करते हुए पंकज महारथी श्रोताओं को बताते हैं। महाभारत में एक से एक वीर थे जिसमें द्रोणाचार्य कृपाचार्य भीष्म पितामह अश्वत्थामा आदि वीरों का दुर्योधन से परिचय कहते हैं सेवा में एक से एक वीर है लेकिन अर्जुन के जैसा कोई वीर नहीं अर्जुन मेरा शिष्य है अर्जुन में वो क्षमता है जो एक ही बाण से पल झपकते ही दोनों दलों को समाप्त कर सकता है इसलिए है दुर्योधन तुम अभी धर्म का साथ दो और धर्म को छोड़कर के धर्म मार्ग अपना लो क्योंकि अर्जुन के साथ में धर्म आए और जहां पर धर्म है वहां पर भगवान है। कथावाचक साध्वी कीर्ति नेग की महिमा का वर्णन करते हुए प्रथम दिन बताया। गुरु और ईश्वर की निंदा कभी नहीं करनी चाहिए गुरु जैसा भी है उसका सम्मान करना चाहिए बाबा गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहां है हरिहर निंदा सुनहिं जे काना, पाप लगाए गौ घात समान, हरी और गुरु की निंदा करने वाले को गौ हत्या के समान पाप लगता है।

कार्यक्रम में 15 मार्च से लेकर 21 मार्च तक साध्वी कीर्ति जी कथावाचक रामायानुजाचार्य जी 17 से 18 मार्च तक, कथावाचक पंकज महारथी जी 18 से 21 मार्च तक, महेंद्र आचार्य, पंडित बृजेश शुक्ला, महाराज पंडित श्री राम तिवारी, महाराज पंडित पुरुषोत्तम कृष्ण गोस्वामी, महाराज पंडित श्रवण बाजपेई, पंडित मुकेश महारथी आदि कथा वाचकों द्वारा मार्मिक सजीव चित्रण प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजक मंडल में अनुराग दीक्षित, ग्राम प्रधान पदुम प्रकाश शैलेंद्र दीक्षित शैलेश दीक्षित, चक्रपाणि दीक्षित,सेवक राम मिश्रा,अवधेश मिश्रा प्रमोद,पुजारी रामपाल त्रिवेदी सहित काफी संख्या में श्रोतागण भगवत कथा का आनंद लिया।

# 20 मई को एक ही काम, सबसे पहले करें मतदान का दिया संदेश

- नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक
- लोकतंत्र का सम्मान करें, सभी मतदान करें : मुख्य विकास अधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में आज 20 मार्च 2024 को शहर के धनोखर चौराहे पर मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की उपस्थिति में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और जनपदवासियों को ÷20 मई को एक ही काम, सबसे पहले करे मतदान÷ का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस तरह के नुक्कड़ नाटक जनपद की सभी तहसीलों ब्लॉकों पर भी आयोजित करके अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा की संविधान में सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रदान किया है। अपने वोट से मनपसंद जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र का सम्मान करें सभी मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा इन गतिविधियों के लिए एक गूगल लिंक भी शेयर किया गया , जिससे जुड़कर जनपदवासियों ने इस प्रोग्राम को लाइव भी देखा।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरूकता विषयक नुक्कड़ नाटक समाप्त होने के पश्चात चौराहे पर उपस्थित जन समूह को मतदाता शपथ भी दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन हर तरह के प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत शहर के धनोखर चौराहे पर नेहरू युवा केंद्र के वैलेलिंटियर्स के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्री आशीष पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ,डिप्टी कलेक्टर सुश्री श्वेता मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में छठें दिन गोवर्द्धन लीला की कथा सुन भावविभोर हुए स्रोता

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नरौली गांव में चल रहे महापुराण श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिन था जो भगवान कृष्ण की गोवर्धन लीला पर केंद्रित था। कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री जी ने गोवर्धन पूजा और गोवर्धन लीला का मर्म बताते हुए कहा-

घर आये नाग न पूजिए, बांबी पूजन जाय। ब्रज में ऐसी मान्यता थी कि जहां लोग इन्द्र की पूजा नहीं करते वहां जलवृष्टि नहीं होती,इस लीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण एक रुढ़ि और अवधारणा को खारिज करके सामंतवादी और वर्चस्ववाद को चुनौती देते है। कर्म की प्रधानता का उल्लेख करते हुए शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कर्मण्येवाधिकारस्ते कथन के माध्यम से कर्म को ही इस जीवन का परम लक्ष्य बताते हुए सद्कर्म और दुष्कर्म की विवेचना की.. कर्मणा जायते जीव,कर्मनैव विलीयते। भावार्थ यह कि जीव कर्म से ही जन्म लेता है और कर्म से ही मुक्ति पाता है। भगवान श्रीकृष्ण को लीला पुरुषोत्तम और भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सारा विश्व मानता है। भगवान श्रीकृष्ण अपनी विविध लीलाओं के माध्यम से जीव-जगत को कर्म की शिक्षा प्रदान करते हैं।उनका ध्येय वाक्य है...

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।

अभ्युत्थानममधर्मस्य तदात्मानम सृजाम्यज्हम।।

आज की कथा में रामकिशोर मिश्र प्रधान बेहटा, अभिषेक मिश्रा राहुल,ब्रजेश मिश्रा, सुशील तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, नंदकुमार मिश्र, सचिन मिश्र,सूधीर मिश्र, संतोष तिवारी,पूर्व प्रमुख राजनारायण तिवारी, हरिशंकर मिश्रा आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से चकबंदी अधिकारी को मिला तहसील में कक्ष

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी बाराबंकी के प्रयासों के कारण सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय को तहसील भवन में कमरा मिल गया है।इस नए भवन में सहायक चकबंदी अधिकारी हर्ष कुमार सिंह के अलावा सभी कानूनगो व लेखपाल बैठेंगे। अभी तक चकबंदी कार्यालय हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट एक किराए के भवन में संचालित हो रहा था जहां पर बैठने की दिक्कत के साथ साथ अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित व्यवस्था नहीं थी।

सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया कि इस समस्या से डीएम,चकबंदी अधिकारियों के अलावा उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ और तहसीलदार से अवगत कराया गया था। जिसके बाद पिछले माह जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पत्र लिखकर कार्यालय को तहसील भवन में स्थापित करने के निर्देश दिए थे। तहसील भवन में चकबंदी कार्यालय के लिए कमरा मिल जाने पर किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह और उनके टीम के कई पदाधिकारियों व तहसीलबार अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने खुशी का इजहार किया है।

# एसडीएम ने कोतवाली में की पीस कमेटी की बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव, होली, रमजान पर्वों को लेकर कोतवाली बदोसराय परिसर में उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ने उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव, होली रमजान पर्वों को आपसी भाई चारा के साथ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाने की अपील किया।

पुलिस उपाधीक्षक रामनगर आलोक पाठक ने ग्राम प्रधानों सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा आपसी मतभेदों को भुलाकर गंगा जमुनी तहजीब में पर्व मनाये।थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव ने चिन्हित होली जलने वाले स्थानों पर होली इस वर्ष भी जलने में किसी गांव में कोई असुविधा तो नहीं है आदि विषयक जानकारी पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों से ली। थानाध्यक्ष ने लोक सभा चुनाव, होली रमजान पर्वों को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की बात कही गई।इस मौके पर अकरम अंसारी, शैलेन्द्र कुमार उर्फ मखन्चू, मजीद हासमी, दया शंकर शुक्ला, रविन्द्र अवस्थी, जयप्रकाश वर्मा केदारनाथ वर्मा, जयराम मौर्या शिवम तिवारी, बब्लू जमा, सतीश रावत जमशेद अली, ननकू यादव, राकेश बाबा मैकूलाल, दिग्विजय यादव, एसएसआई लालता प्रसाद, अरुण कुमार यादव सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व प्रदूषण से से गौरैया विलुप्त होने की कगार पर

**▸ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने विश्व गौरैया दिवस की दी बधाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विश्व गौरैया दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा-गौरैया की मधुर एवं मंद ध्वनि से अंतरात्मा के साथ आसपास के वातावरण भी असीम सकारात्मक से भर जाता है।

आइये, हम सब मिलकर प्रकृति के इस अनुपम सौगात को इस पवित्र धरा पर संरक्षित करने का संकल्प लें। विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य गौरैया पक्षी की लुप्त होती प्रजाति को बचाना है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, आधुनिक शहरीकरण व लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है।

एक वक्त था जब गौरैया की चीं चीं की आवाज से ही लोगों की नींद खुला करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह एक ऐसा पक्षी है जो मनुष्य के इर्द-गिर्द रहना पसंद करती है। गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी एक चेतावनी है कि प्रदूषण और रेडिएशन प्रकृति और मानव के ऊपर क्या प्रभाव डाल रहा है। तो इस ओर काम करने की जरूरत है।

# भाजपा इस बार मैनपुरी और रायबरेली में भगवा लहराने को बेताब

**▸ डिप्टी सीएम केशव मौर्य का दावा, अबकी ले लेंगे मैनपुरी-रायबरेली**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दो दशकों में यूपी ने कई सियासी बदलाव देखे हैं। कई सियासी किले दरके हैं। दलों और नेताओं के गढ़ों में सेंध लगी है लेकिन मुलायम की मैनपुरी और कांग्रेस की रायबरेली ऐसे हैं, जिनका तिलिस्म भाजपा नहीं तोड़ पाई है। भाजपा इस बार मुलायम की मैनपुरी और सोनिया की रायबरेली में भगवा लहराने को बेताब है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या तो अक्सर मंच से कहते हैं कि इस बार मैनपुरी और रायबरेली भी ले लेंगे। आजमगढ़ और रामपुर में उपचुनाव बदलाव का संकेत पहले ही दे चुके हैं। नए चेहरे पर दांव लगाने की तैयारी है। पार्टी की कोशिश सपा को 'एमवाई' समीकरण तक समेटने की है लेकिन यह बहुत आसान नहीं। मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव सहित बीते 10 चुनावों से लगातार इस सीट पर सपा काबिज है। उससे पहले यह सीट जनता दल के खाते में गई थी। जहां तक मुलायम सिंह यादव का सवाल है तो उन्होंने पांच बार लोकसभा में मैनपुरी का प्रतिनिधित्व किया था। उनके भतीजे धर्मेंद्र यादव, पोते तेजप्रताप और अब पुत्रवधु डिंपल यादव को मैनपुरी वाले सांसद बना चुके हैं। बलराम सिंह यादव ने पहला चुनाव कांग्रेस से जीता मगर समाजवादी पार्टी से भी वो दो बार यहां के सांसद रह चुके हैं।मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र यादव बाहुल्य होने के नाते मुलायम और सपा का मजबूत किला माना जाता है। 1984 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट से यादव सांसद ही जीतते रहे हैं। 1994 में बलराम सिंह यादव कांग्रेस के टिकट पर जीते। 1989 और 1991 में कवि उदय प्रताप ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

मुलायम सिंह 1996 में पहली बार इस सीट से सांसद चुने गए थे। 1998 और 1999 में हुए लोकसभा चुनावों में बलराम सिंह यादव सपा के टिकट पर जीते। 2004 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में धर्मेंद्र यादव मैनपुरी के सांसद बने। 2009 व 2014 में मुलायम सिंह सांसद रहे। फिर उपचुनाव में उनके पोते तेजप्रताप सांसद बने। 2019 में मुलायम फिर सांसद बने मगर उनके निधन से रिक्त सीट पर फिर उपचुनाव हुआ। तब उनकी पुत्रवधु डिंपल यादव ने भाजपा के रघुराज शाक्य को हराकर यह सीट जीत ली। अब डिंपल यादव फिर मैदान में हैं।

**सुल्तानपुर से प्रेम शुक्ला पर दांव लगा सकती है भाजपा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं वहां के वर्तमान सांसदों की धुकधुकी लगातार बढ़ती जा रही है। पहली सूची में जिन सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई वहां फेरबदल की प्रबल संभावना है। ऐसे में मौजूदा सांसद जहां अपना टिकट पक्का करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वहीं संभावित उम्मीदवार भी टिकट की चाह में लखनऊ से दिल्ली एक किये हुए हैं। यही हाल उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर लोकसभा सीट का है। सुल्तानपुर से पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी वर्तमान में सांसद हैं। मेनका इस बार केन्द्र में मंत्री भले ही नहीं बन पायीं लेकिन उन्होंने चुनाव जीतने के बाद सुल्तानपुर आना जाना बंद नहीं किया। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है मेनका गांधी को भाजपा पीलीभीत से चुनाव लड़ाने की फिराक में है। भाजपा पीलीभीत से सांसद वरूण गांधी का टिकट काट सकती है।

# सिपाही भर्ती केस : पांच आरोपियों की रिमांड मंजूर

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में पांच आरोपियों का रिमांड मंजूर हुआ है। अब एसटीएफ की टीम आरोपियों से पूछताछ करेगी। आरोपी पूछताछ में बड़े राज खोल सकते हैं। उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले पांच आरोपियों का कोर्ट ने रिमांड स्वीकार कर लिया है। अब एसटीएफ की टीम पांचों आरोपियों को लेकर अहमदाबाद जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में पेपर लीक किया गया था, वहां भी आरोपियों को लेकर छानबीन की जाएगी। एसटीएफ की मेरठ इकाई के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन पांच आरोपियों का रिमांड मिला है, उनमें टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी मिर्जापुर के शिवम गिरि, भदोही निवासी रोहित पांडेय, प्रयागराज निवासी अभिषेक शुक्ला, बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल और मोनू को 10 दिन के लिए रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट से पांच दिन का रिमांड स्वीकार किया गया है। बताया गया कि पांचों आरोपियों को गाड़ी से सुरक्षा में अहमदाबाद ले जाया जाएगा। किस तरह से पेपर लीक किया गया, इसका क्राइम सीन दोहराने के समय वीडियोग्राफी की जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में एक हजार के करीब अभ्यर्थियों को पेपर लीक कराया गया था, उसका भी निरीक्षण किया जाएगा। बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि कंकरखेड़ा थाने में दर्ज रिपोर्ट में जेल गए आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। आरोपियों का दूसरे राज्यों के लोगों से कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। माना जा रहा है कि आरोपी दूसरे राज्यों में भी पहले कई परीक्षाओं के पेपर लीक करा चुके हैं। एएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं ताकि उन्हें जल्द जमानत न मिल सके।

## साइबर जालसाजों ने साइट इंजिनियर के खाते से निकाले लाखों रुपए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने एक आईटीबीपी की निर्माणाधीन बाउन्ड्री वाल के साइट इंजीनियर के क्रेडिट कार्ड खाते से करीब तीन सप्ताह पहले तीन बार में लाखों रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में लिखित शिकायत करने के बाद बंथरा कोतवाली में तहरीर दी हैं। बंथरा इलाके में स्थित आईटीबीपी ईस्टर्न फ्रंटियर की निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे साइट इंजीनियर के पद पर तैनाद बृजमोहन वर्मा ने बताया कि बीती 27 फरवरी को उनके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 97090, 41200 और 41200 रुपये अचानक किसी ने ट्रांजैक्शन कर निकाल लिए।

# वोट के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर न हो अपील

**▸ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करें राजनैतिक दल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 16 मार्च से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू है जिसके अन्तर्गत राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को लागू हुयी आचार संहिता का पालन की अपेक्षा की गयी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जो भिन्न-भिन्न जातियों और समुदायों, चाहे वे धार्मिक या भाषायी हों, के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बिगाड़े या परस्पर घृणा उत्पन्न करे या उनके बीच तनाव उत्पन्न करे। कोई भी प्रत्याशी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी संबंधी आलोचना करने से बचेंगे।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कराया ईवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत् रा'य के प्रथम एवं द्वितीय चरण के चुनाव हेतु प्रस्तावित 16 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के 17 जनपदों सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, अमरोहा, हापुड़, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ एवं मथुरा में प्रथम रैन्डमाइजेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए गत दिवस सम्बन्धित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, ईवीएम प्रभारी तथा ईएमएस से सम्बन्धित तकनीकी टीम के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, ईवीएम प्रभारी तथा ईएमएस से सम्बन्धित तकनीकी टीम को प्रथम रैन्डमाइजेशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने तथा उसकी तैयारी से सम्बन्धित अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये।

## गंदे पानी की सप्लाई से अमीनाबाद के लोग परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमीनाबाद के नया गांव पूर्व में गंदे पानी की सप्लाई से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकल रहा है। एक मार्च से शिकायत की गई है लेकिन जलकल की तरफ से अभी तक इसको लेकर कुछ भी नहीं किया गया है। यहां रहने वाले स्थानीय निवासी मोहम्मद वसीम ने बताया, इलाके में गंदे पानी की सप्लाई को लेकर एक मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। करीब 20 दिन होने वाला है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। बताया कि 50 से ज्यादा घरों का यही हाल है। स्थिति यह है कि लोग अब पीने के लिए 20 लीटर वाला कंटेनर खरीद रहे हैं। हर महीने 2 से 3 हजार रुपए का अतिरिक्त खर्च आ रहा है। एक अन्य निवासी मयंक यादव ने बताया, आए दिन इसकी समस्या बढ़ जाती है। अगर कभी विभाग के लोग इसको ठीक करने जाते भी हैं तो आगे फिर से गंदा पानी आने लगता है। पूरे इलाके में यह समस्या है। नल खोलने के कुछ देर तक तो बहुत ही ज्यादा बदबूदार गंदा पानी आता है।

## विधानसभा के बाहर खड़ी मंत्री असीम अरुण की कार का चालान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में यूपी के मंत्री असीम अरुण की गाड़ी को ट्रैफिक विभाग ने उठा लिया। हालांकि, जुर्माना भरने के बाद छोड़ दिया गया। यूपी विधानसभा के बाहर खड़ी प्रदेश के मंत्री असीम अरुण की गाड़ी का चालान हो गया है। हालांकि, जुर्माना भरने के बाद गाड़ी छोड़ दी गई। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मंत्री की कार विधानसभा के बाहर खड़ी करने के बाद चालक अंदर साइन करने के लिए गया था तभी ट्रैफिक विभाग की क्रेन आई और गाड़ी को उठा लिया। उन्होंने कहा कि यहां पर कई और गड़ियां खड़ी रहती हैं पर उनका चालान नहीं किया जाता है। राज्य संपत्ति विभाग की गाड़ी होने पर पहले भी ऐसा किया जा चुका है। मामले में एस एचओ विक्रम सिंह ने जुर्माना भरा तो गाड़ी को छोड़ दिया गया।

## नवनियुक्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य से महासंघ ने की भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवनियुक्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण लखनऊ मण्डल लखनऊ 'डा0 जीपी गुप्ता' से चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ0प्र0 के सचिव सर्वेश पाटिल,जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा,उपाध्यक्ष रजत यादव,प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्यप्रकाश सहित कई पदाधिकारियो ने मिल कर बधाई एंव शुभकामनाएं दी। ए डी मण्डल द्वारा प्रदेश और मण्डल के वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महासंघ का सहयोग माँगा।

## यूपी में सपा, कांग्रेस ने बनाया 10 सदस्यीय समन्वय पैनल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी और काँग्रेस ने आपसी समन्वय में सुधार के लिए 10 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया है, जिसमें दोनों दलों के पाँच-पाँच सदस्य शामिल हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, समन्वय राज्य स्तर से शुरू होकर बूथ स्तर तक बढ़ाया जाएगा। जिला स्तर पर और राज्य के 80 लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक पर एक समन्वय समिति होगी। जिला और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र समिति में दोनों दलों से एक-एक नेता होंगे। उत्तर प्रदेश काँग्रेस के प्रवक्ता सी.पी. राय ने कहा, इसके अलावा, दोनों पार्टियाँ अपने-अपने राज्य मुख्यालयों में एक-दूसरे के वॉर रूम में दो-दो सदस्यों को तैनात करेंगी। यह समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और काँग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दोनों पार्टियों के बीच राज्य स्तरीय समन्वय की प्रक्रिया शुरू करने के एक सप्ताह बाद आया है।

# होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22.03.24 से 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरू, शनि सोम, बुध | 21.03.24 से 27.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरू | 22.03.24 से 28.03.24 | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 09062 | बरौनी | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरूवार | 21.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 21 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | सोम, गुरू, शनि | 21.03.24 से 30.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | मंगल, शुक्र, रवि | 22.03.24 से 31.03.24 | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता,, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 20.03.24 एवं 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | गुरूवार | 19.03.24 एवं 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 04022 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:55 | मुजफ्फरपुर | 21:30 | गुरूवार | 21.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04021 | मुजफ्फरपुर | 23:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर जं. | 21:00 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | |
| 01083 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04536 | अम्बाला कैंट | 00:45 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04540 | अम्बाला कैंट | 20:25 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 21.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04534 | सरहिन्द | 13:00 | जयनगर | 19:45 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कर्नलगंज : खुलेआम आचार संहिता की उड़ाई जा रही धज्जियां

- सीएम, डिप्टी सीएम और बीजेपी नेताओं के फोटो लगे होर्डिंग और सरकारी कार्यालयों में लगी तस्वीरें चर्चा में
- प्रशासन मूकदर्शक, नहीं कर रहा कोई कार्रवाई









**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

लोक सभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगे हुए भले ही पांच दिन बीतने को हैं,लेकिन कर्नलगंज क्षेत्र में खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहाँ सीएम,डिप्टी सीएम और बीजेपी नेताओं के फोटो लगे संकेतक बोर्ड और सरकारी कार्यालयों में लगी तस्वीरें चर्चा में हैं। वहीं जिम्मेदार प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

आपको बता दें कि कर्नलगंज क्षेत्र के विभिन्न चौराहों,सड़कों पर व सरकारी कार्यालयों में अभी भी सत्ता पक्ष के नेताओं के होर्डिंग,पोस्टर व तस्वीर लगे हुए हैं। इससे आचार संहिता का खुला उल्लंघन होता दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग के निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरे जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू की जा चुकी है,लेकिन नियमों और शासनादेश को ताक पर रखते हुए कर्नलगंज बस स्टैंड मुख्य चौराहे के पास नवाबगंज को जाने वाले रास्ते के समीप और सरकारी अस्पताल तिराहे के पास कर्नलगंज से बहराइच जाने वाले सड़क के बीचो-बीच लगे संकेतक बोर्ड पर अब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित सत्ता पक्ष के कई नेताओं के लगे होर्डिंग,पोस्टर आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इसी के साथ ही नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के कार्यालय/सभागार में भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित सत्ता पक्ष के बड़े नेताओं की तस्वीरें लगी हुई हैं। जबकि चुनाव आयोग द्वारा सभी सरकारी कार्यालयों,परिसरों से भी तस्वीरें हटाने के सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा होर्डिंग,पोस्टर को देखकर कहा जा रहा है कि जब सत्तासीन नेताओं की सरकार केंद्र और प्रदेश में है तो पुलिस और आदर्श आचार संहिता का डर कैसा? इससे जिम्मेदार आला अधिकारियों व पुलिस प्रशासन पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सत्ता पक्ष पर प्रशासन मेहरबान

खास बात यह है कि जो होर्डिंग्स और बैनर लगे हैं,वह सत्ता पक्ष के ही हैं। नियम के मुताबिक जब आचार संहिता लगती है तो दोनों पक्ष के लिए एक ही नियम लागू होते हैं,लेकिन जिले में प्रशासन सत्ता पक्ष पर मेहरबान है। जब पिछले माह अवैध होर्डिंग और बैनर हटाने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम ने कार्रवाई की थी तो उस समय भी सत्ता पक्ष से जुड़े कई लोगों,नेताओं की होर्डिंग नही हटाई गई थीं और पक्षपात के आरोप लगे थे।

# दबंगों ने युवक को दी तालिबानी सजा

- पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा, दो गिरफ्तार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के इटिया थोक थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा युवक को पेड़ से बांधकर तालिबानी सजा दी गई। पीड़ित युवक का आरोप है कि उसे पेड़ से बांधकर कड़ी यातना दी गई। वहीं कुछ लोग मोबाइल से वीडियो व तस्वीर भी बनाते रहे, लेकिन कोई बचाने नहीं आया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के मुताबिक मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के गांव सेखुई से जुड़ा है। यहां के रहने वाले अनिल कुमार पुत्र खेमराज का गांव के ही कुछ लोगों के साथ पुराना विवाद है। आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के राम केवल, अखिलेश, दुर्गेश, रामविलास, रज्जन आदि ने अनिल को तालिबानी सजा देने की ठान ली। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह जब अनिल नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गया था तभी आरोपियों ने मिलकर अनिल को आम के पेंड़ में रस्सी से बांधकर उसे घोर यातनाएं देने के साथ लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य की तलाश जारी है।

# जिला पूर्ति कार्यालय घटतौलियों से अनभिज्ञ नहीं

- खाले झंझरी गोंडा और गुड्डू माल चौराहे के पास का है पूरा मामला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



कोटेदारों द्वारा कार्डधारकों के राशन में पूरे कार्ड पर 2 किलो तक कटौती किए जाने की बात तो आम जनता एवं पूर्ति विभाग के लिए कोई चौंकाने वाली बात ही नहीं है। जहां एक - दो किलो राशन कटवाने की जनता आदी हो गयी है तो वहीं विभागीय अधिकारी भी इसे गलत नहीं मानते हैं। इसलिए तो कार्रवाई के नाम पर मात्र खानापूर्ति की जाती है। सरकार ने इस समस्या के समाधान हेतु ई-पाश मशीन चालू किया अभी शहर में ही इसका प्रयोग शुरू हुआ है। इस मशीन में जब-तक सही वज़न का अनाज नहीं दिया जायेगा। तब तक अनाज खारिज नहीं होगा और पर्ची नहीं निकलेगी।

पन्द्रह तारीख से वितरण शुरू हुआ और पाया गया कि कोटेदार पूरा अनाज तौलकर पर्ची निकाल कर फिर उसमें से 1-2 किलो युनिट के हिसाब से निकाल ले रहे हैं। मामला शहर के गुड्डूमल चौराहे पर माडलशाप के पीछे स्थित कोटेदार आदिल जावेद के यहां का है। यहां कोटेदार द्वारा कार्डधारकों से पैसा लिए जाने एवं उनके राशन में से दो किलो निकाल लेने की बात कोटेदार द्वारा कही जाती दिखाई दे रही है। इसके अतिरिक्त खाले झंझरी क्षेत्र का एक वीडियो पाया गया जिसमें कम्प्यूटर कांटे पर राशन की जगह बांट तौलते देखा गया। बताया जाता है जितना राशन कार्ड धारकों को देना रहता है उतने किलो का बांट तौल कर अंगूठा लगाकर राशन खारिज कर लिया जाता है और उसके बाद दूसरे तराजू में तौल कर कम राशन कार्ड धारकों को दिया जाता है। इधर कार्ड धारक ई-पाश मशीन के काम न करने से दौड़ दौड़ कर इतना परेशान हैं कि वे कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। उनके लिए जितना भी राशन मिल जाए वही ठीक है। क्योंकि फ्री जो मिल रहा है। कई उपभोक्ता तो 3-4 दिन से दौड़ रहे हैं और मशीन न चलने की बात सुनकर निराश लौट रहे हैं। प्रकरण पर जब जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वीडियो भेजिए। सख्त कार्रवाई की जायेगी। संवाददाता ने वीडियो डीएसओ को तत्काल भेज दिया है।

# अभ्यर्थी आनलाइन माध्यम से कर सकते हैं नामांकन



***गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने आनलाइन पद्धति से नामांकन करने के अलग सुविधा प्रदान की है। ऐसे उम्मीदवार जो आनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं, वे https://suvidha.eci.gov.in/login लिंक के माध्यम से नामांकन पत्र की प्रविष्टि कर सकते हैं एवं उसक प्रिन्ट निकालकर प्ररूप-1 में रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसी प्रकार शपथपत्र भी उपरोक्त लिंक के माध्यम से आनलाइन भर सकते है एवं प्रिन्ट आउट को नोटराइजेशन के पश्चात रिटर्निंग आफिसर के समक्ष दाखिल कर सकते है। आनलाइन पद्धति से नामांकन भरने के उपरान्त जमानत धनराशि को भी आनलाइन जमा करने का प्राविधान किया गया है। इस हेतु नामांकन पत्र सफलतापूर्वक सबमिट करने के पश्चात जमानत धनराशि जमा करने हेतु विकल्प पे लिंक दर्शित होगा, जिस पर क्लिक करते हुए आनलाइन पेमेन्ट किया जा सकता है। अभ्यर्थी ऐप पर पढ़ें अतिरिक्त पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अन्तर्गत नकद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा कर सकते हैं।

### बूथों पर मौजूद रहें सभी न्यूनतम सुविधाएं : डीएम

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने विधानसभा मनकापुर के अंतर्गत आने वाले कई मतदान केदो का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय कहोबा, प्राथमिक विद्यालय सोहास, जूनियर हाई स्कूल महेवा गोपाल, प्राथमिक विद्यालय वीरेपुर पूर्वी भाग, प्राथमिक विद्यालय वीरेपुर पश्चिमी भाग तथा प्राथमिक विद्यालय जोगापुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बूथों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई, छाया व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उनके द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से भी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मनकापुर सत्यपाल सिंह, नायब तहसीलदार मनकापुर संबंधित बीएलओ सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अराजकता फैलाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर प्रशासन सतर्क है। उन्होंने संभ्रांत लोगों से कहा कि वह लोकसभा चुनाव में सभी लोग शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अफवाह को लेकर सावधान रहें। ग्रामीणों से कहा कि शांतिपूर्ण मतदान प्रशासन के साथ ही आपकी भी जिम्मेदारी हैं। इसलिए सहयोग करें और किसी भी गड़बड़ी की जानकारी हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराए। आपका नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। अराजकता फैलाने की कोशिश करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

# ईओ-चेयरमैन प्रतिनिधि सहित अन्य के उत्पीड़न से निजात दिलाने की गुहार

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



- पीड़ित ने कहा कि यदि उसके व परिवार के साथ कोई घटना घटित हुई तो ईओ, चेयरमैन प्रतिनिधि सहित अन्य लोग होंगे जिम्मेदार

कर्नलगंज नगर पालिका परिषद में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व उससे संबंधित की गई शिकायत की जांच शुरू होने से फर्जीवाड़े का खुलासा होने व अपनी गर्दन फंसने के भय से जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा षड्यंत्र रचकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से बनावटी आरोपों के तहत शिकायत कर्ता को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवाने की साजिश रचे जाने से त्रस्त होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

मामला नगर पालिका परिषद करनैलगंज क्षेत्र से जुड़ा है। यहाँ के मोहल्ला बालूगंज निवासी पीड़ित शिव शंकर भट्ट ने मुख्यमंत्री, डीएम,एसपी व एसडीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भेजे गये पत्र में अवगत कराया है कि उसने व उसके पिता ने नगर पालिका परिषद करनैलगंज मे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ़ शिकायत की थी,जिस पर ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी आशीष सिंह, शिवकुमार आदि ने उसके साथ अभद्रता की व धनुषधारी सिंह के द्वारा कहा गया कि मेरे पास बहुत से हथकंडे है किसी जमादार से मुकदमा लिखवा दूंगा। साथ ही जान से मरवा देने की भी धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पूर्व में मेरे द्वारा उच्चाधिकारियों से व आईजीआरएस के माध्यम से की गई। जिसका प्रकाशन अखबारों में भी हुआ। उसके पिता की शिकायत पर आयुक्त महोदय व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा एक जांच एसडीएम व एंटी फ्राड सेल को सौंपी गई। जिसमें दिनांक 18 मार्च सोमवार को जब चौकी पर जब गया तो पता चला की एक सम्मन एंटी फ्राड सेल से आया है,जिसमें नगर पालिका परिषद के ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी फारूक, रहमान का नाम है। इससे खफा होकर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल, ईओ धनुष धारी सिंह व उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा उसका भविष्य खराब करने के लिए व जो भ्रष्टाचार उक्त लोगों ने किया है उसको छुपाने के लिए सफ़ाई कर्मियों के द्वारा स्थानीय चौकी/थाना में फर्जी प्रार्थना पत्र दिलाया गया है। उन्होंने उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित ने यह भी कहा है कि यदि उसके परिवार के साथ कोई घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार चेयरमैन प्रतिनिधि राम जी लाल, उनके पुत्र अनोखे लाल, ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी आशीष सिंह, शिवकुमार, फारूक, रहमान आदि उपरोक्त लोग होंगे।

# प्राथमिक विद्यालय बड़नापुर में शुरू हुई परीक्षा

- प्रभारी सहित तीन रहे अनुपस्थित

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




बेसिक शिक्षा परिषद की संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के तहत सभी परिषदीय,मान्यता प्राप्त विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से शुरू की गई। विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बड़नापुर में भी परीक्षाएं काफी अव्यवस्था में शुरू हुई। परीक्षा के पहले ही दिन इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रश्मि मिश्र सहित स शिक्षिका गुप्ता निखत, व शिक्षामित्र संगीता मौर्य अनुपस्थित रही।उपस्थित सहायक शिक्षक गिरीश कुमार शुक्ल व शिक्षामित्र गीता देवी ने कड़ी मेहनत के बाद बच्चों को परीक्षा के लिए बिठा सके। दो अध्यापकों को चार कक्षाओं की परीक्षा करनी पड़ी। सहायक अध्यापक गिरीश कुमार शुक्ल से अनुपस्थित शिक्षको के बारे में पूछने पर आग बबूला हो गए।इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि अभी मीटिंग में है, जांच कराई जाएगी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि रश्मि मिश्र मेडिकल पर है, अभी क्षेत्र में हूं, बीआरसी पहुंचकर शेष लोगों के अवकाश की स्थिति देखते है यदि बिना अवकाश के मिले तो,नो वर्क नो पे, स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# चोरों के हौसले बुलंद, दरवाजा तोड़कर लाखों की चोरी

- बेटे की शादी के लिए कर्ज लेकर रखा रुपया भी हुआ साफ
- विशेश्वरगंज पुलिस पर खड़ा हो रहा सवालिया निशान



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पुरैना के मजरा राजापुरवा में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर लाखों के समान और नगदी पर हाथ साफ कर लिया।ज्ञातव्य हो अभी कुछ दिनों पूर्व पुरैना बाजार में ही अज्ञात चोरों द्वारा दो ज्वैलर्स की दुकानों का शटर तोड़कर लाखों की नकदी व आभूषणों से हाथ साफ किया था। जिसमे अभी तक पुलिस के हाथ खाली है।चोरी की इस घटना से पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे है। पीड़ित मनीराम ने बताया कि लड़के की शादी के लिए उसने डेढ़ लाख रुपए उधार लिया था, तथा शादी के लिए बनवाए गए गहने भी घर में रखे थे,जिसे चोर उठा ले गए।सुबह जानकारी होने पर पीआरवी पुलिस को सूचना दी गई। खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई तहरीर नहीं दिया गया था।

# बाघ के हमले से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

- जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सुजौली थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का बाघ ने हमला कर निवाला बना लिया। उसका क्षत विक्षत शव जंगल के निकट मिला है। पुलिस ने खोपड़ी और धड़ एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जिले के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के सुजौली ग्राम पंचायत के मजरा नौसर कोठी गांव निवासी जुगल (27) पुत्र नरेश तीन दिन पूर्व घर से खेत के लिए निकला था, लेकिन वापस वह घर नहीं पहुंचा। परिवार के लोग युवक की तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह 11:00 गांव निवासी राम आधार के खेत से 100 मीटर दूर जंगल के निकट जुगल का क्षत विक्षत शव मिला। मौके पर खोपड़ी और पैर के कुछ अंग ही मिले। जबकि अन्य शरीर को बाघ खा चुका था। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता ने पुलिस के साथ वन विभाग को दी।प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारी भी पहुंचे। वन कर्मियों ने बाघ के हमले में मौत की बात कही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सिर्फ खोपड़ी और कमर के नीचे का कुछ हिस्सा मिली है। कपड़े से परिवार के लोगों ने पहचान की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएफओ बी शिव कुमार ने बताया कि मौत हुई है। परिवार के लोगों को आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

# केडीसी में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

- एसपी ने महिलाओं को चुप रहकर प्रताड़ना सहने की बजाय आवाज उठाने के प्रति किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




बुधवार को किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एसपी ने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों तथा कार्यक्रम में आयी सभी महिलाओं को धन्यवाद दिया। तत्पश्चात एसपी ने महिला जागरूकता को लेकर समाज में प्रचलित कुरीतियों तथा उनकी वजह से महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, प्रताड़ना, शोषण तथा उत्पीड़न जैसे अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए नारी स्वावलंबन, सशक्तिकरण,नारी सम्मान और सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। इसके साथ ही एसपी ने किसी भी महिला के साथ होने वाले अपराध पर चुप रहकर प्रताड़ना सहने की बजाय उन्हे आवाज उठाने के प्रति जागरूक किया। किसी महिला या बच्ची के साथ छेड़खानी, पीछा करने, टिप्पणी करने, मोबाइल पर कॉल करके या सोशल मीडिया पर परेशान करने तथा किसी के द्वारा ब्लैकमेल करने जैसे प्रकरणों को बिल्कुल भी न छिपाएं ऐसे में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करा के अभियुक्त को जेल भिजवायें ।

# घाघरा नदी के कछार में स्थित मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया भ्रमण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील कैसरगंज के सर्वाधिक दुरूह मतदान केन्द्रों गोड़हिया नं. 3 के मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय नई आबादी गजराज सिंहपुरवा व कम्पोजिट विद्यालय लखनपुरवा तथा गोड़हिया नं. 2 का मतदान केन्द्र संविलियन विद्यालय मंगल मेला का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के समय मौजूद लोगों को डीएम ने मतदाता शपथ दिलायी। डीएम ने मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान दिव्यांग मतदाता सुमित्रा, युवा मतदाता रेनू तथा वृद्ध महिलाओं एवं पुरूष मतदाताओं से अपील की कि आप लोग ग्रामवासियों को प्रेरित करें कि वे अनिवार्य रूप से मतदान अवश्य करें। डीएम ने ग्रामवासियों से कहा कि मतदान के दिन निर्भय होकर वोट देने ज़रूर जाएं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान विगत निर्वाचन में कम मतदान के कारणों की जानकारी करने पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि यहां के कुछ मतदाता घाघरा नदी के उस पार आबाद हैं जिस कारण उन्हें आने में कठिनाई होती है। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पाण्डेय को निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व नाव की व्यवस्था करा दें ताकि लोगों को आसानी हो। उन्होंने ग्रामवासियों का आहवान किया कि इस बार 60 प्रतिशत पार के लक्ष्य के साथ मतदान अवश्य करें।

# आंगनबाड़ी में सुपोषित हो रहा बचपन

- खेल खिलौनों से दे रहीं भविष्य को आकार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





बचपन को कैसे गढ़ा जाता है यह देखना है तो रसूलपुर सरैयाँ आइए। जनपद मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर बना यहाँ का आंगनबाड़ी केंद्र किसी प्ले स्कूल से कम नहीं है। खास बात यह है कि यहां आने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब व श्रमिक परिवारों से आते हैं जहां सेहत, शिक्षा और स्वच्छता के मानक दूसरों की अपेक्षा कमतर होते हैं। लेकिन केंद्र की आंगनबाड़ी प्रतिमा के प्रयास से न सिर्फ यहां के नौनिहालों की सेहत दुरुस्त है बल्कि उनके शिक्षा व आचरण में भी बदलाव दिखाई देता है। यहां तोतली भाषा में गुड मॉर्निंग और गुड डे कहते हुए बचपन को देखा जा सकता है।

क्या कहते हैं ग्रामीण

रसूलपुर सरैयाँ निवासी महेश पेशे से मजदूरी करते हैं। महेश बताते हैं कि उनकी दो माह की बेटी निधि का वजन महज दो किलोग्राम था। आंगनबाड़ी प्रतिमा ने सबसे पहले माँ के खानपान में सुधार कराया, उन्हें घर के बने भोजन में हरी साग, सब्जी शामिल करने के साथ आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषाहार को प्रतिदिन सेवन करने के लिए कहा। उनके सुझाव से बेटी को टीकाकरण और छह माह तक सिर्फ स्तनपान कराया गया। इसके साथ ही उसे माँ के सीने से लगाकर केएमसी (कंगारू मदर केयर) दी गयी। एक माह बाद उसके वजन में एक किलोग्राम की वृद्धि हुई। छह माह की आयु पूरी होने के बाद निधि को स्तनपान के साथ-साथ घर में बनी हुई मिश्रित दाल, मसला हुआ आलू व आंगनबाड़ी में मिलने वाला पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टिफाइड राशन से निर्मित भोजन खिलाया गया। निधि आज 8 माह की है और स्वस्थ है।

आंगनबाड़ी दीदी हमेशा समझाती हैं कि बच्चे की सेहत सुधारने के लिए सबसे पहले माँ के खानपान में सुधार कराना चाहिए।

### आंगनबाड़ी पर मिलने वाली सुविधाएं

-अनुपूरक आहार
-टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच
-स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा
-3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को विद्यालय पूर्व शिक्षा

बच्चों और उनकी माताओं की व्यापक देखभाल सहायता के लिए जनपद में 3472 आंगनबाड़ी केन्द्रों संचालित किए जा रहे हैं। यहां 3 से 6 वर्ष के 233056 बच्चे और 39510 गर्भवती पंजीकृत हैं। शुरुआती देखभाल, सुरक्षित वातावरण, पोषण संबंधी सहायता व समग्र विकास गतिविधियों के संचालन से इस वित्तीय वर्ष में 21666 बच्चे कुपोषण के चक्र से बाहर आ चुके हैं।

**राज कपूर**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**

# फोन से बौखलाए प्रभारी ने पीड़ित की नहीं दर्ज की शिकायत

- पीड़ित ने तहरीर बदलने का लगाया आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बगहियां गांव में बीते मंगलवार की सुबह बिवादित भूमि पर मडहा चढाने के दौरान रोकने गए तेज बहादुर पुत्र सियाराम को दबंगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर बायां हाथ तोड़ कर लहुलूहान कर दिया। जबकि सोमवार शाम को स्थानीय थाने पर सम्भान्त लोगों के समक्ष हुआ था सुलह समझौता के आधार पर मामला पुलिस ने बिवादित भूमि पर कोई भी नया कार्य न करने की उभय पक्षों को हिदायत दी गई थी,उक्त मामले के सूचना के क्रम में पीड़ित तेज बहादुर द्वारा सम्बंधित थाने के कई जिम्मेदारों को दूरभाष नंबर सूचना देना चाहा परन्तु किसी ने फोन तक नहीं उठाया जहां पुनः किसी प्रकार से पीड़ित तेज बहादुर स्थानीय थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देना चाहा तो प्रार्थना पत्र दोपहर एक बजे तक थाने के प्रभारी द्वारा रिसीव तक नहीं किया।

उक्त प्रकरण सूचना धीरे धीरे वहां पर मौजूद आमजन के माध्यम से चर्चा का विषय बन चूंकि घटना की भनक पत्रकारों को भी लगी मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी रुपेश कुमार गौड़ के दूरभाष नंबर फोन किए परन्तु फोन रिसीव नहीं हो सका जिसके उपरांत एसपी कार्यालय एवं डीएम कार्यालय के पीआरओ से बात करके मामले से अवगत कराया गया हालांकि मामले को संज्ञान में लेकर दोनों कार्यालयों के पीआरओ ने सम्बंधित थाने के प्रभारी राजनाथ सिंह को दूरभाष नंबर पर मामले की जानकारी दी।जिसके उपरांत थाना प्रभारी आगबबूला हो गए और पीड़ित पक्ष को ही अपने चेम्बर में बुलाकर काफी डराने और धमकाने का प्रयास किया। उक्त मामले से पुनः पत्रकारों को अवगत कराया जिसपर किसी प्रकार चोरी चुपके पीड़ित ने पत्रकारों से मुलाक़ात करके हकीकत को कैमरे से बयां की कैमरे में कैद हकीकत को जिला स्तरीय डीएम एवं एसपी कार्यालय के पीआरओ को पत्रकारों ने पहुंचाकर पीड़ित को न्याय दिलाने की अपील की। जिसपर थाना प्रभारी से बातचीत के उपरान्त जिलाधिकारी के पीआरओ ने पत्रकारों के माध्यम से पीड़ित को थाने पर भेजने एवं तुरन्त मुकदमा दर्ज करके विविध कार्यवाही किए जाने की बात से पुजिंत कराया। जहां पुनः पीड़ित थाने पहुंचा जहां देर शाम तलक पीड़ित को थाने पर बैठाए रखा एवं पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर अभियोग न दर्ज करके थानाप्रभारी ने पीड़ित की तहरीर को बदलवाने एवं मामूली धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराने का प्रयास किया। उक्त मामले से छुब्ध पीड़ित ने अपने हस्ताक्षर बनाने से मना किया तो प्रभारी राजनाथ सिंह ने गाली देकर थाने भगा दिया। इस प्रकार समाचार लिखे जाने तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका।

# परिषदीय परीक्षा में लापरवाही

# पहले दिन के ही पेपर में कई प्रश्न गलत

▸ एक ही कक्षा में दो तरह के प्रश्नपत्र देख गुरुजनों का चकराया सिर, परीक्षार्थी परेशान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाओं में कोई रुचि नहीं है। यह हम नही बल्कि आज से शुरू हुई परीक्षा में साफ देखने को मिल रहा है। परीक्षा को दरकिनार कर जहां कई ब्लॉकों में बीआरसी पर शिक्षक प्रशिक्षण कर रहे हैं। वही आपधापी में प्रश्नपत्र ही गलत कर दिया गया तो कुछ में प्रश्नों को देख शिक्षकों तक का सिर चकराने लगा।

वार्षिक परीक्षाओं के पहले दिन गणित विषय के पेपर में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कक्षा चार की परीक्षा के लिए दो प्रश्न पत्र विद्यालय में भेज दिए गए हैं। कक्षा चार का एक प्रश्न पत्र पूर्णांक 50 और समय 2 घंटे तो वहीं इसी कक्षा के दूसरे प्रश्न पत्र में पूर्णांक 35 और समय ढाई घंटे कर दिया गया है। गणित विषय का प्रश्न पत्र देखकर शिक्षकों का दिमाग चकराया। वही बच्चे भी नहीं तय कर सके कि परीक्षा ढाई घंटे की है या दो घंटे की और पूर्णांक 50 का है या 35 का है। वार्षिक परीक्षा के पहले दिन ही पहले प्रश्न पत्र में विभागीय अधिकारियों द्वारा यह लापरवाही इस बात का द्योतक है कि शिक्षा और परीक्षा के लिए विभाग के अधिकारी कितने लापरवाह हैं। परीक्षा के दौरान स्कूल के शिक्षकों को बीआरसी पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है और विद्यालय में शिक्षकों के अभाव में बच्चों की परीक्षा हो रही है। ऐसा लगता है कि विभागीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और प्रशिक्षण का बजट पहली प्राथमिकता में है। बच्चों की शिक्षा और परीक्षा दूसरे नंबर पर है। वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र कक्षा 6 में भी गलती सामने आई है। समय ढाई घंटे के स्थान पर दो घंटे और प्रश्न संख्या एक के छठवें भाग में प्रश्न ही गलत लिखा है। इसको लेकर जिम्मेदार भी जवाब देने से मुंह चुराते नजर आए। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ पेपर गलत आ गए थे, जिन्हे बदलवा दिया गया है।



# बहुचर्चित हत्याकांड में सात को आजीवन कारावास

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



**2.59 लाख का जुर्माना**

रायबरेली में बहुचर्चित हत्याकांड व जानलेवा हमले के सभी आरोपियों को अदालत ने आजीवन कारावास व अर्थ दंड की सजा सुनाई है। वारदात हरचंदपुर थाना क्षेत्र के सलीमपुर गांव का है, जहां 14 मई 2019 को शिवा सिंह पुत्र रंजीत सिंह व उनके बड़े भाई गोपाल सिंह निवासी मझिगवां हरदोई अपने बेटे के मुंडन कार्यक्रम का सामान लेकर बाजार से लौट रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर धीरेंद्र सिंह, शिवराज सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सलीमपुर गांव के पास स्कॉर्पियो गाड़ी के आगे ट्रक खड़ा करके आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दोनों सगे भाइयों को स्कॉर्पियो से खींचकर उन पर लाठी डंडों व लोहे की राड से हमला कर दिया था।

जिसमें शिवा सिंह की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं बड़ा भाई गोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसमें मृतक के पिता रंजीत सिंह ने सात लोगों को नामजद करते हुए हत्या व हत्या के प्रयास का मुकदमा हरचंदपुर थाने में दर्ज कराया था। लंबी सुनवाई के बाद आज एडीजे सेकंड प्रभात कुमार यादव ने सभी सातों लोगों को हत्या व जानलेवा हमला करने के आरोप में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व दो लाख उनसठ हजार रूपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। सभी को हिरासत को लेकर जेल भेज दिया गया। शासकीय अधिवक्ता अवधेश कुमार पांडे न्यायालय ने सभी साथियों के आधार पर फैसला सुनाया है और सभी मामले में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

## खबरें एक नजर में

### सुबह दस से दोपहर दो बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में जर्जर एल टी केबल बदले जाने के कारण आज 21 तारीख दिन गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी यह जानकारी बछरावां विद्युत उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी ने दी है।

### बाइक ने मारी टक्कर महिला घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** हरदोई चौराहे पर स्थित बैंक के सामने एक अज्ञात बाइक ने हरदोई गांव से कोटे का राशन लेकर प्रसादी का पुरवा गांव जा रही मनोज कुमारी पत्नी रंजन लाल को बुधवार दोपहर टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर घटनास्थल से फरार हो गया। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया जानकारी होने पर करवाई की जाएगी।

### छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने पिता को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** स्कूल आते-जाते छींटाकशी का विरोध करने पर दबंग युवकों ने छात्राओं के पिता की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पिटाई से पिता घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी रामबहादुर पुत्र पुत्तूलाल द्वारा कोतवाली पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी पुत्रियां गांव से थोड़ी ही दूर स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ती हैं। गांव के ही दबंग युवक सचिन व शुभम स्कूल आते-जाते उसकी पुत्रियों के ऊपर बेजा छींटाकशी करते हैं। विरोध करने पर बुधवार को दोनों आरोपी युवकों ने उसकी लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। पिटाई से वह घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस से दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है।

### जंगल में मिला अज्ञात अधेड़ का क्षत-विक्षत शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में ग्राम डहन संपर्क मार्ग पर स्थित यूकेलिप्टस के घने जंगल में एक युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा होने की खबर फैलते ही पड़ोसी गांवों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर शव के संबंध में लोगों से पूंछताछ की। क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग से जिरिकपुर के मजरा डहन को गए प्रधानमंत्री संपर्क मार्ग के किनारे यूके लिप्टस का घना जंगल है। इसी जंगल के बीच झाड़ियों में ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। जंगल में शव पड़े होने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पुलिसबल के साथ मौके पर जा पहुंचे और पड़ोसी गांवों के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की। क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से घटना के बाबत पूंछताछ की। पुलिस के अनुसार मृतक जींस पैंट और टी शर्ट पहने हुए है। उसकी उम्र करीब 45-50 साल की प्रतीत हो रही है। शव में कीड़े पड़ चुके हैं और जंगली जानवर शव का एक हाथ नोच ले गए हैं। शव करीब दो-तीन दिन पुराना और क्षत-विक्षत हो चुका है और शरीर पर कोई चोट आदि के निशान दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है और पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त कराने में जुटी है।

### दबंगों ने दम्पति व पुत्री को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली बांगरमऊ अंतर्गत ग्राम सिरधरपुर गैर एहतमाली निवासिनी महरुन पत्नी पच्चू द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते मंगलवार की रात गांव के ही दबंग मुनीश व मुख्तियार उसके दरवाजे पर आकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। यह देखकर उसका पति पच्चू और पुत्री रिहाना बचाने दौड़े। तब दबंगों ने पति और पुत्री की भी जमकर पिटाई की। पिटाई से पीड़िता और उसके पति तथा पुत्री तीनों घायल हो गए। पीड़िता ने पुलिस से दबंगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है।

### 32 बकायेदारों के कनेक्शन काट वसूला राजस्व

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मार्च माह को देखते हुये बिजली विभाग इन दिनों बड़े बकायेदारों के खिलाफअभियान चला रहा है। अभियान के दौरान कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये। जिससे त्योहार से पहले उनके घरों में अंधेरा छा गया। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर अवर अभियंता विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी, मीटर जेई मनोज मिश्रा ने बड़े बकायेदारों की सूची के अनुसार अभियान चलाया। जहां उनके नेतृत्व में बिजली कर्मियों की टीम ने शुक्लागंज नगर के कई मोहल्ले में पहुंची। जहां बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इसके साथ ही बिना बिजली का बिल जमा किये बगैर कनेक्शन जोड़ने पर कार्यवाही करने की बात कही। जिससे त्योहार से पहले उनके घरों में अंधेरा छा गया। जेई ने बताया कि अभियान के दौरान 32 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये। 8 लाख 35 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया।

### अंबिका स्कूल के किडजोन का घोषित हुआ परीक्षा फल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शुक्लागंज राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल ओरिएण्टेशन एवं कन्वोकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने बच्चों को उन्नति प्रमाण पत्र देकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डेफ्नी लेम्यूर ने इस शुभ अवसर पर बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की एवम् परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर किडजोन शिक्षिका के द्वारा आने वाले शैक्षिक सत्र के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया तथा सरकार की नई शिक्षा प्रणाली एन. ई. पी को पूर्ण रूप से लागू करने की बात कही। परीक्षा परिणाम मिलते ही बच्चे बहुत प्रफुल्लित हुए।

# रायबरेली की बेटी बनी दरोगा बैसवारा में खुशी का माहौल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली जनपद लालगंज की रहने वाली एक बेटी ने जिले का नाम रोशन किया है। जिसकी कामयाबी से परिजन के साथ साथ पूरा बैसवारा गदगद है। साकेत नगर मोहल्ला की दामिनी दरोगा बन गई हैं। उन्हें प्रयागराज जनपद के होलागढ़ थाने में पहली तैनाती मिली है। इस उपलब्धि से न केवल बिटिया के माता-पिता और स्वजन भी फूले नही समा रहे हैं। बल्कि बैसवारा क्षेत्र में खुशी की लहर है।

दामिनी की सफलता पर उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। दामिनी के पिता हरिनाथ सिंह स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में कर्मचारी हैं। जबकि मां ललिता सिंह ग्रहणी है। उनकी बहन शालिनी बैंक आप बड़ौदा में कार्यरत है। और भाई प्रयास सिंह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। बिटिया के माता पिता ने बताया कि वह शुरुआत से ही पढ़ने लिखने में अव्वल रही है। उसने विज्ञान विषय से परास्नातक किया है इसके साथ वह बीएड प्रशिक्षित भी हैं। पहले ही प्रयास में बिटिया का दरोगा भर्ती में चयन हो गया। पासिंग आउट परेड के साथ उन्हें प्रयागराज के होलागढ़ थाने तैनाती मिल गई है। दामिनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बैसवारे की बेटी के दरोगा बनने पर तमाम लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे रायबरेली

▸ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ की मीटिंग
▸ रायबरेली से इंडिया गठबंधन जिसको भी प्रत्याशी बनाएगी वह जीतेगा : मौर्या

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य एक कार्यक्रम में रायबरेली पहुंचे थे। यहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा संगठन इंडिया गठबंधन के साथ है। 2024 का चुनाव भाजपा की विदाई का चुनाव है। अपने ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को लेकर उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार है कुछ भी करा सकती है। चार महीने पहले यह बात कही गई थी जिसमे मैंने कुछ गलत नहीं कहा था। जिसमें मैंने कहा था की लक्ष्मी की पूजा करनी है तो घरवाली की ही पूजा कीजिए । जो असली लक्ष्मी घर की है उसकी पूजा करनी चाहिए।

रायबरेली से इंडिया गठबंधन जिसको भी प्रत्याशी बनाएगी वह जीतेगा स्वामी ने अपनी बेटी संघमित्रा मौर्य के टिकट को लेकर कहा कि भाजपा क्या करती है। इसको लेकर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी और जो इंडीया अलाइंस में रहेंगे हमें उनकी चिंता है। स्वामी ने कहा कि जब मैंने पार्टी बना ली है तो किसी दल में विलय करने के लिए नहीं बनाई है। इंडीया एलायंस के साथ कदम से कदम बढ़ाकर चलेंगे।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से बातचीत के सवाल पर स्वामी ने कहा कि जब हमारा गठबंधन इंडिया अलायन्स के साथ है तो उनके नेताओं से बात होना स्वाभाविक ही है । कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के साथ लोकसभा चुनावों में इंडी गठबंधन का साथ देने का एलान किया। पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी आरक्षण खत्म कर रही है, इस चुनाव में बीजेपी को हराना है और संविधान बचाना है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपनी नानी के यहां रह रही है लड़की ने अचानक देर रात फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने उसका शव फांसी के फंदे से लटकते देखा तो हाहाकार मच गया। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घटनाक्रम के अनुसार फर्रुखाबाद गढ़वा को रहने वाली 20 साल की लड़की कोमल पुत्री राकेश लोधी अपने नाना नानी के यहाँ चौधराइन बरौला थाना खीरों में घूमने आई थी। देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसने फांसी लगा ली। फांसी की सूचना जब सबको मिली तो कोई यह जान नही पाया की आखिर कोमल ने ऐसा कदम क्यों उठाया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। लेकिन इस प्रकार से कोमल के फांसी लगाकर सुसाइड करने के मामले में वजह का अभी तक पता नही लगा है।

# सामाजिक कार्यों के प्रति भी सजग रहें छात्र : सुनील सिंह

▸ बीएमपीएस लालगंज में वार्षिक अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी व रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




नगर के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ ।बच्चे रिपोर्ट कार्ड पाकर हर्षित और प्रफुल्लित नजर आए।कार्यक्रम की शुरुआत विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। विद्यालय की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाले प्ले ग्रुप से कक्षा 9 व कक्षा 11 के मेधावियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय प्रबंधन आपके पाल्यों के चतुर्मुखी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि अपना सहयोग इसी तरह से विद्यालय के प्रति बनाए रखें। साथ ही अपने पाल्यों की दैनिक क्रियाकलापों के प्रति भी नजर बनाए रखें। छात्रों को आगाह किया कि मोबाइल का प्रयोग आवश्यक काम के लिए ही किया जाए अनावश्यक रूप से मोबाइल का उपयोग छात्र जीवन के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। छात्र जीवन में सिर्फ अच्छे अंक प्राप्त करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए।इस पर आप सभी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। प्रबंधक शांतनु सिंह ने इस अवसर पर अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि आपने जिस उद्देश्य हेतु अपने पाल्यों का प्रवेश बीएमपीएस में कराया है विद्यालय हमेशा ही आपकी अपेक्षाओं में खरा उतरा है और भविष्य में भी खरा उतरेगा ऐसा हम विश्वास दिलाते हैं।

विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने इस अवसर पर सत्र 2023-24 की स्कूल की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में और ऊंचाइयों पर पहुंचने की शुभकामना दी।साथ ही जो छात्र सूची में स्थान बनाने में सफल नहीं हो पाए उन्हें और अधिक मेहनत करने की सलाह देते हुए भविष्य में अपेक्षित परिणाम मिल सके इसके लिए प्रेरित किया।पूरे साल सर्दी गर्मी बरसात की परवाह न करते हुए स्कूल में 100प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय प्रबंधन ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अनुशासन की सराहना की।

# परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शुरू




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुई वार्षिक परीक्षा जिले के सरकारी प्राथमिक विद्यालय एवं परिषदीय विद्यालय में शासन के मशां के अनुरूप सुचारू ढंग से परीक्षा कराई जा रही है ।आज प्रथम दिन क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापकों की देखरेख में सुचारू ढंग से वार्षिक परीक्षा कराई जा रही प्राथमिक विद्यालय वशालतनगर मे 36 बच्चे नामांकित है जिसके अनुरूप 31 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए परीक्षा सुचारू ढंग से कराई जा रही है परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक के रूप में सहायक अध्यापिका सरिता सोनकर एवं रीता देवी मौजूद रहे विद्यालय के प्रधानाध्यापक खान ने बताया कि आज से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई है जिसको मेरी देखभाल में कराई जा रही है प्रत्येक बच्चा अपनी कॉपी में अपने अनुसार उत्तर लिख रहा है महाराजगंज विकासखंड क्षेत्र के डोमापुर एवं बाकी में प्रधानाचार्य मोहम्मद नसीम की देखरेख में परीक्षा चल रही है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार सहित दो घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के आघौरा गांव के रहने वाले बुधई पुत्र रामगुलाम बुधवार दोपहर साइकिल से घर खेतों से जा रहे थे। तभी अघौरा गांव के चौराहे पर एक डिघौरा गांव से बाइक सवार युवक सूरज पुत्र राजकुमार किसी काम से पस्तौर गांव जा रहा था। तभी साइकिल सवार वृद्ध तथा बाइक सवारी युवक की टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बुधई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




# पुण्यतिथि पर याद किये गए उमाशंकर सिंह

▸ छठी पुण्यतिथि पर शान्ति भोज, कन्या भोज व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




लालगंज के ग्राम उत्तरागौरी में स्थित नर्सरी के प्रांगण में आज पूर्व एडीओ स्व.उमाशंकर सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर शान्ति भोज, कन्या भोज व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उपचार कर दवाएं वितरित कीं। पुण्यतिथि कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत अन्य तमाम सम्भ्रांत नागिरकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाजसेवी बीपीजीसी के पूर्वसी प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ÷मुन्ना÷ ने अपने सम्बोधन में कहा कि लालगंज की ग्राम पंचायत उत्तरागौरी के सामान्य परिवार में जन्मे स्व0 श्री उमाशंकर सिंह ने अपनी वाणी, व्यवहार, आचरण व कर्मठता से अच्छी ऊँचाईयों को छुआ ही नही बल्कि जनपद तक अपने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया।

समाजसेवी राजेश सिंह फौजी ने ने कहा कि उमाशंकर सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। जहां वे एक अनुशासन प्रिय कर्मयोगी अधिकारी और बेहतर मनुष्य के रूप में जाने जाते थे, वहीं समाजसेवी के रूप में भी उनकी बड़ी ख्याति थी।

उनकी कमी समूचे क्षेत्र में खल रही हैं। वह गरीबों, पीड़ितों के साथ कन्धा से कंधा मिलाकर सदैव खड़े रहते थे। कन्या भोज के उपरांत उमाशंकर सिंह की पत्नी श्रीमती प्रेमवती सिंह ने कन्याओं और बच्चों को स्टेशनरी, पैन, पेंसिल का सेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने पिता की पुण्यतिथि पर डा वी पी सिंह ने कहा कि अपने पिता जी के पदचिन्हों पर चलकर गरीबों, पीड़ितों की सेवा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### युवक ने पत्नी को पीट अबोध पुत्री सहित स्टेशन पर छोड़ा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पति लुधियाना शहर में एक अन्य महिला को अपने साथ रखने लगा और पत्नी की निर्मम पिटाई कर उसकी आठ माह की अबोध पुत्री सहित उसे जबरन लुधियाना स्टेशन पर छोड़ गया। पत्नी ने पति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरहन निवासी चुन्नीलाल की पुत्री सोनी द्वारा कोतवाली पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि करीब दो साल पहले पिता ने उसकी शादी अपनी क्षमता के अनुसार दान-दहेज देकर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम खंभौली निवासी मोंटी पुत्र रामबाबू के साथ की थी। शादी के बाद मोंटी उसे लेकर काम-धंधा करने लुधियाना चला गया। मौजूदा समय में उसके एक आठ माह की पुत्री है। इसी दौरान उसका पति अपने साथ एक अन्य महिला को रखने लगा। विरोध करने पर पति ने दारू के नशे में उसकी कई बार पिटाई की और गंदी-गंदी गालियां दी। पीड़िता के अनुसार बीते 6 अक्टूबर को उसका पति मोंटी, उसकी अबोध पुत्री सहित उसे जबरन लुधियाना स्टेशन पर छोड़ गया। वह किसी तरह लुधियाना से अपने मायके आई। अब उसका पति उससे जबरन तलाक मांग रहा है।

# संचारी एवं दस्तक रोग को लेकर बैठक आयोजित

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

1 अप्रैल 2024 से चलने वाले संचारी रोग जागरूक एवं दस्तक अभियान के तहत बुधवार को डलमऊ तहसील सभागार में यूपी जिला अधिकारी आशुतोष राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई और संचारी रोग अभियान के विषय में विस्तार से चर्चा की गई संचारी रोग अभियान कार्यक्रम के क्रम में 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक सभी विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के साथ बैठक करके संचारी रोग से बचाव के लिए जागरूक करेंगे बैठक में मुख्य रूप से मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नवीन कुमार ने बताया कि शासन की मंशा अनुरूप 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग अभियान के तहत 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक गांव गांव विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लोगों के साथ बैठक करके संचारी रोग के विषय में विस्तार जानकारी कराते हुए रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा और 10 तारीख के बाद आशा बहू द्वारा संचारी रोग दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर विभिन्न प्रकार की जानकारी हासिल करते हुए रिपोर्ट स्वास्थ्य केंद्र को भेजी जाएगी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत सूचना प्राप्त होने पर मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए छिड़काव आदि की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा करवाई जाएगी इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत आरती श्रीवास्तव बाल विकास परियोजना अधिकारी डलमऊ आशुतोष तिवारी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ललित कुमार मिश्रा खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश आदि के साथ अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।




# दलालों का साम्राज्य बनी घोरवारा चौकी

▸ चौकी घोरवारा में दलालों का लगता है जमावड़ा
▸ मामलों का निपटारा दरोगा नहीं दलाल करते हैं

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ कोतवाली अंतर्गत आने वाली घोरवारा चौकी को यहां के दरोगा नहीं दलाल चलाते नजर आतें हैं घोरवारा चौकी के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले को दलालों के द्वारा लेनदेन कर सुलझाने का प्रयास करते हैं छोटे-छोटे मामलों में दलाली के रूप में पीड़ित लोगों से अच्छी खासी रकम ऐठने की कोशिश होती हैं जिसमें चौकी में उपस्थित कुछ सिपाहियों की मिली भगत से यह दलाल अपनी रोजी रोटी चलते हैं दलाली का एक वाकया बुधवार को उस वक्त देखने को मिला जब घोरवारा कस्बा में एक चार पहिया वाहन में चारा काटने वाला ट्रेक्टर गलती से छू गया ट्रेक्टर चालक बाहरी था वहीं चार पहिया वाला व्यक्ति आस - पास का था मामला घोरवारा चौकी पहुंचा देखते-देखते घोरवारा चौकी में दलालों का जमावाड़ा लग गया पीड़ित नुकसान का कुछ पैसा दे रहा था लेकिन उसमें से कुछ पैसा दलालों व चौकी में उपस्थित कुछ सिपाहियों को भी चाहिए था इस लिए मामला नही बन पा रहा था जिसके चलते मामला नहीं निपट सका खबर लिखे जाने तक ट्रेक्टर चालक को चौकी में बैठाये रखा था और चार पहिया वाले व्यक्ति को घर भेज दिया गया।

### आवश्यक सूचना

न्यायालय श्रीमान उप जिला अधिकारी डलमऊ रायबरेली के यहां राजकुमार बनाम श्री राम आदि निवासी ग्राम पुरे लाऊ मजरे बरारा बुजुर्ग परगना तहसील डलमऊ जिला रायबरेली वाद अंतर्गत धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें प्रतिवादिगण भवानी पुत्र प्याम संजय पुत्र रामआसरे, विजय पुत्र बिंदादीन व संतोष पुत्र राम आसरे निवासी पुरे लाऊ मजरे बरारा बुजुर्ग परगना व तहसील डलमऊ जो न्यायालय के समक्ष 2 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे उपस्थित हों।

**आज्ञा से उप जिलाधिकारी डलमऊ रायबरेली**

## लद्दाख को बचाने की कोशिश

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर देश के जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले दो हफ्तों से अनशन पर बैठे हैं। 21 दिन के उनके अनशन में 14 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक केंद्र सरकार से ऐसी कोई पहल नहीं दिखाई दे रही है कि वह इस अनशन को तुड़वाने का प्रयास करे। छह मार्च को शून्य से नीचे के तापमान में सोनम वांगचुक ने लेह के नवांग दोरजे मेमोरियल पार्क खुले मैदान में अनशन की शुरुआत की और इस समय करीब दो हजार लोग उनके समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री वांगचुक रोजाना अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए रख भी रहे हैं. लेकिन ऐसा लग रहा है कि लद्दाख से दिल्ली की दूरी इतनी बढ़ चुकी है कि वहां की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंच ही नहीं रही। अपने हक के लिए उठती आवाजों को अनसुना करना इस सरकार की पुरानी आदत है। गंगा बचाने के लिए अनशन करने वाले प्रो. जी डी अग्रवाल की आवाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नहीं सुनी, उन्हें किसानों की आवाज भी सुनाई नहीं दी और अब अनसुनी करने का सिलसिला लद्दाख में भी देखा जा रहा है। सोनम वांगचुक के साथ-साथ अपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायन्स (केडीए) जैसे संगठन भी चार मांगों को लेकर अपना आंदोलन चला रहे हैं। इनमें संविधान की छठी अनुसूची के अलावा पूर्ण राज्य की मांग, लद्दाख में एक और संसदीय सीट को बढ़ाना और पब्लिक सर्विस कमीशन को लद्दाख में कघयम करना शामिल है। इससे पहले तीन फ़रवरी को लेह में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग को लेकर कड़ाके की ठण्ड में एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफअपनी नाराजगी जाहिर की थी और बंद का आह्वान किया था। जिसके बाद भाजपा सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति बातचीत के लिए गठित की। 19 से लेकर 23 फ़रवरी तक चर्चा का दौर चला, फ़िर चार मार्च को एक बार फ़िर बातचीत हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई और अब 6 मार्च से लद्दाख की पूरी उपेक्षा केंद्र सरकार कर रही है। लद्दाख में जो मांगें उठाई जा रही हैं, उन्हें सुना जाना और उनका निराकरण करना बेहद जरूरी है, क्योंकि सवाल लोगों के जीवन और आजीविका का है। केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले लद्दाख के लोग जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन में गैजेटेड पदों के लिए आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब ये सिलसिला बंद हो गया है, जिसको लेकर लद्दाख के युवाओं में गुस्सा है। इसी तरह छठी अनुसूची में शामिल करना इसलिए जरूरी है ताकि लद्दाख की जनजातीय संस्कृति और पर्यावरण को बचाया जा सके। इन सबके अलावा एक अहम पहलू यह भी है कि लद्दाख सीमांत राज्य है और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है। राहुल गांधी ने जब इस राज्य की यात्रा की थी, तो स्थानीय लोगों ने बताया था कि किस तरह चीन यहां घुसपैठ कर रहा है। लेकिन केंद्र सरकार न चीन के जमीन हड़पने के सच को स्वीकार कर रही है, न यहां के लोगों की बात सुन रही है।साल 2019 के अपने चुनावी घोषणापत्र में और बीते वर्ष लद्दाख हिल काउंसिल चुनाव में भी भाजपा ने लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने का श्रेय लेने वाली और रामलला को उनका घर दिलाने का दंभ भरने वाली भाजपा लद्दाख के मसले पर मौन है कि यहां के लोगों से जो वादे उसने किए थे, उन्हें पूरा क्यों नहीं कर रही है।

# चुनाव से पहले सीएए का कार्यान्वयन पूरी तरह से राजनीतिक

**इस तथ्य को देखते हुए यह राजनीति से प्रेरित प्रतीत होगा कि संशोधित नागरिकता कानून ने पहले देशव्यापी राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों को आमंत्रित किया था, जिसके कार्यान्वयन में लगभग साढ़े चार साल की देरी हुई थी। लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले 11 मार्च को सरकारी अधिसूचना के खिलाफविपक्षी दलों के नये विरोध प्रदर्शन को देखकर कुछ लोग आश्चर्यचकित हैं। जैसा कि अपेक्षित था, भारतीय मुसलमान नाराज हैं। देश में मुस्लिम आबादी लगभग 18 करोड़ है, जो इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। कश्मीर के अलावा, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी अच्छी-खासी है।**

नन्तू बनर्जी




**दिलचस्प बात यह है कि सीएए को अंततरू राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने से पहले, 2019 में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला यह धारणा दे सकती है कि अन्य प्रशासनिक निर्णयों के साथ इस अधिनियम का इस्तेमाल अवैध मुस्लिम प्रवासियों के खिलाफएक हथियार के रूप में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जून 2019 में, सरकार ने देश में विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को सक्षम बनाया। इसमें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के तहत सभी भारतीय नागरिकों की एक सूची बनाने की घोषणा की गयी। एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है।**

पहली नजर में 2019 का विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरी तरह से मानवीय प्रतीत हो सकता है। यह सरकार को 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान जैसे पड़ोसी मुस्लिम देशों से भारत आये गैर-मुस्लिम प्रवासियों - जिनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शामिल हैं - के लिए नागरिकता प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विशेष प्रावधान प्रदान करता है। हालांकि, राष्ट्रीय चुनाव से ठीक पहले इसके कार्यान्वयन के लिए चुना गया समय इसे काफी उत्तेजक बनाता है।

इस तथ्य को देखते हुए यह राजनीति से प्रेरित प्रतीत होगा कि संशोधित नागरिकता कानून ने पहले देशव्यापी राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों को आमंत्रित किया था, जिसके कार्यान्वयन में लगभग साढ़े चार साल की देरी हुई थी। लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले 11 मार्च को सरकारी अधिसूचना के खिलाफविपक्षी दलों के नये विरोध प्रदर्शन को देखकर कुछ लोग आश्चर्यचकित हैं। जैसा कि अपेक्षित था, भारतीय मुसलमान नाराज हैं। देश में मुस्लिम आबादी लगभग 18 करोड़ है, जो इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। कश्मीर के अलावा, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी अच्छी-खासी है। विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से नाराज हैं क्योंकि सीएए विशेष रूप से 2014 से पहले मुस्लिम प्रवासियों को लक्षित करता है।

बहुत से लोग सरकार की इस प्रतिक्रिया को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि सीएए प्राकृतिककरण कानूनों को रद्द नहीं करता है। इसलिए, भारतीय नागरिक बनने की इच्छा रखने वाले किसी भी विदेशी देश से मुस्लिम प्रवासियों सहित कोई भी व्यक्ति मौजूदा कानूनों के तहत इसके लिए आवेदन कर सकता है। गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि यह अधिनियम किसी भी मुस्लिम को, जो इस्लाम के अपने संस्करण का पालन करने के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़गानिस्तान में सताया गया है, मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पहले ही सरकारी अधिसूचना को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट जा चुकी है और इस बात पर जोर दे रही है कि यह अधिनियम प्रथम दृष्टया असंवैधानिक है। आईयूएमएल इस अधिनियम को चुनौती देने वाली सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर करने वाले समूह में एक प्रमुख याचिकाकर्ता है। इस अधिनियम की वैधता को इस आधार पर चुनौती देने वाली 237 अलग-अलग याचिकाएं हैं कि यह धर्म के आधार पर नागरिकता देने में भेदभाव करता है।

अधिनियम का भाग्य अब पूरी तरह से सर्वोच्च न्यायालय पर निर्भर करता है। कई लोगों का मानना है कि सीएए भारत के समानता और धार्मिक गैर-भेदभाव के संवैधानिक मूल्यों को चुनौती देता है। यह अधिनियम देश के मानवाधिकार दायित्वों के साथ असंगत है। जबकि 1955 के नागरिकता अधिनियम ने सभी गैर-दस्तावेजी प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर दिया है, सीएए चयनित आप्रवासियों के लिए नागरिकता मार्गों को तेजी से ट्रैक करता है, विशेषकर असम, मेघालय, मिजोरम के आदिवासी क्षेत्रों और त्रिपुरा और इनर लाइन विशेष परमिट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को छोड़कर, ताकि उन्हें उनके मूल देशों में निर्वासन और कारावास से विधायी सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

दिलचस्प बात यह है कि सीएए को अंततरू राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने से पहले, 2019 में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला यह धारणा दे सकती है कि अन्य प्रशासनिक निर्णयों के साथ इस अधिनियम का इस्तेमाल अवैध मुस्लिम प्रवासियों के खिलाफएक हथियार के रूप में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जून 2019 में, सरकार ने देश में विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को सक्षम बनाया। इसमें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत सभी भारतीय नागरिकों की एक सूची बनाने की घोषणा की गयी। एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है। एनआरसी1951 में बनाया गया था। अज्ञात कारणों से, असम को छोड़कर, जहां 41 लाख निवासी थे, एनआरसी देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रभावी रहा, और अभी तकये निवासी रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं। नये नियमों ने जमीन पर जिला कलेक्टरों द्वारा नागरिकता के आवेदनों की स्वतंत्र और स्तरीय जांच को खत्म कर दिया है, और आवेदकों को नागरिकता देने की बुद्धिमत्ता के बारे में राज्य सरकारों की सिफारिशों को भी खत्म कर दिया गया है। 2009 के नागरिक नियमों के तहत, केंद्र सरकार को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में राज्य सरकारों से परामर्श करना आवश्यक था। सीएए से पहले, देशीयकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता चाहने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को पात्र बनने के लिए भारत में 11 साल बिताने की आवश्यकता होती थी।

## विचार

# ध्रुवीकरण बनाम न्याय की लड़ाई में कांग्रेस-इंडिया को बढ़त

डॉ. दीपक पाचपोर

**कागजों में ताकत तो इंडिया की बड़ी दिखती है और रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई विशाल रैली भी यही बताती है जो कि राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित की गयी थी। इसमें इंडिया के ज्यादातर सहयोगी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। तुलना करने के लिये ही सही, यह याद नहीं पड़ता कि इंडिया की बेंगलुरु बैठक के जवाब में आनन-फानन में दिल्ली में आयोजित की गयी बैठक के बाद एनडीए के सदस्य दोबारा कब मिले हैं।**

एक तरफ तो भारत अपनी सबसे बड़ी पंचायत के लिये डेढ़-दो महीने में फैसला लेने जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ थोड़ी बहुत आंतरिक हलचलों के साथ देश की राजनैतिक पार्टियां अब साफ तौर पर दो ध्रुवों में बंट चुकी है। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक दल नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के हिस्से बनकर चुनाव लड़ेंगे तो उसके खिलाफ इंडिया गठबन्धन भी चुनावी मोर्चे पर डट गया है। उसके सहयोगियों की संख्या एनडीए के मुकाबले कम जरूर है लेकिन संसदीय ताकत व मत प्रतिशत की दृष्टि से देखें तो वह कहीं अधिक मजबूत मालूम दिखलाई देता है।



आंकड़ों के विश्लेषक साफ समझ गये हैं कि एनडीए के पास अगर देश का 40 प्रतिशत है तो वहीं इंडिया तकरीबन 60 फीसदी वोटों का मालिक है। इस समूह में उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक के ज्यादातर राज्यों के कद्दावर नेता हैं। इनमें कुछ मुख्यमंत्री हैं तो कुछ पूर्व सीएम। जो सत्ता में नहीं हैं, वे अपने राज्यों में या तो प्रमुख विपक्षी दल हैं या फिर कद्दावर नेता। दूसरी ओर एनडीए एक ही दल यानी भाजपा तथा एकमेव चेहरे के ईर्द-गिर्द सिमटा है- वह हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। इस दल एवं मोदी के अलावा किसी और साथी संगठन या उनके नेताओं का वजूद तक नजर नहीं आता- एकाध को छोड़कर। इंडिया में स्पष्टता है- जहां इकठ्ठे लड़ रहे हैं वहां जहां नहीं लड़ रहे हैं वहां भी।

कागजों में ताकत तो इंडिया की बड़ी दिखती है और रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई विशाल रैली भी यही बताती है जो कि राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित की गयी थी। इसमें इंडिया के ज्यादातर सहयोगी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अभूतपूर्व जन उपस्थिति तो थी ही। तुलना करने के लिये ही सही, यह याद नहीं पड़ता कि इंडिया की बेंगलुरु बैठक के जवाब में आनन-फानन में दिल्ली में आयोजित की गयी बैठक के बाद एनडीए के सदस्य दोबारा कब मिले हैं। उनका न्यूनतम साझा कार्यक्रम, सीटों का बंटवारा आदि के बारे में भी किसी बैठक के होने के समाचार नहीं मिलते। वहां भाजपा सर्वेसर्वा है और वह जो तय करेगी वहीं अन्य दलों को भी मानना है।

एक बिहार के मुख्यमंत्री व जनता दल यूनाइटेड के सीएम नीतीश कुमार के अलावा जो भी नेता एनडीए में हैं वे पराजित व विभाजित दलों के ही हैं। उदाहरणार्थ, महाराष्ट्र के शिवसेना शिंदे गुट या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के लोग। एक तीसरा वर्ग भी है, जिसमें बेशक कद्दावर नेता हैं व जिनका झुकाव एनडीए की ओर हो सकता है लेकिन वे जुड़ने में संकोच कर रहे हैं जो परिस्थितियों को बयां करने के लिये काफी है। तो फिर मोदी आखिर किस बिना पर भाजपा के 370 एवं एनडीए के सम्मिलित रूप से 400 पार का नारा दे रहे हैं? क्या यह कोई दिवा स्वप्न है या केवल अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिये ऐसा कह रहे हैं? विशेषकर यह जान लेने के बाद कि उनका सबसे बड़ा राममंदिर का मसला चल नहीं पाया और चुनाव के ठीक पहले जिस प्रकार से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लाया गया है और वह भी कोई रंग जमाता हुआ नहीं दिख पड़ रहा है, तो क्या यह माना जाये कि मोदी व भाजपा का तरकश तीरों से खाली हो चला है? सम्भवतरू ऐसा नहीं है। जिस प्रकार से शिवाजी पार्क की रैली में राहुल द्वारा एक अदृश्य शक्ति की बात को मोदी ने लपक कर उस पर धार्मिक मुलम्मा चढ़ाने की नाकाम व हास्यास्पद कोशिश की, उससे साफ है कि अब भी मोदी के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई बड़ा मुद्दा नहीं है।

अगर ऐसा है तो क्या चुनाव के ठीक पहले देश कोई ऐसा बड़ा घटनाक्रम देखेगा जिसमें भाजपा के खिसकते वोट बैंक को रोकने की ताकत होगी? या फिर पुलवामा की तरह की कोई घटना होने का इंतजार कर रही है? ऐसे बहुत से कयास लगाये जा सकते हैं परन्तु जब तक वे प्रत्यक्ष रूप से सामने नहीं आ जाते तब तक उस पर कुछ कहना गैरवाजिब है लेकिन जो बातें सामने आ चुकी हैं वे बतलाती हैं कि भाजपा के पास कुछ बड़ी शक्तियां अब भी हैं जिनका इस्तेमाल चुनाव में होगा। पहली बात तो यह है कि इस बात का पर्दाफाश हो जाने के बाद भी कि भाजपा केन्द्रीय जांच एजेंसियों (प्रवर्तन निदेशालय-ईडी, आयकर व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो- सीबीआई) का इस्तेमाल न केवल विरोधी दलों के नेताओं को डराने, अपने पक्ष में लाने तथा निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने में करती है, वह अब भी उसके बेजा इस्तेमाल से बाज नहीं आ रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी कई नोटिसें भेज चुका है और उनकी कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले महादेव एप के सिलसिले में गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। ऐसी ही कार्रवाइयों के डर से हाल ही में कई कांग्रेसी व अन्य दलों के नेता भाजपा में प्रवेश कर चुके हैं। अब देश के समक्ष यह भी साफ हो गया है कि वित्तीय संसाधनों के नजरिये से देखें तो भाजपा सबसे ताकतवर दल है।

## विश्वविद्यालयों में असहिष्णुता

गुजरात विश्वविद्यालय परिसर में विदेशी छात्रों की आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति को लेकर जो मारपीट हुई, वह भारतीय संस्कृति व मानवीय दृष्टिकोण से भी दुर्भाग्यपूर्ण कही जाएगी। खासकर ऐसे देश में जहां 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अतिथि देवो भव' की अवधारणा को सदियों प्राथमिकता दी जाती रही हो। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम देश की छवि को दागदार करने वाला है। अच्छी बात है कि विवाद बढ़ते देख राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्ती बरती है और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। सवाल यही है कि विदेशी छात्रों के साथ ऐसी धार्मिक असहिष्णुता क्यों? आखिर किसी अन्य धर्म के छात्र की आस्था की अभिव्यक्ति पर किसी को प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता क्यों पड़ी? निश्चित रूप से शैक्षिक परिसरों में इस तरह की असहिष्णुता का पनपना दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

रमजान के महीने में विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से प्रार्थना करना सामान्य बात है क्योंकि वहां कोई उपासना स्थल मौजूद नहीं था। सवाल यह भी है कि बाहरी लोगों के हमला करने पर विश्वविद्यालय का सुरक्षा तंत्र व पुलिस समय रहते सक्रिय क्यों नहीं हो पाये। सवाल देशी-विदेशी छात्रों का नहीं है, लेकिन जब विदेशी छात्रों के मामले में किसी भी तरह की अराजकता फैलायी जाती है तो दुनिया में गलत संदेश जाता है। निस्संदेह, ऐसे घटनाक्रमों से विदेशों में भी भारत की छवि खराब होती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया के तमाम देशों से विभिन्न धर्मों के छात्र हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिये आते हैं। ऐसे में हमारे विश्व गुरु बनने के दावे का क्या होगा? क्यों फिर विदेशी छात्र भी पढ़ाई को लेकर भारत को अपनी प्राथमिकताओं में रखेंगे? दरअसल,भारत को एशिया व अफ्रीकी देशों के छात्र इसलिये पढ़ाई के लिये चुनते रहे हैं क्योंकि माना जाता रहा है कि भारत में उच्च शिक्षा के अवसरों के साथ ही वातावरण सहिष्णुता की संस्कृति वाला रहा है। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं है बल्कि दुनिया में भारत की छवि को खराब करने वाला भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि घटना में लिप्त लोगों से सख्ती से निबटा जाएगा। निस्संदेह, किसी भी विश्वविद्यालय परिसर में ऐसा घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विगत में ऐसी घटना दिल्ली स्थित जेएनयू परिसर में भी हुई थी और छात्रों को निर्ममता से पीटा गया था। हमलावरों में बाहरी लोग भी शामिल थे। लेकिन दोषियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही थी। संभवतरू सत्ता में वर्चस्व वाले दल के हस्तक्षेप के चलते पुलिस दबाव महसूस कर रही होगी। दरअसल, ऐसी घटनाओं की तह में जाने की जरूरत होती है। ताकि पता चल सके कि घटनाक्रम तात्कालिक घटना से प्रेरित है या फ़िर घटनाक्रम की सोच के पीछे नियोजित कोशिश है। लेकिन इसके बावजूद अंतर्राष्ट्रीय छवि से जुड़ी संवेदनशील घटनाओं के प्रति स्थानीय प्रशासन व पुलिस को सजग रहने की जरूरत है।

निश्चित रूप से हमारे शिक्षा के परिसर सांप्रदायिक सोच के चलते तोड़फोड़, पथराव व मारपीट की घटनाओं से मुक्त होने चाहिए। यह ठीक है कि बाद में गुजरात पुलिस ने मामले में कार्रवाई में तेजी लाते हुए कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में राज्य के गृहमंत्री ने पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक करके विश्वविद्यालय प्रशासन को अतिरिक्त सुरक्षा देने वाले कदम भी उठाये हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि घटना में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई हो और जांच को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं अचानक नहीं होती। मामले की पृष्ठभूमि पर भी गौर करने की जरूरत होती है। साथ ही विश्वविद्यालय परिसरों में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि छात्र सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील व सहिष्णु बनें। साथ ही छात्र सर्वधर्म समभाव की सोच का अनुसरण करें। जिससे विश्वविद्यालय परिसरों में सभी धर्मों का आदर करने की सोच कमजोर न हो। यह बात हमारे विश्वविद्यालय परिसरों में ही नहीं, पूरे देश के लिये भी अपरिहार्य है।



# राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क** : काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः**- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः**- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः**- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्याम बाबा

रमेश सर्राफ धमोरा



**कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिए वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरुक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुए। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उ?ाई कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है।**

देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। इसमें हर साल देश-विदेश के करीब 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के ब? मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है।

कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का ध? से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई हैं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होंने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुए। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो, उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिए वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरुक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुए।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उ?ाई कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आएगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोक में हाहाकार मच जाएगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ, जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की ओर चलाया। तीर ने क्षण भर में सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगे, क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वरना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस ओर से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिए वचन दोहराते हुए कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा।

कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिए चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जताई। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिए एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यकता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे ब? वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# मस्जिद के बाहर फायरिंग से दहशत

▸ पुलिस ने आरोपी युवक व अज्ञात साथियों पर लिखा मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शहर के मोहल्ला भीरतकोट में मंगलवार की रात को मस्जिद में तरावीह के समय कुछ अराजकतत्वों द्वारा मस्जिद के बाहर हवाई फायरिंग किए जाने से दहशत फैल गई। मस्जिद के अंदर तरावीह पढ़ रहे लोग बुरी तरह सहम गए।

बाहर निकले तो कुछ लोग भाग गए जबकि एक अराजकतत्व को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिद के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आमिर खान की तहरीर पर कोतवाली में एक नामजद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंगलवार की रात करीब नौ बजे भीरतकोट की मस्जिद में तरावीह पढ़ी जा रही थी, उसी समय कुछ अराजकतत्वों ने मस्जिद के बाहर हवाई फायरिंग करके दहशत फैलाने का प्रयास किया।

गोली की आवाज सुनकर मस्जिद के बाहर निकले लोगों को देखकर कुछ लोग भाग गए, जबकि एक यवक को नमाजियों ने दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले ही युवक कुछ दूर भाग सका था, कि पुलिस ने आकर उसे दबोच लिया, जिससे मामला शांत हो गया।

मस्जिद के बाहर गोली चलने की खबर फैलते ही तमाम लोग मस्जिद के बाहर पहुंच गए, धीरे धीरे बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने रात में ही एक अराजकतत्व को हिरासत में ले लिया और उसे कोतवाली ले गई। इस घटना से मुस्लिम समुदाय के लोगों में बढ़ रहे आक्रोश को देखते हुए आनन फानन में कार्रवाई की, जिससे लोग धीरे धीरे अपने अपने घरों को चले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तरावीह पढ़ने वाले लोगों से पूछताछ की।

लोगों ने बताया कि गोली चलने की आवाज से लोगों का दहशत फैल गई और जैसे ही लोग बाहर निकले कुछ लोग भाग गए, जबकि एक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उधर सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिद के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया है।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी अवैध तमंचे से हवाई फायर किया गया, जबकि असलहा लेकर चलने और चार से ज्यादा लोगों के एक साथ बैठने और निकलने पर पाबंदी लगी हुई है, बावजूद इसके हवाई फायर किए जाने पर पुलिस ने गंभीरता लेते हुए तत्काल एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि आमिर खान की तहरीर पर मोन्टी वर्मा सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है, जल्द ही दोष पाए जाने पर अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा का मिलन समारोह आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी में अन्य राजनीतिक दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के 211 लोग पार्टी में उनके पद को त्याग कर पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए जिसमे गांव के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विभिन्न दलों के पदाधिकारी सम्मिलित हैं।

इस समारोह में मुख्य अतिथि संजीव श्रृंगऋषि जिला प्रभारी भारतीय जनता पार्टी जनपद महोबा एवं समारोह की अध्यक्षता अवधेश गुप्ता जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने की मंच पर जॉइनिंग कमेटी के संयोजक चक्रपाणि त्रिपाठी , पूर्व राज्य मंत्री सिद्ध गोपाल साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखन सिंह राजपूत , वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जॉइनिंग कमेटी के सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी ने किया मंच पर उपस्थित अतिथियों को माला पहनाकर जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी , जिला महामंत्री प्रवेंद्र रघुवंशी , जिला मंत्री वियोगी शाश्वत ,मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य पंकज तिवारी ने किया। सम्मिलित होने वाले बंधुओ को जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी एवं जॉइनिंग कमेटी के संयोजक ने भारतीय जनता पार्टी की टोपी एवं पाटिका पहनकर उनको भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दी, मुख्य अतिथि जिला प्रभारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और मोदी एवम योगी की नीति जो लोगों को जनकल्याण योजनाएं घर-घर तक पहुंचा रहे हैं लोग लाभान्वित हो रहे हैं उनसे प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए सभी राजनीतिक दलों के अच्छे लोग हमारी पार्टी में सम्मिलित होने के लिए उत्साहित हैं हम जो हमारी भारतीय जनता पार्टी की नीति के साथ चलना चाहते हैं वह पार्टी में आ रहे हैं और वह यह संकल्प लेते हुए आ रहे हैं कि वह पार्टी की नीति के अनुसार चलेंगे

## खबरें एक नजर में

### पोल्ट्रीफार्म में लगी आग से डेढ़ हजार चूजे जलकर राख

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बिवांर थानाक्षेत्र के हमीरपुर-राठ मुख्यमार्ग पर नहर पुलिया के पास बने पोल्ट्रीफार्म में बुधवार तड़के अचानक आग लग गई। जिसमें 1530 चूजे व 50 बोरी उनका दाना जलकर राख हो गया। नलकूप चालू कराकर कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया। पोल्ट्रीफॉर्म के मालिक हमीद ने बताया कि खेत में नलकूप के पास उसने पोल्ट्रीफार्म बनाया हुआ है। जो दो सालों से संचालित है। बताया कि 1530 चूजे चार दिन पहले ही खरीद कर लाया था। बुधवार सुबह करीब सात बजे वह अपने बेटे साकिब के साथ खेत जा रहा था। रास्ते में एक व्यक्ति से बात करने लगा और उसका बेटा आगे निकल गया। जिसने फॉर्म में आग लगी देख दूर से ही चिल्लाने लगा। बताया कि जैसे-तैसे नलकूप चलाकर आग पर काबू पाया है। कहा कि मात्र आठ बोरी दाना बचा है। कहा कि दमकल वाहन आया, लेकिन तबतक सब कुछ जलकर राख हो गया था। पीड़ित के मुताबिक आगजनी में करीब ढाई लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित का कहना है कि उसने देखा तो नहीं, लेकिन यह तय है कि आग किसी ने लगाई है। क्योंकि न तो वहां बिजली कनेक्शन है और न ही आग पैदा होने का अन्य सामान है। कहा कि पुलिस में सूचना दर्ज करा दी है। साथ ही लेखपाल को भी जानकारी दे दी है। जो नुकसान का आंकलन करने आज आएगा।

### तमंचे के बल पर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** तमंचे के बल पर घर में घुसकर आरोपी ने तीन माह पूर्व युवती से दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी दे लगातर दुष्कर्म करने के साथ ही अपने साथी के साथ मिल सामूहिक दुष्कर्म भी किया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 23 दिसंबर 2023 की शाम जब वह अपने घर में अकेली थी। तभी इचौली निवासी एक युवक तमंचा लेकर उसके घर में घुस आया और तमंचे की बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया कि आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बताया कि पिछले 18 मार्च की रात करीब 10 बजे आरोपी अपने एक साथी के साथ आया और दोनों ने उसके साथ बुरा काम किया। कहा कि इस दौरान हुई हाथापाई में उसने आरोपी के हाथ में काट लिया था। दूसरे आरोपी की फोटो भी खींच ली है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इचौली चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### तमंचा सहित फोटो वायरल होने पर युवक गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में सोशल मीडिया सैल इटावा एवं थाना सैफई पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे सहित फोटो वायरल करने पर आरोपी गिरफ्तार किया। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सोशल मीडिया सैल इटावा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही थी, इसी दौरान युवक का अवैध तमंचे के साथ वायरल फोटो प्राप्त हुआ जिसके संबंध में इलैक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर जानकारी प्राप्त कर थाना सैफई को अवगत कराया गया। थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अमरसीपुर बम्बा पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी मंजीत कुमार पुत्र विपिन कुमार निवासी नगला नरिया थाना जसवंतनगर को पैरामेडिकल तिराहे के पास से अवैध तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशोदा रानी प्रभारी मीडिया सैल, का. अभय शुक्ला, का. राहुल प्रजापति, का. अमन चौधरी, का. शैलेन्द्र यादव, का. नीरज पाल, का. विशाल चौधरी तथा बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. नितिन कुमार, का. परविन्द कुमार, का. अभेन्द्र कुमार, का. विजय कुशवाहा का सराहनीय योगदान रहा।

### आर्थिक तंगी के चलते किसान ने लगाई फांसी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जरिया थानाक्षेत्र के करियारी गांव निवासी गरीब किसान बेटी की शादी के चिंता में फंदा लगा जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। गांव निवासी मृतक किसान के भाई नंदराम यादव ने बताया कि उसका बड़ा भाई नंदकिशोर यादव (45) के नाम तीन बीघा जमीन है। जो मेहनत मजदूरी व खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि भाई के पांच बेटी शिवानी, शालनी, कामनी, आरती व पायल है। बड़ी बेटी शिवानी (19) की शादी जनपद जालौन के बम्होरी गांव में तय की थी। बताया कि 23 अप्रैल को शादी होनी तय थी। लेकिन, भाई बैंक व साहूकारों के करीब एक लाख का कर्ज था। जो बेटी की शादी को लेकर परेशान रहता था। बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे उसने घर में फंदा लगा आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने उसे फंदे में लटका देख आनन-फानन में उसे उतारकर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पांच बेटियों सहित पत्नी शिल्पी को रोता बिलखता छोड़ गया। उप निरीक्षक रमाकांत शुक्ला ने बताया कि मृतक की पांच बेटियां हैं। एक बेटी की शादी अगले महीने होनी तय थी। कहा कि आर्थिक तंगी से परेशान हो जान देने की जानकारी मिल रही है। कहा कि परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं।

### परशुराम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी भंग

**इटावा।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. की इटावा जिला कार्यकारिणी भंग कर दी गयी है। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति उ. प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि इटावा जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शीघ्र ही सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा उसके बाद जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जायेगा। नयी जिला कार्यकारिणी में सक्रिय व लगनशील लोगों को ही पद दिये जायेगें। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी को निर्देशित किया गया है कि वह एक सप्ताह के अंदर नयी जिलाकारिणी का गठन करके सूची प्रदेश कार्यालय पर भेजे।

# सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भाव विभोर हुए भक्तगण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शहर के पस्तौर गली स्थित शिव मंदिर में चल रहे साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास शास्त्री पं. योगेन्द्र तिवारी जी महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। कथा प्रांगण में आयोजक शिव सेवा परिवार के सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। मंच का संचालन पं. सुमन्त शर्मा ने किया।

# मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता की उपस्तिथि में 230 महोबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 231 चरखारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई।

बैठक में क्रिटिकल और वल्नरेबिलिटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा गया कि अपनें-अपने बूथ पर जाकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें तथा संवेदनशील इलाकों वाले पोलिंग स्टेशनों को चिन्हित किया जाए। मतदान केंद्र और उसके आसपास महत्वपूर्ण घटनाओं की सूचना एकत्र की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी नें सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस को ध्यान में रख कर ही काम करें।

उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से बूथों की जानकारी ली और कहा की यह सुनिश्चित किया जाए कि कमजोर वर्ग का व्यक्ति बिना किसी डर के मतदान करने में सक्षम हो।

डिस्पैच केंद्रो से मतदान दलों की रवानगी के समय आर.ओ. संबंधित पीठासीन अधिकारी को मतदान केंद्र क्षेत्र के भीतर संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी देंगे। मतदान के दिन मतदाताओं को डराने धमकाने या बाधा डालने की घटना ना हो इसके लिए अपने-अपने बूथों पर जाकर स्थानीय लोगों के संपर्क में रहकर उनसे जानकारी ले।ऐसे मतदान केंद्र जहां पिछले पांच वर्षों में लोकसभा या राज्य विधानसभा के किसी भी चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया के खराब होने और बूथ कैप्चरिंग जैसे चुनावी अपराधों के कारण मतदान आयोजित किया गया था ऐसे मतदान केंद्रों को चिन्हित किया जाए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर एसपी सत्यम, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह सहित समस्त अधिकारीगण एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# दीपक सोलंकी जिला उपाध्यक्ष, पीयूष बने महासचिव






**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ समाजवादी युवजनसभा की कार्यकारिणी का विस्तार

लोहिया भवन महोबा में समाजवादी युवजन सभा की मीटिंग एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला प्रमुख हेमंत यादव, महासचिव पीयूष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक सोलंकी व जसवंत सिंह घोष, जिला सचिव प्रेम श्रीवास, जिला सचिव आकाश राजपूत, विधान सभा अध्यक्ष महोबा अरुण कुशवाहा को बनाया गया। वहीं विधान सभा अध्यक्ष चरखारी राहुल यादव को बनाया गया। सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष कैलाश कुशवाहा उर्फ नन्ना ने बताया कि कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष मुहम्मद ग्यासऊदीन, नगर अध्यक्ष कबरई हिमांशु यादव, नगर अध्यक्ष श्रीनगर राजकुमार कुशवाहा, नगर अध्यक्ष पनवाड़ी जवाहर पासवान, नगर अध्यक्ष कुलपहाड़ संदीप घोष को बनाया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर प्रतिनिधि पुष्पेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्र शिवहरे, पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा भागीरथ यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख कबरई हरी सिंह वर्मा के साथ ही सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले पांच गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ शहर कोतवाली एवं जनपदीय स्वॉट की संयुक्त पुलिस टीम को मिली सफलता

▸ 20 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 06 लाख) बरामद



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्योहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

एसआई देवेंद्र कुमार ओझा के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम ने चूडी वाली गली के पास से पुष्पा कुशवाहा पुत्री कल्लू कुशवाहा निवासी अतरारमाफ श्रीनगर व योगेश तिवारी पुत्र भगवत प्रसाद तिवारी निवासी कुआं बारी खरेला को हिरासत में लिया। जिनके कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में 07 किलो 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया। जनपदीय स्वॉट एवं शहर कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान के तहत पठा बैरियर के पास गीतेश तिवारी पुत्र अशोक तिवारी ग्राम चंदौली खरेला, विकास पांडेय पुत्र ज्ञानधर पांडेय निवासी सुल्तानपुर जनपद चंदौली व शशि शेखर पांडेय पुत्र देवी प्रसाद पांडेय निवासी जनार्दनपुर थाना दुर्गावती कैमूर बिहार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो पिट्ठू बैग व एक ट्राली बैग मे कुल 13 किलो सूखा गांजा व 04 एन्ड्रायड मोबाइल बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम में एसआई देवेन्द्र कुमार ओझा, एसआई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, एसआई सुजीत कुमार जायसवाल, स्वाट टीम के एसआई रवि कुमार व एसआई विवेक कुमार यादव शामिल रहे।

# चुनाव में व्यापारियों का समर्थन पार्टी को जिताने का काम करेगा : संतोष साहू

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी व्यापार सभा की प्रांतीय बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश रहे जिसमे समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल की उपस्थिति में समाजवादी व्यापार सभा महोबा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने अखिलेश यादव से मुलाकात कर बताया कि व्यापारी पीडीए पंचायत के द्वारा व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने का काम किया गया बताया कि इस बार आम चुनाव में व्यापारियों का बड़ा समर्थन पार्टी को जिताने का काम करेगा लोकसभा -47 हमीरपुर के पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार व जनसमर्थन के बारे में भी गहन चर्चा हुई ओर उन्होंने कहा कि चुनाव में आप लोगो को तमाम तरह के संघर्षों का सामना करना पड़ेगा जिसके लिए आप लोगो को डरने की जरूरत नहीं है लखनऊ कार्यालय से सम्पर्क बना रहेगा जिससे आपकी हर समय मदद होती रहेगी पीडीए के लोगो को एकजुट रहने की सलाह दी पीडीए के लोग ही इस बार भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे लोकतंत्र को बचाना है तो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना होगा यही संकल्प लेकर प्रदेश के तमाम व्यापारियों ने व्यापारी एकता के नारे लगाकर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का अभिवादन किया और अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में पार्टी व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया।

# परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं शुरू, बीएसए ने लिया जायजा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों की बुधवार को शुरू हुई परीक्षा में पहली पाली में गणित व द्वितीय पाली में कला की परीक्षा संपन्न कराई गई। बीएसए ने करीब छह विद्यालयों का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। करीब 85 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षाएं दी हैं। जिले में कुल 967 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 1.10 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। जिनकी बुधवार से परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस बार कक्षा एक को छोड़कर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए हैं। साथ ही कड़ी निगरानी में पहले दिन परीक्षाएं संपन्न कराई गई। बीएसए आलोक सिंह ने कई स्कूलों में जाकर औचक निरीक्षण किया। बच्चों से सवाल जवाब किए। कहा कि कक्षा एक व दो के बच्चों को मौखिक परीक्षाएं कराई गई हैं। पहले दिन 85 फीसदी बच्चों ने परीक्षाएं दी हैं। अमर उजाला टीम ने परीक्षाओं की पड़ताल कर हकीकत जानी। जहां सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरस्त पाई गईं।

# वरिष्ठ पत्रकार की पुत्रवधू को अमेरिका ने सिल्वर प्ले बटन का दिया इनाम

▸ 23 को संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन

**मुस्करा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना व कस्बा निवासी वरिष्ठ पत्रकार हर स्वरूप व्यास की पुत्र वधू श्रीमती कोमल व्यास को कोमल भजन संगीत के चैनल को एक वर्ष में एक लाख श्रोताओं सब्स्क्राइबर बटन दबाकर समर्थन देने पर अमेरिका से पुरुस्कार स्वरूप सिल्वर प्ले बटन दबाकर शुभकामनाएं दी।

बताते चलें कि मुस्करा कस्बा व थाना निवासी हर स्वरूप व्यास की पुत्र वधू श्रीमती कोमल व्यास ने वर्ष 2023 में कोमल भजन संगीत यूट्यूब चैनल का शुभारंभ कर नये नये भजन का प्रसारण किया जिससे उनके चैनल को एक लाख श्रोताओं ने सब्स्क्राइबर बटन दबाकर एक कंठ से सराहना की। वही अमेरिका ने उनके चैनल के एक लाख सब्स्क्राइबर होने पर श्रीमती कोमल व्यास पत्नी योगेश व्यास जो दैनिक जागरण के संवाददाता के पद पर कार्यरत हैं।के चैनल को सिल्वर प्ले बटन पुरुस्कार के रूप में दबा कर शुभकामनाएं संदेश भेजा है। इस कामयाबी हासिल होने पर वरिष्ठ पत्रकार हर स्वरूप व्यास ने अपने निज निवास व्यास भवन में आगामी 23 मार्च को प्रातः 9 बजे से संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं।

# लापता नाबालिग किशोरी को न खोजने पर पीड़ित ने डीआईजी से लगाई गुहार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भरुआ सुमेरपुर पुलिस व्दारा क्षेत्र के एक ग्राम से एक माह पूर्व लापता किशोरी को मुकामी पुलिस नाकाम होने पर पीड़ित ने डीआईजी बांदा की डयूडी पहुंच कर लापता पुत्री को खोजने के लिए गुहार लगाई है। बताया जाता है कि विगत एक माह पूर्व भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम से नाबालिग बालिका लापता हो गयी थी। जिससे उक्त बालिका के पिता ने भरुआ सुमेरपुर थाना में अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की तहरीर देकर खोजने की गुहार लगाई थी। मुकामी पुलिस ने उक्त बालिका की खोजबीन करने में रुचि नहीं ली। जिससे उक्त बालिका के पिता ने डीआईजी बांदा के कार्यालय में पहुंच कर लापता पुत्री के खोजने के लिए प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। वही डीआईजी बांदा ने इस मामले के संबंध में पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।अब देखना है कि उक्त लापता बालिका को पुलिस टीम कब तक खोजने में कामयाब होगी।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में उल्लास से मनाई गई होली

▸ होली वैमनस्यता को दूर कर प्रेम बढ़ाने का त्यौहार है : डॉ कैलाश चंद्र यादव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



होली के पावन पर्व को आज पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर कर भाग लिया द्य छात्रों ने उल्लास के साथ अपने मित्रों को मिष्ठान खिलाते हुए रंग से सराबोर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य माननीय श्री कैलाश चंद्र यादव ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर रोली लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसका क्या सामाजिक महत्व है उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जैसे एक रंग में सभी सराबोर होकर अपनी व्यक्तिगत पहचान खोकर समष्टि में बदल जाते हैं उसी प्रकार हमारा हिंदू समाज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर राष्ट्र जीवन के उत्थान में अपने को राष्ट्र प्रेम के रंग में रंग लेता है। होली आपसी वैमनस्यता व द्वेष को दूर कर आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देती है जिससे मानव जीवन अपने चरमोत्कर्ष को प्राप्त करता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती साधना शर्मा ने किया। उन्होने अपनी चुटोली वाक् शैली से सबको हसाया। श्री बिगनेश जी मनीष जी गौरव जी कविता जी विश्वबंधु संगीता जी एवं समस्त विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महिती भूमिका निभाई।

# आधुनिकता की चकाचौंध में बदरंग होता जा रहा होली का रंग

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



▸ रंगों से सराबोर करने का चलन लगभग बंद

आधुनिकता की इस चकाचौंध में जहां तमाम सामाजिक बदलाव हुआ है, वहीं त्योहारों के मायने भी बदले हैं। पूर्व में रंगों के पर्व में रंगों से सराबोर करने का रिवाज जगह-जगह था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। रंगों से सराबोर करने की जगह लोग अबीर से चेहरे को सुर्ख कर देते हैं अथवा सूखा रंग हथेली में जरा से पानी में घोलकर चेहरे को पोत देते हैं। अब इसी तरह की होली के रंग जगह जगह दिखाई देते हैं। इससे बुजुर्ग काफी आहत है क्योंकि इस परंपरा में प्रेम उत्साह उमंग कम फूहड़पन कुछ ज्यादा है। यह सामाजिक दृष्टिकोण से शोभायमान नहीं है।

रंगों के पर्व होली की बात चलते ही विदोखर के बुजुर्ग फाग गायक अमर सिंह पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्होंने कुछ याद करते हुए बताया कि तब में और अब में बहुत अंतर है। तब लोगों के अंदर उत्साह उमंग प्रेम सौहार्द दिखता था। लोग एक दूसरे के आने का बेसब्री से इंतजार करते थे और सामने आते ही शिष्टाचार के साथ गहरे रंगों से एक दूसरे को सराबोर करके गले से लगा लेते थे। अब ऐसा नहीं है। अब रंगों से सराबोर करने का सिलसिला थम सा गया है। लोग अबीर लगाकर पर्व की रस्म अदायगी कर लेते हैं। कस्बा निवासी राजेंद्र निगम दद्दा कहते हैं कि प्रेम उत्साह उमंग के इस पर्व को युवा वर्ग ने बुरी तरह से बर्बाद कर दिया है। होली के पर्व को युवाओं ने हुडदंग का रूप दे दिया है जबकि ऐसा नहीं है। यह पर्व हुडदंग मचाने का नहीं बल्कि एक दूसरे के प्रति प्रेम उत्साह जताने का है। कभी होली पर्व पर रंगों की भरमार होती थी। यह गुजरे जमाने जैसा हो गया है। रंगों की जगह लोग तरह-तरह के अन्य केमिकल रंगों को लाकर होली के रंग को बदरंग कर दिया है। जब तक रंगों के इस तरह के पर्व से इस तरह के रंगों को बाहर नहीं किया जाएगा तब तक रंगों के इस पर्व में खुशी प्रेम उत्साह सौहार्द आपसी भाईचारे के रंग नहीं भरे जा सकते हैं।

# अपने नाम दर्ज करायी सार्वजनिक प्रयोजन की जमीन

## डीएम के निर्देश पर खारिज हुआ आदेश, जमीन फिर से ग्राम सभा के नाम दर्ज, अधिकारियों को दिए निर्देश

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा ली गई जमीन को जिलाधिकारी के आदेश पर पुनः ग्राम सभा की जमीन में दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

मामला तहसील उतरौला का है जहां पर आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी निवासी सादुल्लाह नगर तहसील उतरौला ने ग्राम सभा की सार्वजनिक प्रयोजन के सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन गाटा संख्या 1471 रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली गई। जिलाधिकारी को गोपनीय शिकायत मिली कि आरिफ अनवर हाशमी द्वारा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा लिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की गोपनीय जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जांच में पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी ने वर्ष 1979 में बाले पुत्र राम नारायन से 10 बिस्वा जमीन बैनामा लिया गया था। बैनामा ली गई जमीन में से साढ़े चार बिस्वा रकबा को आरिफ अनवर हाशमी द्वारा नाली में दर्ज करा दिया गया और खाद गड्ढे के लिए सुरक्षित जमीन गाटा संख्या 1471 की जमीन रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा लिया। अभिलेखों को खंगालने पर पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी ने चकबन्दी अधिनियम 1953 की धारा 42-क में दिए गये प्राविधानों को दरकिनार करते हुए गलत तरीके से सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को अपने दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली है। गोपनीय जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भूमाफियाओं के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने के आदेश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिये जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण में वाद दाखिल किया गया। इस प्रकरण में आरिफ अनवर हाशमी के नाम दर्ज सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को निरस्त करते हुए पुनः ग्राम सभा की सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन के रूप में दर्ज कर दिया गया है।

## पंचायत भवन से सोलर प्लेट उठा ले गए चोर

**उतरौला, बलरामपुर।** थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत ग्राम फत्तेपुर में चोरों ने पंचायत भवन पर लगे सोलर प्लेट उठा ले गए चोरी की घटना से ग्रामीण कयास लगा रहे ,ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने कोतवाली उतरौला प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय तहसील अन्तर्गत ग्राम फत्तेपुर में पंचायत भवन में लगे सोलर प्लेट 17/18 रात्रि में चोरों ने पंचायत भवन के छत पर लगे सोलर प्लेट चुरा ले गए ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब चोरी की घटना पता चला तो ग्राम प्रधान को सूचना दी मौके पर ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी पहुँची तो उन्होंने देखा कि पंचायत भवन का सोलर प्लेट नही है जिससे ग्राम पंचायत का कार्य बाधित हो रहा है। ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने बताया कि कोतवाली उतरौला प्रार्थना दिया गया है।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



ब्लॉक संसाधन केंद्र उतरौला पर बुधवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उतरौला के पूर्व बीईओ सतीश कुमार ने नवागत बीईओ सुनीता वर्मा को बुके व प्रतीक चिन्ह देखकर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण के बाद नवजात बीईओ ने विभागीय सूचनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों में बच्चों को बेहतर पठन पाठन के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रेरणा लक्ष्य, आपरेशन कायाकल्प, डीवीटी, बच्चों का आधार वेरिफिकेशन, निपुण भारत आदि लक्ष्यों को ईमानदारी पूर्वक पूरा करें। कहा कि अब टेक्नोलॉजी का जमाना है सभी चीजें ऑनलाइन होती जा रही है। कहा कि अगर कोई समस्या आ रही है तो उसका निस्तारण अवश्य ही किया जायेगा। इसके पूर्व नवागत बीईओ का कार्यालय सहायक अमित श्रीवास्तव, अमरनाथ, संतोष, अतुल, एआरपी विजय यादव, विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार, अनवार अहमद सहित अन्य शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## युवती से दुष्कर्म में वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** तीन माह पूर्व से युवती को बहला फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित चल रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश किया।

लगभग तीन माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी रिषभ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में वांछित चल रहा था। कोतवाली में तैनात एसआई अनिल राणा को सूचना मिली कि उक्त आरोपी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

# चुनावी प्रिंटिंग सामग्री पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम मुद्रित हो

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



राजेश कुमार जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिलाधिकारी/ रिटर्निंग आफिसर, 45-जालौन (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजेश कुमार पाण्डेय ने समस्त प्रबंधक प्रिंटिंग प्रेस, मुद्रक को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 पैम्पलेट, पोस्टर आदि के मुद्रण के संबंध में दिशा निर्देश दिए कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र 14 मार्च 2024 के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु जारी दिशा निर्देश पुस्तिका में जारी दिशा निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पैम्फ्लेटों, पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधितव अधिनियम, 1951 की धारा 127 क के उपबंधों द्वारा विनियमित किया गया है। जिसके अनुसार आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के कम में जनपद के सभी मुद्रणालयों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त धारा 127 (क) की अपेक्षाओं की तरफ उनका ध्यान दिलाते हुए विशेष रूप से अनुदेश दिए जाते है कि किसी भी निर्वाचन पैम्पलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट

> आयोग के अनुदेशों के उल्लघंन को गंभीरता से लिया जाएगा

रूप से उल्लेख किया जाएगा। प्रिंटिंग प्रेसों से धारा 127क (2) के तहत मुद्रण सामग्री होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) भेजने तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर उसे भेजने को कहा जाएगा। धारा 127 (क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लघंन को गंभीरता से लिया जाएगा।

आयोग के उक्त निर्देश की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि निर्वाचन प्रचार सामग्री मुद्रण हेतु आयोग द्वारा जारी उक्त दिशा निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाही सम्पन्न करेंगे।

# लाइन खींचते समय आठ खंभे टूटने से आपूर्ति बाधित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

132 केवी की नई लाइन की भदरेखी से जालौन तक डबल सर्किट बनाई जा रही है। लाइन निकालने के लिए तीन से चार घंटे का समय लगना था। लेकिन इस दौरान लाइन खींचते समय 33 केवी लाइन के आठ खंभे टूटने और तार गिरने से दिन भर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। सायं करीब छह बजे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली की सप्लाई शुरू हो सकी। बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए 132 केवी की नई लाइन की डबल सर्किट बनाई जा रही है। ताकि बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। यह डबल सर्किट लाइन भदरेखी बिजली घर से जालौन के उदोतपुरा बिजली घरर तक लाई जा रही है। इस दौरान जालौन में 132 केवी लाइन को 33 केवी लाइन को क्रॉस करना था। इसके लिए सुबह नौ बजे से काम शुरू हुआ।

33 केवी लाइन को खंभे से उतारकर फिर 132 केवी की लाइन क्रॉस कराई गई। 132 केवी की लाइन क्रॉस होने के बाद 33 केवी लाइन को खंभे तक चढ़ाने का काम शुरू हुआ। लेकिन इस दौरान तकनीकी टीम तारों के कसाव का आंकलन ठीक से नहीं कर सकी और कसाव अधिक होने की वजह से एक के बाद एक आठ खंभे और लाइन उदोतपुरा और जालौन के बीच खेत में टूटकर गिर गए। लाइन व खंभे टूटने की खबर मिलते ही एक्सईएन महेंद्रनाथ भारती, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई नवीन कंजोलिया, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, सुमित सनौरिया आदि मौके पर पहुंच गए। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि नए खंभे लगने और तारों को चढ़ाने में अभी समय लगेगा।

# सात हजार आयुष्मान लाभार्थियों को नही मिला कार्ड

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में कम्प्यूटर पर फीड किए गए शहरी आयुष्मान लाभार्थियों को योजना शुरू होने के छः वर्ष बीतने के बाद भी करीब सात हजार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड नही मिल सके हैं। आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्ड न मिलने से लाभार्थी इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में 2018से शुरू हुई थी। इस आयुष्मान योजना में शहरी क्षेत्र नगर पालिका परिषद उतरौला के निवासियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अब तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में करीब 2500 लाभार्थियों तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 236 फेमिली तथा 372 अन्त्योदय के फेमिली का आवेदन कम्प्यूटर में फीड किया गया है। इसी तरह अर्बन एरिया के करीब दो हजार लाभार्थियों का आवेदन कम्प्यूटर में फीड कर दिया गया। लाभार्थियों का आवेदन फीड होने के बाद लाभार्थियों को अस्थाई आयुष्मान पत्र दे दिया गया लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं दिया गया। आयुष्मान कार्ड न होने से उसे अस्पतालों द्वारा एक्टिबेट नहीं हो सका। आयुष्मान कार्ड का एक्टिबेट न होने से अस्पतालों में उन्हें आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। सीएचसी उतरौला के आयुष्मान मित्र महेन्द्र कुमार ने बताया कि पूरे प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रदेश मुख्यालय की आयुष्मान कार्ड संस्था एस ए सी एच के द्वारा बनाकर भेजा जाता है। इस संस्था ने उतरौला नगर के अर्बन एरिया नगर पालिका परिषद उतरौला के अन्तर्गत के आयुष्मान कार्ड धारक लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड छ वर्षों के व्यतीत होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला को नहीं भेजा है। इस कारण आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड नहीं वितरण किया जा सका है। आयुष्मान कार्ड बनकर आने पर उसे अर्बन एरिया के आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्ड वितरण किया जाएगा।? इधर प्रधानमंत्री के इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को न मिलने से शहरी क्षेत्र के लाभार्थी परेशान हैं।

## खबरें एक नजर में

### न्यायिक उपजिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार



**उतरौला,बलरामपुर।** न्यायिक उपजिलाधिकारी राकेश जयंत ने संभाला कार्यभार तथा तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ परिचय सम्मेलन किया। जिसमें न्यायिक उपजिलाधिकारी ने अपना परिचय देते हुए सभी अधिवक्ताओं को अपेक्षित सहयोग करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने उन्हें पूर्ण सहयोग करने का वचन दिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद यादव,महामंत्री अमित श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, मोईद सिद्दीकी, शमशाद बाबू,रामसूरत यादव, राजन श्रीवास्तव, निजामुदीन अंसारी,विनीश गुप्ता,अखिलेश यादव, शहबाज फजल खान, सुभाष वर्मा,रामदेव मौर्य,आशीष कसौधन, नीरज गुप्ता,सोनू गुप्ता, अजीत मौर्य,आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सीडीओ ने गौशाला का लिया जायजा

**कुठौंद,जालौन।** 20 मार्च मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय द्वारा अस्थाई गौशाला मडोरा में और साई गौशाला की औचक पड़ताल की। कहां पर अस्थाई गौशाला में गौवंश हरा चारा खाते हुए मिले। वहां पर साफ सफाई किए जाने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात विकासखंड कार्यालय में आकर क्षेत्र की सभी संचालित 33 गौशालाओं की समीक्षा कर कड़े निर्देश भी दिए।

### एसडीएम-सीओ ने मतदेय बूथों की परखी हकीकत

**कोंच (जालौन)।** लोकसभा आम चुनाव को लेकर यहां आगामी 20 मई को पांचवें चरण में संपन्न होने वाले मतदान के दृष्टिगत मतदेय बूथों पर व्यवस्थायें चाक चौबंद किए जाने में प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है। बुधवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ उमेश पांडेय और तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने तहसील क्षेत्र के ग्राम भदेवरा, खकल और तूमरा के मतदेय बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थायें परखी। बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, लघुशंकालय और साफ-सफाई की व्यवस्था अधिकारियों ने देखी। इसके अलावा दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं हेतु बूथ के अंदर रैम्प और कक्षों में दरवाजे खिड़की की भी स्थिति देखी। मतदान के समय में गर्मी का मौसम देखते हुए बूथ के अंदर छाया की भी व्यवस्था अधिकारियों ने परखी।

### बेटे द्वारा दुकान बेचकर रुपये हड़पने की हुई शिकायत

**कोंच(जालौन)।** बेटे द्वारा दुकान बेचकर रुपये हड़पने की पुलिस से शिकायत करते हुए पीड़ित माँ ने कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। नगर के मुहल्ला गोखले नगर निवासी पीड़ित महिला रामश्री पत्नी स्व. चिंतामन यागिक ने बुधवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका बड़ा बेटा मदन बाजार में हेयर सैलून की दुकान किए हुए था। बेटे मदन की मौत हो जाने के चलते उस दुकान पर उसका मालिकाना हक हो गया था। गत रोज उसे पता चला कि उस दुकान को उसके छोटे बेटे राम मोहन ने 4 लाख रुपये में बेच दी है। उसने राम मोहन से जब रुपयों के बाबत पूछा तो राम मोहन ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया और हिस्सा बंटवारे से साफ मना करते हुए पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी।

# आभूषण लेकर चंपत हुई महिलाओं का नहीं लगा कोई सुराग

## बैंक के अंदर हुई घटना का अभी तक नहीं हो सका खुलासा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गत मंगलवार को दिनदहाड़े बीच बाजार में एक ज्वेलर्स की दुकान पर 2 महिलाओं ने एक लाख से अधिक रुपये कीमत के आभूषण चोरी की घटना को अंजाम देकर दुकानदारों की नींद उड़ाकर रख दी है। इससे पहले 19 फरवरी को स्टेट बैंक के अंदर हुई किसान के साथ 50 हजार की टप्पेबाजी की घटना का भी कोतवाली पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। उक्त दोनों घटनाओं के कोतवाली पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज भी हैं लेकिन अभी तक घटना के आरोपियों तक कोतवाली पुलिस का न पहुंच पाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। बीती 19 फरवरी को दिनदहाड़े भारतीय स्टेट बैंक के अंदर दो टप्पेबाज एक किसान के साथ 50 हजार रुपए की टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देकर भाग गए थे जिससें कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर टप्पेबाजों की काफी तलाश की थी। लेकिन बड़ी बात यह है कि पूरी घटना के सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में नाकाम दिख रही है.और घटना के एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। गत मंगलवार को बीच बाजार में दिनदहाड़े दिनेश सोनी की तनिश ज्वैलर्स नाम की दुकान पर ग्राहक बन कर आई 2 महिलाओं ने आभूषण देखते समय करीब 1 लाख रुपये से अधिक कीमत के आभूषण पार कर भाग गई।

## इंटरलाकिंग डालने में बाधक व्यक्तियों पर कार्यवाही की एसडीएम से उठी मांग

**जालौन (उरई)।** गांव में कुछ लोग इंटरलॉकिंग नहीं बनने दे रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम पंचायत गधेला निवासी आदित्य, अंजली, सुधा, आकांक्षा, मानसिंह, कमलेश कुमार, मनीष कुमार, ममता देवी, दुष्यंत कुमार आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि उनके घर के पास उपस्वास्थ्य केंद्र स्थित है। लगभग 30 वर्ष पूर्व उनकी गली में खडंजा डाला गया था। जो वर्तमान में जीर्ण शीर्ण हो चुका है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कत होती है। इतना ही नहीं उपस्वास्थ्य केंद्र तक मरीजों को पहुंचने में समस्या होती है। ग्रामीण इस रास्ते को बनवाने की मांग काफी समय से कर रहे थे।

# 607 किसानों के खातों में पहुंचायी गयी फसल बर्बाद की धनराशि

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

अतिवृष्टि और वेमौसम बरसात में अपनी फसलों को खो चुके किसानों की आर्थिक सहायता पाने की उम्मीद अब शायद ही पूरी हो सकेगी। क्योंकि इस मद में आया बजट 607 किसानों में ही खर्च हो गया है।

विदित हो कि गत 22 फरवरी से मौसम का मिजाज खराब हो रहा था और मार्च की 2 तथा 3 तारीख को ओलावृष्टि और वेमौसम बरसात से कदौरा व महेवा ब्लाक क्षेत्र में फसलों को काफी नुकसान हुआ था लेकिन मौसम से वे उम्मीद हुए किसानों को शासन की राहत राशि देने की घोषणा से कुछ राहत हुई थी। आनन फानन शासन ने राजस्व विभाग को क्षति का आंकलन कर उनकी सूची विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार अब तक लेखपालो द्वारा लगभग 3000 किसानों की सूची पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है जिसमें लगभग 607 किसानों के

> पोर्टल पर 3 हजार प्रभावित किसानों की सूची की गयी थी अवलोड

खातो में राहत राशि भी पहुंच गई है लेकिन इस मद में आया बजट खत्म हो गया है। सूत्रों की मानें तो शासन ने जनपद को 5 करोड़ रुपये किसानों के आंसू पोंछने के लिए दिए थे जिसमें कालपी तहसील के हिस्से में लगभग 30 लाख रुपये आये थे जो खत्म हो गए हैं जिससे अतिवृष्टि और वेमौसम बरसात में अपनी फसलों को गंवा चुके किसानो को नाउम्मीद होना पड़ सकता है हालांकि तहसीलदार कहते हैं कि सर्वाधिक फसलों की क्षति कदौरा ब्लाक के परासन तथा आसपास के क्षेत्र में हुई है जिससे किसानों की संख्या अभी और बढ़ सकती है जिसके चलते शासन से इस मद में और धन मांगा गया है अगर आता तो वितरित किया जाएगा इसलिये अभी किसानों को नाउम्मीद होने की जरूरत नहीं है।

## पचास लीटर कच्ची शराब सहित पुलिस ने युवक को पकड़ा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से नाजायज शराब का धंधा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर एक युवक को 50 लीटर कच्ची शराब सहित पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी कोतवाली उप निरीक्षक वसीम अहमद, कांस्टेबल राम सिंह क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिलने पर कालपी नगर के आलमपुर निकासा गेट के पास घेराबंदी करके आरोपी युवक सुधीर कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला राम चबूतरा थाना कालपी को नाजायज 50 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि युवक के खिलाफ पुलिस आबकारी अधिनियम 60 के अंतर्गत मुकदमे दर्ज करके चालान कर दिया है। बताते हैं कि आरोपी अवैध तरीके से शराब को बेंचने के लिए ले जा रहा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# विद्युत चेकिंग टीमों ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

> आधा सैकड़ा से अधिक बकायेदारों ने काटे गये कनेक्शन

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उप्र पावर कारपोरेशन के निर्देश पर विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की 4 अलग अलग टीमों के द्वारा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा सैकड़ा से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के संयोजन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई। उपखंड अधिकारी आदर्श राज ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 5 बड़े बकायेदारों को इस बार रडार में लिया गया है। कालपी के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार वर्मा, महेवा के अवर अभियंता अमन खान, न्यामतपुर की अवर अभियंता नवनीत कुमार, टीजीटू भूपेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि चिन्हित बकायदारों के संयोजनों को विच्छेद करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। विभागीय सूत्रों के मुताबिक टरनंनगंज, राम चबूतरा, हरीगंज महमूदपुरा, बड़ा बाजार आदि मुहल्लों में वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के द्वारा चार लाख से अधिक राजस्व वसूली की गई। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फहमीद खान, एके निगम आदि लाइनमैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।

## मुफ्त नलकूप बिजली का लाभ उपभोक्ताओं को ही मिलेगा

**कालपी (जालौन)।** विद्युत विभाग के शायद ज्यादातर नलकूप उपभोक्ता विभाग की मुफ्त बिजली योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। ओटीएस योजना के बाद भी अभी तक 800 उपभोक्ताओं ने अपना बकाया जमा नहीं किया है। विदित हो कि प्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से नलकूप उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है लेकिन इसके लिए उन्हें 31 मार्च 2023 तक का बकाया जमा करना होगा और विभाग ने किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए एकमुश्त समाधान योजना भी लागू की थी जिसमे निर्धारित तिथि तक बकाया जमा करने पर ब्याज में शत प्रतिशत छूट देने का ऐलान किया था लेकिन इसके बाद भी नलकूप उपभोक्ता इस योजना के लाभ के प्रति गंभीर नहीं है। आलम यह है कि अभी तक महज 700 नलकूप उपभोक्ताओं ने ही इस योजना का लाभ लिया है और 800 उपभोक्ताओं ने मुफ्त बिजली पाने के क्रम में विभाग का बकाया जमा नहीं किया है हालांकि इसके लिए विभाग ने फिर से मौका देते हुए एकमुश्त समाधान योजना लागू की है जो अभी कुछ माह तक चलेगी। उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव के मुताबिक अगर उन्होंने निर्धारित तिथि तक योजना में पंजीकरण नही कराया और बकाया जमा नहीं किया तो उनका नि:शुल्क बिजली का सपना अधूरा रह सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह ब्याज में शत प्रतिशत छूट पाने के लिए 31 मार्च तक बकाया जमा कर दें अन्यथा की स्थित में विभाग संयोजन विच्छेदन की भी कार्यवाही शुरू कर सकता है।

**INFORMATION**

I ,No 3001192X/HAV Hariom Singh R/O 25 Rajput Rajput regiment centre Fatehgarh, (UP) has declared that my son's Name Manvinder singh & DOB 29.08.2012 is Wrongly written in my service records .His correct name is Manvendra Singh &DOB 29.08.2014 .

**INFORMATION**

I ,No 3001189X/HAV Sunil Singh R/O 19 Rajput Rajput regiment centre Fatehgarh, (UP) has declared that my Daughter's Name Hunny is Wrongly written in my service records .Her correct name is Hunny Shekhawat.

कार्रवाई | खाद्य नमूने जाँच के लिए प्रेषित किये गए प्रयोगशाला : सहायक खाद्य आयुक्त

# खाद्य सुरक्षा टीम ने निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के भरे सैम्पुल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश के अनुक्रम में आगामी त्योहार होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर उरई नगर पालिका में निम्नलिखित खाद्य कारोबारकर्ताओं के प्रतिष्ठान से निरीक्षण कर कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि जवाहर गंज उरई में स्थित राठौर किराना स्टोर प्रो. संदीप कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन व मैदा का नमूना संग्रहित किया गया, जवाहर गंज उरई में स्थित प्रदीप कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ चिप्स का नमूना संग्रहित किया गया, जवाहर गंज उरई में स्थित सुशील टिकरिया के परिसर से खाद्य पदार्थ मैदा, कचरी का नमूना संग्रहित किया गया। जवाहर गंज उरई में स्थित राजाराम राठौर के परिसर से खाद्य पदार्थ सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया।

खोया मण्डी बल्दाऊ चौक में स्थित उमाशंकर पुत्र रूपनरायन के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित किया गया, खोया मण्डी बल्दाऊ चौक में स्थित वैभव गुप्ता के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया के 2 नमूनें संग्रहित किये गये, गोपाल गंज सब्जी मण्डी के पास स्थित फर्म अनिल कुमार पुत्र स्व. रामबाबू पुरवार के परिसर से खाद्य पदार्थ रिफाइन्ड पाम ऑयल, सरसों का तेल, सोया कन्च, बेसन, पामोलिन ऑयल के कुल 5 नमूने संग्रहित किये गये, राजमार्ग उरई में स्थित बच्चाराम स्वीट हाउस के परिसर से खाद्य पदार्थ इमरती, नमकीन, पेठा, वर्षी के कुल 4 नमूने संग्रहित किये गये। सहायक आयुक्त (खाद्य) अभिहित अधिकारी ने बताया कि संग्रहित खाद्य नमूने वास्ते जाँच प्रयोगशाला प्रेषित किये गए हैं तथा जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में डॉ. जतिन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, अभिहित अधिकारी, आलोक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी व कन्हैयालाल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार शंखवार मौजूद रहें।

# साइबर सुरक्षा और बैंक नियमों के बारे में लोगों को किया जागरूक

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के अंतिम दिन साइबर सुरक्षा और बैंक नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। एनएसएस शिविर के समापन पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने कहा कि इन सात दिनों में जो भी आपने सीखा है अपने जीवन में अपनाएं। लोगों को जागरूक करने के साथ ही स्वयं के लिए भी नियम बनाएं। इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर बात न करें। यदि कोई आपकी पर्सनल डिटेल मांगता है तो कदापि न दें। अपने फोन पर आए किसी भी ओटीपी नंबर को किसी अन्य से शेयर न करें। ऐसा करने पर आपकी साइबर सुरक्षा में सेंध लग सकती है। अनजान लाटरी लगने या प्रलोभन देने वाली लिंक को ओपन न करें। बैंक के कस्टमर केयर का नंबर बैंक से या बैंक की अधिकृत साइट से ही ले। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश दीक्षित ने छात्र छात्राओं के लिए बैंकों से दी जाने वाली सुविधाओं शिक्षा ऋण, छात्रवृति खातों आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही बैंकिंग सुविधाओं के लेने में हो रही दिक्कत की शिकायत लोकपाल या रिजर्व बैंक को भेजकर समाधान कराने की भी बात कही।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपनी विवाहिता पुत्री ज्योति शर्मा के गलत चाल चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि वह कोई गलत कार्य करती है अथवा उससे कोई करवाता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **रघुवीर प्रसाद शर्मा पुत्र स्व0 जगन्नाथ शर्मा, निवासी-बसवाड़ी, तहसील सदर, थाना- सौरिख, जनपद कन्नौज**

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2023 का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 1231351870 है, जो वास्तव में कहीं खो गया है। **राहुल राठौर पुत्र धरनीधर निवासी मंझना, फर्रुखाबाद।**

# साक्षी महराज बोले, मोदी होते तो नहीं होती क्रान्तिकारियों को फांसी

**राज्यमंत्री असीम अरूण व छिबरामऊ की विधायिका ने भी किया संबोधित**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर भाजपा द्वारा इंदरगढ़ तिराहे पर आयोजित जनसभा में उन्नाव के भाजपा सांसद डॉ.सच्चिदानंद हरि साक्षी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रंशसा करते हुए कि जंगे आजादी की



जनसभा को संबोधित करते उन्नाव के भाजपा सांसद डॉ. साक्षी

लड़ाई के दौरान यदि मोदी होते, तो क्रान्तिकारियों को फांसी की सजा नहीं होती। उन्होने कांग्रेस पर भी करारे प्रहार करते हुए समाज के लोगों से फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सांसद डॉ.साक्षी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस व सपा की मानसिकता हिन्दू विरोधी है। कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने तीन दिनों पहले ही हिन्दू धर्म के विरोध में बयानबाजी की है। हिन्दू विरोधी मानसिकता वाले लोग कभी भी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बने। आजादी की लड़ाई में भी कांग्रेस ने कभी भी क्रान्तिकारियों का साथ नहीं दिया। उन्होने ऐलान करते हुए कहा कि उस दौरान यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होते, तो भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव जैसे तमाम क्रान्तिकारियों को फांसी की सजा नहीं होती। जनसभा को कन्नौज के भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण, तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ की विधयिका अर्चना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा सहित कई भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

## तनाव में आकर युवक ने लगायी फांसी

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** युवक ने तनाव में आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम जिठोली निवासी में एक युवक ने घर में ही परिजनों से मामूली विवाद के चलते अपने कमरे में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दौरान जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा, तो मौके पर चीत्कार मच गयी। मृतक की 17 वर्षीय बहन ने भी एक साल पूर्व परिजनों से विवाद को लेकर ही फांसी लगा ली थी। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि थाने में कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना आती है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न

**छिबरामऊ,कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

2024-25 वार्षिक चुनाव के लिए सुबह 9:00 से मतदान प्रारंभ हुआ 2:00 बजे तक हुआ मतदान बार एसोसिएशन छिबरामऊ के वार्षिक चुनाव के लिए आज सुबह 9:00 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और दोपहर 2:00 तक मतदान हुआ।

प्रत्याशियों ने सभागार के बाहर अधिवक्ताओं को ले जाने के लिए अपने-अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अधिवक्ताओं से अनुरोध किया। 3:00 से मतगणना कर प्रारंभ हुआ। समाचार लिखे जाने तक मतगणना जारी रही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया



गया। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में 496 मतदाताओं में से 493 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

# चोरी की नगदी व तमंचों सहित तीन गिरफ्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिनों पूर्व कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर तीन बदमाशों को तमंचो, कारतूसों व नगदी सहित उस समय हिरासत में लिया गया। जब वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में कहीं जा रहे थे।

विगत दिनों पूर्व क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में हुई चोरी की घटना के जल्द खुलासे के लिये उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उपरीक्षक सुनील कुमार चौधरी एवं राजेश प्रताप सिंह ने हमराह सिपाहियों अमन कुमार सिंह, विपुल कुमार, कृष्णकांत, कौशल के साथ संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम पांडेय पुरवा के निकट पहुंचे। तभी तीन संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खड़े हुए।




जिन्हे कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर तीनों युवकों के पास से 5150 की नगदी व तीन 315 बोर के तमंचे एवं तीन कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों अपना नाम सुमित चतुर्वेदी पुत्र राम मनोहर चतुर्वेदी निवासी ग्राम कंधरापुर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद, अभिषेक कटियार पुत्र विनीत कटियार व आलोक शर्मा पुत्र सर्वेश शर्मा निवासीगण कटियार मोहल्ला थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# बलिदान दिवस पर निकली रैली में उमड़ा जनसैलाब

**मिशन अवंतीबाई कमेटी के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

वीरागंना रानी अवंतीबाई के 166वें बलिदान दिवस पर बुधवार को निकली विशाल भव्य शोभायात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी। भीड़ में शामिल लोधी समाज के लोगों ने रानी अवंतीबाई अमर रहे के नारे लगाए। रैली का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। बाद में रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश की आजादी के लिए लड़ी गई जंग में उनकी शहादत को याद किया। अवंतीबाई कमेटी तिर्वा द्वारा लोधी समाज की पथ प्रदर्शक महारानी



विशाल रैली में शामिल समाज के लोग

अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर निकली रैली की शुरूआत बुधवार की दोपहर 12 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज से हुई। इस रैली में कन्नौज के अलावा अन्य कई जिलों से लोधी समाज के लोग शामिल हुए। इस रैली में औरैया जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र की सपा विधायिका रेखा वर्मा, उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, हसेरन के पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय राजपूत, बसपा नेता प्रभात कुमार वर्मा उर्फ लालू, कमेटी के अध्यक्ष अरूण राजपूत के नेतृत्व में हजारों लोग नारेबाजी करते हुए चले। रैली में शामिल लोगों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। कई लोग रानी अवंतीबाई के कट आउट अपने हाथों में लेकर चल रहे थे। यह विशाल रैली ठठिया रोड चैराहा, क्रान्ति चैराहा, गांधी चैक चैराहा से होकर इंदरगढ़ तिराहे पर लगी रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर पहुंची। यहां पर रैली में शामिल सैकड़ो लोगों ने महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया। रैली के समापन पर आयोजक अरूण राजपूत, प्रभात वर्मा उर्फ लालू, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय राजपूत ने रैली में शामिल समाज के लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। रैली में प्रमुख रूप से बरिष्ठ सपा नेता इं.अनिल पाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख नबाव सिंह यादव, अनुराधा राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, महेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, रिंकू राजपूत, शिवकुमार, प्रियांशु राजपूत, रामतीर्थ राजपूत, अजीत राजपूत, रोहित राजपूत, मोहित राजपूत व अखिलेश राजपूत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दो खेमों में बंटा दिखा क्षेत्र का लोधी समाज

**तिर्वा।** महारानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस के मौके पर तिर्वा विधानसभा क्षेत्र का लोधी समाज दो खेमों में बंटा नजर आया। लोकसभा चुनाव के चलते हुई खेमेबाजी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। समाज के लोगों द्वारा इस मौके पर निकाली गई शोभायात्रा की अनुमति अरूण राजपूत ने ली, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा की अनुमति रिंकू राजपूत द्वारा ली गई थी। शोभायात्रा में समाज के लोगों के अलावा कुछ अन्य राजनैतिक दलों के चेहरे भी नजर आए। वहीं भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा में भाजपा खेमे ने अपनी पूरी ताकत दिखाई।

### अवंतीबाई की प्रतिमा लगाने की उठी थी मांग

**तिर्वा।** कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे का पूर्व चेयरमैन मीरा गुप्ता ने अपने कार्यकाल में इस चौराहे का नाम वीरागंना अवंतीबाई रखा था। उसी समय इस चैक पर रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगाए जाने की मांग उठाई गई थी।

### परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा में बच्चों में दिखा उत्साह



प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में परीक्षा देते परीक्षार्थी

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई है। दो पालियों में परीक्षाएं 27 मार्च तक चलेंगी। ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के 90 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की परीक्षाएं दो पालियों में बुधवार से शुरू हो गई है। इसमें कक्षा एक के सभी विषयों की सिर्फ मौखिक परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि 90 विद्यालयों में पंजीकृत 9661 बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। प्रथम पाली में अलग-अलग कक्षाओं में हिंदी, सामाजिक विषय, गणित 9.15 से 11.45 बजे व द्वितीय पाली में कला 12.15 से 2.45 बजे तक परीक्षा संपन्न हुई। क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम, प्राथमिक विद्यालय अनौगी द्वितीय, अलीनगर, गोवा, जेंवा, कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेंवा समेत सभी विद्यालयों में परीक्षाएं हुई। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों में उत्साह दिखाई दिया।

# वेबसाइटों पर विज्ञापन से पूर्व-प्रमाणित करना जरूरी : निर्वाचन अधिकारी

**एन.आई.सी सभागार में मीडिया/सोशल मीडिया के नियुक्त सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को अपर जिला अधिकारी / उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में एन.आई.सी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत मीडिया एवं सोशल मीडिया के नियुक्त सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया श्रेणी में आता है। इस प्रकार सोशल मीडिया पर सभी



राजनीतिक विज्ञापन पूर्व-प्रमाणन के दायरे में आते हैं। नामांकन दाखिल करते समय उम्मीदवारों को फॉर्म 26 में अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया अकाउंट का विवरण देना आवश्यक है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को राजनीतिक विज्ञापनों पर खर्च, खातों को बनाए रखने की लागत, सामग्री विकसित करने और खातों का प्रबंधन करने वाले कर्मचारियों के वेतन सहित सोशल मीडिया प्रचार के खर्च को शामिल करना आवश्यक है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को इंटरनेट आधारित मीडिया/सोशल मीडिया वेबसाइटों पर राजनीतिक विज्ञापनों को जारी करने से पहले पूर्व-प्रमाणित करना आवश्यक है। आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान एवं संबंधित निर्देश उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई सामग्री पर लागू होंगे। ई-पेपर में प्रकाशित सभी राजनीतिक विज्ञापनों को भी पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। प्रशिक्षण दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने व्हाट्सएप, एक्स पोर्टल/ट्वीटर,यूट्यूब,इंस्टाग्राम,फेसबुक आदि प्लेटफार्म पर भड़काऊ भाषा एवं अराजकता फैलाने तथा फेंक न्यूज की निगरानी करने हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जितने भी मीडिया प्लेटफॉर्म सभी को फॉलो किया जाये। उन्होंने सोशल मीडिया एवं ई- विज्ञापन की निगरानी हेतु बेहतर मंत्र दिए। इस अवसर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु शेखर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कस्बा भ्रमण कर ईओ ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तालग्राम नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी ने पंचायत कर्मियों के साथ कस्वे का पैदल भ्रमण कर जहां एकओर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो वही दूसरी ओर नागरिकों की समस्यायें सुनकर अधीनस्थ कर्मियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील भी की। बुधवार को तालग्राम नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी शायमेन्द्र मोहन चौधरी ने कर्मियों के साथ पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई व जलकल व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान मोहल्ला



बजरिया में ओबरफ्लो नालियों को देख कर सफाई नायक संतराम को फटकार लगाते हुये बेहतर सफाई करने के कड़े निर्देश दिये। इसके बाद उन्होनें आने वाले त्योहारों में जलापूर्ति व सफाई व्यवस्था को और बेहतर रखने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, गोकरन सिंह, सफाई नायक संतराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# बबाल-ए-जान बने आवारा गौवंशों को गुस्सायें किसानों ने बारात घर में ठूंसा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से आवारा गौवंश गरीब किसानों की फसलों की बर्बादी के साथ-साथ गरीब किसानों की जान के दुश्मन भी बने हुए है। क्षेत्र में लगातार बढ रही आवारा गौवंशों की संख्या आम जनमानस के लिए बावल-ए-जान बनी हुई है। क्षेत्र में सैकड़ों आवारा गौवंश जो गांव की गलियों से लेकर किसानों के खेतों तक बर्बादी का कारण बने हुए हैं। किसानो के अनुसार जिस खेत में आवारा गोवंशों का हुजूम घुस जाता उस खेत का बंटाधार हो जाता है। विकास खंड शमसाबाद के ग्राम समसपुर भिखारी में भी ऐसे ही हालात देखे जा रहे हैं। खेतो में बर्बादी देख किसानों का सब्र जवाब दे गया तथा लाठी-डंडों के सहारे खदेड़ कर आवारा गोवंशो को बारात घर में ठूंस दिया। आवारा गौवंशों को बंधक बनाए जाने की सूचना जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को हुई तो वह मौके पर पहुंचे। किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर आक्रोश जताते हुए कहा गांव में आवारा गौवंशो का कहर जारी है। वह फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। रखवाली करने वाले किसानों को हमले कर शिकार बना रहे हैं। किसानों ने बताया कई बार खंड विकास अधिकारी कार्यालय शमशाबाद से शिकायत की गई। इसके अलावा जिले के उच्चाधिकारियों से पकड़वाये जाने की मांग की गई। अफसोस बार-बार शिकायतों के बावजूद भी आवारा गौवंशों को नहीं पकड़वाया गया।

# दांतों-मसूड़ों की देखभाल न करने से हो सकता है कैंसर : डॉ. गौतम

**नेशनल ओरल हेल्थ दिवस पर वृद्धाश्रम में लगाया गया जागरूकता शिविर**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाकर वृद्धजनों को जागरूक किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि हर साल 20 मार्च को विश्व ओरल



हेल्थ डे मनाया जाता है। इसे आम भाषा में मौखिक स्वास्थ्य दिवस कहा जाता है। इस दिन लोगों को ओरल हेल्थ के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि दांतों और मसूड़ों की देखभाल न करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम ने बताया कि विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम इस बार एक खुश मुंह एक खुश शरीर है। बताया कि विश्व ओरल हेल्थ डे का उद्देश्य बच्चों और वयस्कों दोनों को मुंह की स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मुख के रोगों का एक मुख्य कारण खराब लाइफस्टाइल, खान-पान और धूम्रपान है। मुंह का कैंसर किसी को भी हो सकता है, लेकिन आमतौर पर उन्हीं लोगों में सबसे अधिक माउथ कैंसर देखा जाता है जो तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, पान गुटखा आदि का सेवन करते हैं। एक रिसर्च में पाया गया कि 10 में से 9 माउथ कैंसर के केस तंबाकू खाने की वजह से होते हैं। उन्होंने बताया कि माउथ कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। माउथ कैंसर के शुरुआती लक्षण मुंह में छाला या फिर गांठ होना है। ध्यान रहे अगर इस दौरान मुंह में दर्द नहीं भी हो रहा है तो भी डॉक्टर से संपर्क करें, मुंह का छाला तीन हफ्ते में ठीक ना हो तो भी यह माउथ कैंसर का एक लक्षण है, क्योंकि माउथ कैंसर की शुरुआत में मुंह में दर्द नहीं होता है। इसके अलावा मुंह से खून निकलना, खाना निगलने में गले में दर्द होना आदि माउथ कैंसर के लक्षण है।

# होली पर हुड़दंग करने वाले जायेंगे जेल: जिलाधिकारी



बैठक लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आने वाले त्यौहार होली, नवरात्रि, रमजान, एवं ईद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्देश दिये गये कि होलिका दहन स्थल को लेकर कोई विवाद न हो। किसी भी धार्मिक स्थल पर अनावश्यक रूप से रंग न डाला जाये। किसी भी नई जगह पर होलिका दहन नहीं होगा। कोई भी जुलूस नये रास्ते से नहीं निकलेगा। सभी होलिका स्थलों पर लटके बिजली के तार सही करा लिये जायें। विद्युत की सप्लाई निर्वाध रहे। कैमिकल वाले रंगों का प्रयोग न किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ व्यवस्थायें चाक चौबंद रखें। सभी नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि होली के अवसर पर सभी जगहों पर साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखें। इस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 पर संपर्क करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अग्निशमन की गाड़ियों की चेकिंग करा ली जाये कि वो सही हो व उनमें पर्याप्त पानी रहे। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गये कि वो अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें। बैठक में माँग की गई कि होली पर बाइकों पर हुड़दंग करने पर रोक लगाई जाए। इस पर पुलिस अधीक्षक ने विश्वास दिलाया कि इस पर रोक लगाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण में प्राधिकरण की सचिव को मिली खामियां

**निर्देश के बावजूद अब तक नहीं हो पाया वन स्टाप सेंटर में कुक का इंतजाम**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही प्रशासनिक न्यायमूर्ति के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में स्थापित चिकित्सा कक्ष में आवश्यक उपकरणों तथा व्हील चेयर उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक माह में कम से कम एक बार समस्त न्यायिक



अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प लगाये जाने के संबंध में बैठक की। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टाप सेंटर में स्थापित चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर से प्राप्त पीडित बच्चों के अस्थायी निवास हेतु संस्था के मीटिंग हॉल में बने कक्ष का निरीक्षण किया। यहां अस्थायी रूप से नियुक्त कर्मचारी सूरज ने बताया कि वन स्टाप सेंटर में सीडब्लूसी द्वारा 20 जनवरी 2024 से अस्थायी रूप से ऐसे बच्चे जिन्हें चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर के माध्यम से प्राप्त कॉल के द्वारा रेसक्यू किया जाता है, उन्हें रखने हेतु वन स्टाप सेंटर पर अस्थायी शेलटर होम बनाया गया है, उक्त कक्ष में बच्चों को निवास कराये जाने की कोई सुविधा नहीं पायी गयी। सचिव ने चाइल्ड हेल्प लाईन के रजिस्टरों समेत अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया। खोये तथा पाये बच्चों के संबंध में अंकित सूचना रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें ओमजी ठाकुर पुत्र राकेश कुमार के प्राप्त होने की सूचना चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 से प्राप्त होना अंकित था, किंतु बच्चा उस कक्ष में नहीं था, जिसके सम्बन्ध में बताया गया कि उसके पिता को सुपुर्द किया जा चुका है, किंतु सुपुर्द होने सम्बन्धी विवरण रजिस्टर में अंकित नहीं पाये जाने पर सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियुक्त कर्मचारी सूरज को अविलम्ब उक्त बालक के सुपुर्दगी संबंधी विवरण अंकित करने के निर्देश दिये। सचिव ने वन स्टाप सेन्टर में आने वाली पीडित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिये चल रही योजनाओं की समीक्षा की, तथा वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीडिताओं के लिये उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक पीडिता संस्था में मौजूद मिली।

विगत निरीक्षण में शासनादेश के अनुसार सस्था में निवासित पीडिताओं के भोजन की व्यवस्था के लिये कुक रखने संबंधी दिये गये निर्देश का पालन संस्था प्रबन्धक द्वारा अब तक नहीं किया गया। यहां मौजूद पीड़िता ने बताया कि उसने स्वयं ही आज के नाश्ते की व्यवस्था की है। संस्था द्वारा दोपहर 12:45 बजे तक लंच नहीं दिया गया है। सचिव ने वन स्टाप सेन्टर की प्रबन्धक विनीता कुमारी एवं पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो को निर्देशित किया कि महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनके मामले को चिहिन्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय एवं पैनल अधिवक्ता अभिषेक को सूचित करे ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सके।निरीक्षण दौरान सेंटर परामर्शदाता संघमित्रा रिपोर्टिंग महिला चौकी की इन्सपेक्टर रजंना सिंह व महिला कान्टेबिल आस्था, प्रतिभा तथा पैनल अधिवक्ता अभिषेक कुमार, बसन्तराम लिपिक, पराविधिक स्वयं सेवक सीमा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# दो सगे भाइयों सहित सात पर दलित की हत्या का दोष सिद्ध

- सजा पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तिथि नियत
- जमीनी रंजिश में दोनों पक्षों ने जवाबी मुकदमे दर्ज कराये थे
- दलित पक्ष को साक्ष्य के अभाव से किया गया दोषमुक्त



अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा ले जाते सीओ व पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने दलित व्यक्ति की हत्या के मामले में संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा पुत्रगण रामगोपाल, नन्हें पुत्र खुशीराम मिश्रा, अजीत पुत्र चन्द्रभान मिश्रा, हरिओम, सुशील पुत्रगण मुकुन्दराम मिश्रा, रामदुलारे पुत्र विशुन दयाल मिश्रा निवासीगण कुसुमापुर थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिन्दु पर 21 मार्च की तिथि नियत की गयी है। बीते 15 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कुसुमापुर निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 7 अक्टूबर 2009 को मेरे पिता बालकिशन व चाचा रामकिशन व वीरेश, अरुणेश गंगा के किनारे पड़ी कटरी की जमीन को जोतने की लिए सुबह करीब 8 बजे अपने निजी ट्रैक्टर से गए थे। लगभग 8.30 बजे गॉव से 1 किमी दूर जिस खेत को जोतने के लिए पहुंचे, वहां पर पहले से घात लगाए बैठे अशोक कुमार, बबलू, संतोष, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, नन्हें, रामस्नेही, रामदुलारे, अजीत, रामकिशोर, अवधकिशोर, अमरनाथ जो कि मेरे गॉव के ही धर्मेंद्र, बनवारी निवासी वली पट्टी अमृतपुर सभी लोग एक रॉय होकर लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी, बंदूक लाइसेंसी 12 बोर, रायफल देशी 315 बोर से लैस होकर मेरे व मेरे चाचा, पिता, मां, बहन व जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए कहा कि यहाँ खेत कैसे जोतने आया।

मेरे पिता के विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने हथियारों से हमला कर दिया। जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। मेरे चाचा रामकिशन, पिता बालकिशन घायल हो गए। जिसमें और भी लोग घयाल हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर गॉव के अन्य लोग आ गए थे। उक्त लोग घटनास्थल से भाग गए थे। बालकिशन की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 323, 149, 307, 302 व दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचरण के समय चन्द्रभान की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुजप्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने संतोष, बबलू, नन्हें, अजीत, हरिओम, सुशील, रामदुलारे को दोष सिद्ध किया। सजा पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तिथि नियत की गयी है। साक्ष्य के अभाव में सुरेंद्र, रामस्नेही, रामकिशोर, अवध किशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारीलाल को दोष मुक्त कर दिया।

# डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में विकास खंड मोहम्मदाबाद में स्थापित मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शौचालय क्रियाशील नहीं पाये गये। सीडीपीओ संजय चौहान व खंड विकास अधिकारी अनुपस्थिति पाये गए। जिलाधिकारी द्वारा इनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। जूनियर हाइस्कूल रोहिला में स्थापित बूथों पर पुराने चुनाव का मतदेय स्थल का नाम लिखा पाया गया। जिसको मिटाने के आदेश दिए गए। स्कूल की बोरिंग खराब पाई गई। जिसको सही कराने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए गये। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह और एसपी विकास कुमार प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज पहुंचे। जहां प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने विद्यालय में अन्य व्यवस्थाओं को जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने एमडीएम के बारे में रसोइयों से जानकारी ली और दूध न आने पर प्रधानाध्यापक से पूछताछ की। प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया खाना खाने के बाद बच्चों को दूध दिया जाता है। साथ ही एक शौचालय को गंदा देखकर उन्होंने साफ करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानाध्यापक से तैनाती वर्ष और अन्य अध्यापकों के बारे में जानकारी ली। कमरों में बिजली व्यवस्था एवं शौचालय आदि की व्यवस्था। देखी जिस पर वह खुश दिखे और प्रधानाध्यापक संजीव रंजन को शाबाशी दी। जिलाधिकारी द्वारा कन्या प्राइमरी पाठशाला बरतल व प्राथमिक पाठशाला गनीपुर जोगपुर का भी निरीक्षण किया गया। उक्त केंद्रों पर भी साफ-सफाई, शौचालय की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा तीन दिन में सही कराने के निर्देश दिये गए। इसके साथ-साथ जिलाधिकारी द्वारा उक्त स्कूलों में मिड-डे-मील की भी गुणवत्ता भी चेक की।

# पट्टे की जमीन पर मूर्तियां स्थापित करने को लेकर साधुओं व ग्रामीणों में विवाद



कब्जा हटवाती पुलिस

- पुलिस ने चार साधुओं को लिया हिरासत में

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

पट्टे की जमीन पर मूर्तियां स्थापित करने को लेकर साधुओं व ग्रामीणों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल कर कब्जे को हटवा दिया। पुलिस चार साधुओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव शाहीपुर निवासी ब्रजेश कुमार ने दी तहरीर में बताया कि उनकी दस बीघा जमीन पर लगभग चालीस वर्ष पूर्व पट्टा हुआ था। जिसमें नौ बीघा जमीन पर उनका कब्जा है। एक बीघा जमीन पर गांव के ही कुछ लोग झोपड़ी आदि डालकर कब्जा किए हुए हैं। जमीन के निकट ही एक मंदिर है। मंदिर पर रहने वाले साधु धर्मपाल यादव ने मंदिर के निकट लगभग 10 विसवा जमीन पर बुधवार सुबह एक दर्जन साधुओं ने इकट्ठे होकर तीन मूर्तियां स्थापित कर दीं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में वाद विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी।

एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा व सीओ सतेंद्र कुमार ने जांच पड़ताल की। एसडीएम ने जमीन की नापजोप कराकर मूर्तियां हटवाकर जमीन को खाली करा दिया। बाकी जमीन पर पड़ी झोपड़ियों को हटाने के कब्जेदारों को जल्द निर्देश दिए। पुलिस चार साधुओं को पूछताछ के लिए थाने ले गयी। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया जमीन को खाली करा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



प्राइमरी पाठशाला नवाबगंज में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं

# परिषदीय विद्यालयों में पारदर्शी ढंग से हुई परीक्षाएं

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के 174 परिषदीय विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन पर सरकार के आदेशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें क्षेत्र के विद्यालय कन्या पाठशाला नवाबगंज के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रज्ञानंद, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार तथा समस्त विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से परीक्षा को संपन्न कराया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे तथा परीक्षा पर विशेष नजर बनाए रहे। क्षेत्र के विद्यालय जाफर नगर की प्रधानाध्यापिका वर्षा गंगवार ने भी पारदर्शी तरीके से परीक्षा को संपन्न कराया। वहीं क्षेत्र के विद्यालय जूनियर स्कूल नागला बारग की प्रधानाध्यापिका किताब श्री तथा सहायक अध्यापक बालकृष्ण राजपूत ने भी विद्यालय में परीक्षा को संपन्न कराया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया शिक्षकों ने निपुण लक्ष्य के तहत मेहनत करके छात्र-छात्राओं को स्वावलंबी बनाया। जिससे उनको परीक्षा में कोई दिक्कत नहीं हुई और परीक्षा को शिक्षक शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में सकुशल संपन्न कराया।

## लड़ाई झगड़े में पुलिस को दी गईं जवाबी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव जरारी व ईसापुर निवासी लोगों के बीच विगत दो चार दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी के चलते आज फिर दोनों तरफ से जवाबी तहरीरें दी गईं। जानकारी के अनुसार ईसापुर निवासी मिनहाज पुत्र इरशाद हुसैन ने दी गई तहरीर में बताया इसी महीने की 18 तारीख को गाड़ी निकालने को लेकर मेरे पुत्र सद्दाम से अयान पुत्र पप्पू उर्फ बारूद का विवाद हो गया था। जिसके चलते आज उन्होंने कमालगंज मंदिर के पास दबंगई के चलते मेरे पुत्र सद्दाम के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और पप्पू ने मेरे घर आकर मेरे घर की महिलाओं के साथ गाली-गलौज की, तो वहीं दूसरी तरफ जरारी निवासी दानिश पुत्र शमशाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि प्रार्थी के भाई अयान का विवाद ईसापुर निवासी सद्दाम से चार दिन पहले हुआ था। आज दोपहर अलाउद्दीनपुर में हाजी के बाग के पास खेत में मेरा भाई काम कर रहा था, तभी सद्दाम वहां 15 अज्ञात युवकों के साथ में पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मेरे भाई के साथ में लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि जांच कार्यवाही की जाएगी।

# कानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, कार्रवाई की लटकी तलवार

**नवाबगंज/मेरापुर, समृद्धि न्यूज।**



कानूनगो को रिश्वत देता ग्रामीण

कानूनगो का रिश्वत लेते एक और वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो अधिकारियों तक पहुंच गया। पीड़ित ने शपथपत्र के साथ कानूनगो की शिकायत भी की। इससे तहसीलदार ने कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार तहसील सदर में तैनात कानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ, तो राजस्व विभाग में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि कानूनगो शमसाबाद क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर में ग्रामीण से खुलेआम रिश्वत ले रहा है। वायरल वीडियो में भी रुपये का लेनदेन होते दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने शपथपत्र के साथ कानूनगो के खिलाफ तहसीलदार से शिकायत भी की। इससे पहले दो कानूनगो रिश्वतखोरी में निलंबित हो चुके हैं। इसके बाद भी भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय ने बताया कि गांव बीसलपुर बांगर निवासी व्यक्ति ने कानूनगो सोरन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की है। इससे पहले भी शिकायतें आने पर उन्हें शमसाबाद से खिमसेपुर स्थानांतरित किया जा चुका है। वह कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज रही हैं। एसडीएम सदर गजराज सिंह ने बताया कि कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# उत्तर पुस्तिकाओं में छात्र-छात्राओं ने पास करने के लिए की अपील

- विज्ञान, गणित और अंग्रेजी की कॉपियों में निकल रहे पांच सौ तक के नोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

"कॉपी चली गुरु के पास कर देना जी हमको पास", "जीवन भर रहेगा आपका एहसान, कर दो मेरा बेड़ा पार", "गाय हमारी माता है, नम्बर देना आता है" एवं गुरुजी करो कृपा तो हो जाये मेरा विवाह।

यह किसी नाटक का संवाद नहीं है और न ही किसी फिल्म के डायलॉग हैं, बल्कि ये उप्रमाशि परिषद की मूल्यांकन हेतु आयीं उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा पास करने हेतु गुरुजी के लिए लिखी गई मार्मिक पंक्तियां हैं। उसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा रखे नोट भी निकल रहे हैं। कॉपियों के अन्त में अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा जय श्रीराम भी लिखा गया है। बुधवार को राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ के मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की 12212 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। यहां कुल 544 परीक्षक नियुक्त किये गये हैं। जिसमें अभी तक 283 परीक्षक ही उपस्थित हुए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी मूल्यांकन सभी सूचना के अनुसार जी.जी.आई.सी. केंद्र पर हाईस्कूल की 11006 कॉपियों को चेक किया गया। यहां नियुक्त 531 परीक्षकों में से 290 परीक्षक उपस्थित हुए। रस्तोगी इंटर कालेज में इंटर की बुधवार को 22813 कॉपियों का मूल्यांकन सम्पन्न हुआ। यहां नियुक्त 550 परीक्षकों में से 336 उपस्थित हुए। इंटर की अब तक 74807 कॉपियां चेक हो चुकी हैं, जबकि हाईस्कूल में 77660 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है।

# पुनरीक्षण समिति की बैठक में अनुपस्थित अधिकारी का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




बैठक लेते जिलाधिकारी

- आईसीआईसीआई बैंक की शून्य प्रगति देख डीएम ने लगायी फटकार

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना/प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना व अटल पेंशन योजना में आईसीआईसीआई बैंक की प्रगति शून्य पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई व बैंक को निर्देशित किया कि 07 दिन में प्रगति प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर बैंक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जो बैंक कार्य नहीं कर रहे है उनके सीएमडी को पत्र लिखा जाये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में आईसीआईसीआई व एचडीएफसी बैंक की प्रगति खराब पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन से संबंधित सभी आवेदनों का तीन दिन में निस्तारण करें, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 70 के सापेक्ष 53 आवेदन स्वीकृति, यूनियन बैंक का प्रदर्शन खराब, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग दो अनुस्मारक के बाद तीसरा अनुस्मारक सीडीओ के माध्यम से भिजवायें। ओडीओपी की प्रगति ठीक पाई गई। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अनुपस्थिति रहे, उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोका गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उन्नयन योजना की प्रगति खराब पाई गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विलुप्त पक्षी गिद्ध को देखने के लिए दर्जनों ग्रामीण पहुंचे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तेजी से विलुप्त हो रहे गिद्धों को देखने के लिए कई ग्रामीण पेड़ के पास पहुंच गये। पेड़ पर करीब एक दर्जन गिद्ध बैठे थे। घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी गयी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बे से सटे मोहम्मदाबाद विकास खंड के ग्राम बांसमई पौधशाला के पास मोहम्मदाबाद रोड पर कल शाम लगभग एक दर्जन गिद्ध आकर एक पेड़ पर बैठ गये। यह अद्भुत नजारा देखने के लिए कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्राम प्रधान सिंटू ने अपने ग्राम पंचायत के पास बैठे गिद्धों के बारे में सूचना वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को दी। ग्रामीणों का कहना था कि यह पक्षी करीब 20 वर्ष पूर्व गायब हो चुका है। कुछ लोगों का कहना था कि गिद्धों की कमी का कारण यह रहा है कि किसानों ने अपने मवेशियों का इलाज करने के लिए डाइक्लोफेनाक नामक दवा का उपयोग शुरू कर दिया है। इस दवा से मवेशी और मनुष्यों दोनों के लिए कोई खतरा नहीं था, लेकिन जो पक्षी डाइक्लोफेनाक से उपचारित मरे हुए जानवरों को खाते थे उन पक्षियों के गुर्दे खराब होने लगे व कुछ ही हफ्तों में उनकी मृत्यु होने लगी। गिद्ध का समूह एक किलोमीटर की ऊंचाई से भी मरे हुए जानवर की गंध सूंघ लेता हैं और उसे देख लेता हैं। सबसे ऊंची उड़ान भी यही पक्षी भरता है। यदि देखा जाए तो अभी के युवाओं को गिद्ध को देखने का अवसर नहीं मिला है। विगत 30 वर्षों पूर्व आसमान में मंडराते गिद्धों को आज के 45 से 50 से अधिक वर्ष के बुजुर्गों ने काफी संख्याओं में देखा है। अब गिद्धों की रक्षा में हर व्यक्ति व संस्थाओं को सहयोग हेतु आगे आना होगा। गिद्धों के संरक्षण से पर्यावरण स्वच्छता के फायदे ही होते हैं।

## आबकारी निरीक्षकों ने छापा मारकर पकड़ी 90 लीटर शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ द्वारा ग्राम.नरसिहंपुर थाना.कायमगंज में दबिश दी गई। जहां से बरामद किया गया 480 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया तथा 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम महरुपुर राबी में दबिश दी। जहां से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह एवं पुलिस टीम कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा 35 अदद पौव्वे, 7 लीटर बब्बर शेर ब्रांड के बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही सीसीटीवी कैमरा परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



रोते बिलखते मृतक के परिजन



घटनास्थल पर जांच पड़ताल पुलिस

खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से युवक (चौकीदार) की दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमलैया मुकैरी निवासी ध्रुव कठेरिया उम्र 25 वर्षीय पुत्र जवाहरलाल ने कैलाश के खेत को बटाई पर लिया है। बुधवार को वह खेत की जुताई करवा रहा था। जुताई करते समय वह अचानक किसी तरह ट्रैक्टर के पहिए के पीछे लगे रोटावेटर पर जा गिरा और उसमें फंसने से घायल हो गया। खेतों में काम कर रहे हैं अन्य किसान घटनास्थल की ओर दौड़े और किसी तरह ध्रुव को रोटावेटर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसी बीच चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी पूजा, दो मासूम बच्चे दिव्या व काव्या उम्र 2 वर्ष के अलावा चार बहनें राज कुमारी, पूनम, धनदेवी, पुष्पा सहित मृतक की मॉ रेशमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने प्रमोद सिंह उप निरीक्षक, नितिन यादव, कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, कांस्टेबिल पुष्पेंद्र, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल अंकित गंगवार, कांस्टेबिल सिंधु सिंह सहित पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।




आग से हुई तबाही का दृश्य

# शार्टसर्किट से लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शार्टसर्किट से छप्पर में आ लग गयी। देखते ही देखते गृहस्थी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने ट्यूबवेल चलाकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गयी है। थाना क्षेत्र के गांव नगला बेग में बुधवार सुबह कुलदीप कुमार शाक्य उर्फ दिनेश पुत्र मलिखान सिंह शाक्य के यहां बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे गांव के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। जब तक ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, तब तक घर का सभी सामान जलकर राख हो चुका था। घर में रखे बच्चों के कपड़े, गद्दा, रजाई, पांच बोरी गेहूं व मक्का, खटिया आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। कुलदीप कुमार शाक्य उर्फ दिनेश ने बताया कि घर पर रखी 6000 रुपये की नगदी भी जल गयी। कुलदीप के मुताबिक लगभग 1 लाख रुपए से जायदा का नुकसान हुआ है। कुलदीप कुमार शाक्य ने बताया मीटर में लगी केबिल से फाल्ट होने के चलते उसके घर में पड़े छप्पर में आग लग गई। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने ट्यूबवेल चलाकर आग पर काबू पाया। पूर्व प्रधान उमेश चंद्र ने क्षेत्रीय लेखपाल अश्वनी राजपूत को सूचना दी और पीड़ित परिवार को पूर्व प्रधान उमेश चंद्र द्वारा राशन एवं खाने पीने का सामान उपलब्ध कराया गया।

# सपा प्रत्याशी के लिए कई ग्राम सभाओं में सुरेन्द्र सिंह गौर ने किया जनसम्पर्क

- दुखद समाचार मिलने पर कई लोगों के घर पहुंचकर सपा नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना



परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता/प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में विधानसभा अमृतपुर में सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के पक्ष में संभ्रांत प्रधानों व पार्टी के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर वोट मांगे।

विधान सभा प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव ने डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में राजेपुर कार्यालय पर पहुंचकर कार्यालय प्रभारी अर्जुन शाक्य से चुनाव के सफल संचालन पर विचार किया। इसके बाद नगला हूसा पहुंचकर गोपाल सोमवंशी की मार्ग दुर्घटना में मौत हो जाने पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आसमपुर की मड़ैया में रामफेरे शर्मा की मृत्यु पर उनके घर पहुंचक शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी। गूजरपुर के प्रधान देवेन्द्र यादव से भेंटकर सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। ग्राम परतापुर में विपिन यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष के दादी-बाबा की बरशी में शामिल होकर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की। रतनपुर पमारान में ग्राम प्रधान शिशुपाल कुशवाहा से भेंटकर सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे और उनसे अपील की कि अपने क्षेत्र से प्रत्याशी को जिताकर भेजे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देव सिंह आदि मौजूद रहे।

# पावर एंजिल सशक्तिकरण शिविर में प्रमाण पत्र वितरित


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशन में जनपद में विभिन्न विकासखंड में आयोजित जेंडर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण हेतु सुगमकर्ताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को राजेपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संपन्न हुआ।

समापन के अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने समस्त सुगमकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए कि नया सत्र प्रारंभ होते ही मीना मंच के गठन की कार्यवाही कर प्रगति के पंख व यूनिसेफ के द्वारा तैयार आधा फुल कॉमिक्स के समस्त सत्रों का संचालन कराना सुनिश्चित करें। राज्य स्तरीय ट्रेनर भारती मिश्रा ने सत्रों के संचालन से संबंधित पांच तारा किस प्रकार भरे जाएंगे, विस्तार पूर्वक समझाया। ट्रेनर पूनम ओझा व सुधा वर्मा ने शिक्षकों हेतु आई प्रगति के पंख पुस्तिका के 12 सत्रों के बारे में जानकारी दी। सुनीता चौहान ने मीना मंच के गठन के बारे में जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को तीन-तीन प्रगति के पंख पावर एंजिल हेतु तथा एक प्रगति का प्रगति पथ शिक्षकों हेतु आई हुई निर्देशिका वितरित की गई है। भारती मिश्रा ने बताया सत्र संचालन के निरीक्षण व अवलोकन हेतु राज्य स्तरीय टीमें आएंगी। इस हेतु अवलोकन प्रपत्र पर 64 बिंदु दिए गए हैं। इसलिए इस कार्यक्रम का संचालक उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से करें। पावर एंजिल प्रत्येक कक्षा से सत्रवार अलग-अलग मीना व राजू व दिव्यांग बच्चों को चुनकर सत्र संचालन करेंगी जिससे पावर एंजिल के सशक्तिकरण के साथ-साथ अन्य बच्चों में भी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। समापन के अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर रेखा, सीमा कनौजिया, ज्योति वर्मा, विनीता अवस्थी, माधवी, कृष्णकांत दीक्षित, मनोज शाक्य, शिवकुमार सिंह, अवधेश सिंह राठौड़, ज्ञान सिंह, शालिनी कुशवाहा, पूजा, माधुरी दीक्षित, किरण मौर्य, सीमा तिवारी, पारुल, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

# लोधी महासभा ने मनाया वीरांगना अवंतीबाई का शहादत दिवस


शहीद दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोधी समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की ओर से बेवर रोड नाला बघार स्थित विक्रांत सिंह राना के प्रतिष्ठान पर आयोजित अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 166वें बलिदान दिवस पर लोगों ने महारानी के शहादत को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोगों ने नाला बघार पर शीघ्र ही वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लगवाने की जानकारी दी। लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने कहा कि अब समाज को जागरूक होने की जरूरत है। जिस तरह हनुमानजी को उनकी शक्ति याद दिलाते ही उन्हें अपनी सोई हुई शक्ति याद आई थी। उसी तरह सोते हुए लोधी समाज को संगठित करके जगाना होगा, तभी हम हर क्षेत्र में कामयाब हो सकते हैं। प्रेमपाल सिंह राजपूत व विक्रांत सिंह राना ने कहा कि हमें नशा शराब को त्याग कर अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेटियों को भी उच्च शिक्षित होने के लिए आगे आना होगा। डॉ. धर्मेन्द्र राजपूत ने कहा कि हमारे समाज में फैली हुई कुरीतियों, पाखंड, अंधविश्वास के खिलाफआवाज उठानी चाहिए। जिसके कारण ही बहुत से घर बर्बाद हो चुके हैं। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने की व संचालन अरविन्द राजपूत ने किया। इस मौके पर ब्रह्मानंद वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, रतन सिंह राजपूत, डॉ. रघुनाथ सिंह राजपूत, हेमराज सिंह राजपूत, सुघर सिंह, रामगोपाल वर्मा, अमरसिंह राजपूत, बेचेलाल वर्मा, रामसरकार राजपूत, प्रवीन वर्मा, रामनरेश सिंह, रमेश चंद्र राजपूत, सर्वेश सिंह राजपूत, देवराज सिंह, मगनलाल वर्मा, रोशन लाल राजपूत, वीरभान सिंह राजपूत, वैध वीरेंद्र सिंह आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षायें हुईं शुरु



प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में परीक्षा देते बच्चे

- मदारपुर प्राथमिक विद्यालय में 76 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया
- दूसरी पाली में कक्षा 3-4 और 5 में कला की परीक्षा हुई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में वार्षिक परीक्षा हुई है। परीक्षा देते हुए कक्षा पांच के बच्चों ने अपनी साल भर की मेहनत के साथ परीक्षा में भाग लिया।

केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। पहले 16 मार्च से परीक्षा होनी थी, परन्तु बाद में बदल कर 20 मार्च किया गया। जिसके चलते आज प्रथम पाली में कक्षा पांच और चार में गणित, तीन में सामाजिक विषय, दो में हिंदी विषय की परीक्षा थी। दूसरी पाली में कक्षा 3-4 और 5 में कला की परीक्षा हुई। वार्षिक परीक्षा में 91 के सापेक्ष 76 बच्चों ने बच्चों ने परीक्षा दी, जबकि 15 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा व्यवस्था में योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी आदि का सहयोग रहा।

# सरदार तोषित प्रीत सिंह साथियों के साथ भाजपा में शामिल

- कांग्रेस से बार-बार सपा के गठबंधन के चलते पार्टी से हुआ मोहभंग
- सपा अब चाटुकारों की पार्टी बची, है अंतर कलहः सरदार तोषित प्रीत सिंह



भाजपा कार्यालय पर समर्थकों के साथ शामिल होते सरदार तोषित प्रीत सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव से पहले सपा को बड़ा झटका है। सपा से एक दशक से अधिक समय से जुड़े रहे मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार तोषित प्रीत सिंह ने सैकड़ो लोगों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ यादव समाज से कई दर्जन युवा भी भाजपा में शामिल हुए। सांसद मुकेश राजपूत व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने सरदार तोषित प्रीत को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को सरदार तोषित प्रीत सिंह बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के प्रबुद्धजनों व युवाओं के साथ पहुंचे। भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद मुकेश राजपूत की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। सरदार तोषित प्रीत सिंह ने कहा कि सपा छोड़ने के उनके तीन प्रमुख कारण है। सबसे अधिक दुख उन्हें इस बात हुआ की सपा बार-बार कांग्रेस से गठबंधन कर रही है। सिक्ख समाज को सबसे बड़ा दर्द कांग्रेस ने 1984 में मेसेकर करके दिया था। जोकि सिक्ख समाज कभी नहीं भूल सकता है। सपा अकेले कोई चुनाव नहीं लड़ना चाहती है। कांग्रेस के लोग भगवान राम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाते है। सपा का गठबंधन करना कहीं न कहीं कांग्रेस के लोगों के बयान का समर्थन करना है। सपा अब सिर्फ चाटुकारों तक सीमित रह गई है। जो चाटुकार है उसी की बूझ है। काम करने वाले लोगों को कोई पूछने वाला नहीं है। पार्टी के हर गुट में अंतर कलह मची हुई है, लोग एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बीजेपी का है। इस देश के भविष्य पीएम मोदी व सीएम योगी है। पीएम मोदी की सरकार ने हर वर्ग का सामान विकास किया है। सिक्ख समाज को असली सम्मान पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार ने दिया है।

वहीं सिक्ख समाज हमेशा हिंदू समाज का संरक्षक रहा है।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सिक्खों को अपना माना है। वह सरदार तोषित प्रीत सिंह का तहे दिल से भाजपा परिवार में स्वागत करते है। कायमगंज से सरदार तोषित प्रीत सिंह के साथ शामिल होने आए अतुल यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी के साथ समान रूप से व्यवहार हो रहा है। पिछले दस सालों में काफफी काम हुआ है। उनके दो दर्जन से अधिक साथी सरदार तोषित प्रीत सिंह के साथ भाजपा में शामिल हुए है। भाजपा में शामिल होने वाले भानू प्रताप सिंह, रोहित मिश्रा, अंकित मिश्रा, राजेश चौहान, विपिन चौहान, मेजर जितेन्द्र सिंह, आर्यन भदौरिया, विवेक चौहान, अरुण चौहान, नितिन दुबे, प्रशांत सोमवंशी, त्रिलोक सिंह, जसवीर सिंह, सरदार गुरदेव सिंह, सरदार मलकीत सिंह, सरदार करनैल सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, सरदार निर्मल सिंह, ज्ञान मंगल सिंह, अभिनय दीक्षित, रिषव चतुर्वेदी, समर्थ पाण्डेय, राजन दुबे, अतुल यादव, आदर्श दुबे, लक्ष्य सक्सेना, विशाल मित्रा, चरन प्रीत सिंह, मोहित यादव, सचिन कश्यप, मिथुन नागर, भरत चतुर्वेदी, उत्कर्ष चतुर्वेदी, चेतन दुबे, रजत यादव आदि लोग शामिल हुए। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, राहुल राजपूत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सपा लोकसभा चुनाव संचालन समिति घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी इरफानुल हक कादरी व छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी विनीत कुशवाहा एवं जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव ने जिला चुनाव संचालन समिति घोषित की है। जिसमें पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद चन्द्रभूषण मुन्नूबाबू, पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी अमृतपुर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी कायमगंज सर्वेश अम्बेडकर व पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. सुबोध यादव, प्रदेश सचिव मंदीप यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य, जिला महासचिव सीपीआईएग सुनील कटियार, महासचिव सीपीआई अमित कुमार, जिला महासचिव इलियास मंसूरी को जिला चुनाव संचालन समिति में शामिल किया गया है। जो पूरे लोकसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से सफल बनाने के लिए काम करेंगे। साथ ही विधानसभावार चुनाव संचालन समिति घोषित की गई है।

### सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर मना विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस


कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जीवन में स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि शरीर के सभी अंगों का उचित ख्याल रखा जाये। इन अंगों में हमारा मुख सबसे महत्वपूर्ण अंग है और मुख तभी सुंदर रहेगा, जब आपका दांत आपके साथ है। सिविल अस्पताल लिंजीगंज में तैनात एनसीडी के डॉ. ऋषि नाथ गुप्ता ने बताया कि किसी भी इंसान का मुंह उसके शरीर का दर्पण होता है और आपके सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण को दर्शाता है। स्वस्थ मुंह और स्वस्थ शरीर साथ-साथ चलते हैं। मुंह को सही ढंग से काम करने और समग्र स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वस्थ मुंह बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सिविल अस्पताल लिंजीगंज के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### पुलिस ने किया चार वारंटी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान चार वारंटियों को दबोच लिया। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान वारंटी मुकेश कुमार पुत्र शम्भूदयाल निवासी मो0 तलैया साहबजादगान, मनोज कुमार पुत्र शम्भूदयाल निवासी मो0 तलैया साहबजादगान, शम्भूदयाल पुत्र छेदालाल निवासी मो. तलैया साहबजादगान, इशरत पुत्र मो0 प्यारे मिया निवासी मो. कटरा बक्शी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महिला को जिंदा जलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भूमि विवाद के चलते दबंगों नें महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस ने घटना के संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम भरेहपुर निवासी ज्ञान देवी को भूमि विवाद के चलते आरोपियों ने जिंदा जला दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। पुलिस ने मृतका के भाई छविनाथ पुत्र शम्भु दयाल निवासी तिलपई गुरसहायगंज कन्नौज की तहरीर पर सुनील, सोनू पुत्रगण दयाराम, मुन्नी देवी पत्नी दयाराम, कैलाश के विरुद्ध धारा 302, 452/34 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी सुनील, सोनू व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# आबकारी टीम ने छापेमार कर लहन किया नष्ट, एक गिरफ्तार


लहन व शराब बरामदी के दौरान आबकारी पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी टीम ने ग्राम नरसिंहपुर में दविश देकर 480 लीटर बरामद कर नष्ट कर दी। वहीं महरुपुर रावी में दविश देकर 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने 35 पौवे बब्बर शेर के बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे ने अपनी टीम के साथ ग्राम नरसिहंपुर कायमगंज में दबिश देकर 480 किलोग्राम लहन बरामद कर नष्ट कर दिया तथा 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। टीम ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 ने संदिग्ध ग्राम महरुपुर रावी में दविश दी। 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा द्वारा 35 अदद पौव्वे बब्बर शेर ब्रांड के बरामद कर एक व्यक्ति को विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

# रंग भरी एकादशी से होली फाग उत्सव शुरू

- श्रीराधा कृष्ण व खाटू श्याम मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना


खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन में शामिल भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्ण भक्तों ने श्रीराधा कृष्ण एवं खाटू श्याम मंदिर में प्रातः काल मंगला दर्शन अभिषेक, रंग गुलाल चंदन केसर के रंगों के साथ पूजा अर्चन वंदन के साथ फाग उत्सव मनाया।

श्रीराम जानकी महालक्ष्मी मंदिर खाटू श्याम बाबा के साथ भक्तों ने फाग उत्सव मनाया। मंदिर में व्यवस्था अनिल त्रिपाठी एवं मनीष मिश्रा ने की। भजन कीर्तन के साथ उत्सव मनोज अग्रवाल, मयंक गुप्ता, रचित अग्रवाल, लालू सक्सेना आदि भक्तों ने फूलों की होली खेली। इसी प्रकार से श्रीराधा शक्ति श्याम मंदिर में प्रातः काल मंगला दर्शन के साथ श्रीराधा रानी एवं ठाकुर जी का अभिषेक एवं श्याम बाबा का फाग उत्सव में विद्वान पंडित सोनू त्रिपाठी, पंडित शिवाकांत, पंडित कौशल, सुशील मिश्रा ने अभिषेक किया और भव्य एवं दिव्य श्रंगार पूजा कर महाआरती कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। सायंकाल भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला। पंडित विजय प्रकाश एवं गणेश मिश्रा ने बताया कि रंग भरी एकादशी से होली का उत्सव मंदिरों में ठाकुर जी के साथ परंपरागत होली उत्सव शुरू हो जाता है और नगर एवं गांव में होली के फाग के साथ होली के पकवान गुजिया आदि पकवान बनाए जाते हैं तथा महिलाओं द्वारा चौंक बनाकर घरों में परंपरागत उत्सव शुरू हो जाते हैं आधुनिकता के दौर में अब यह दो दिन का पर्व रह गया है। वर्तमान समय में यह अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को बचाने की एक बड़ी चुनौती बन गई है। कुछ संस्थाएं एवं हमारी सरकार भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण करने का प्रयास कर रही है।

# लोधी जागृति मंच ने अवंतीबाई का मनाया शौर्य दिवस



अवंतीबाई के शहादत दिवस पर विचार व्यक्त करते संदेश राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहीद वीरांगना अवन्तिबाई लोधी के शहीद दिवस पर लोधी जागृति मंच ने शौर्य दिवस के रुप में शहादत दिवस मनाया। सांसद मुकेश राजपूत ने वीरांगना अवन्तीबाई लोधी के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा समाज कि बच्चियों को महारानी अवन्तीबाई लोधी से शिक्षा लेकर समाज को नई दिशा दे और समाज शिक्षित और संघटित करें। लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने शहीद वीरांगना के जीवन पूरे जीवन काल को विस्तार पूर्वक बताया। समाज से आग्रह किया कि आपने महापुरुषों से शिक्षा लेनी चाहिए और समाज को संघटित कर विकास की ओर अग्रसित करें। संदेश राजपूत ने वीरांगना अबंतीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधान नरोत्तम राजपूत, धीरेन्द्र वर्मा, संदेश राजपूत, तोताराम राजपूत, आरसी राजपूत, ऊधन राजपूत, विश्वनाथ राजपूत, जनार्दन दत्त राजपूत, मंगली राजपूत, लोधी दिपेन्द्र राजपूत, शिवदेव राजपूत, राजेंद्र राजपूत, डॉ. राघवेंद्र राजपूत, विशाल राजपूत, दामोदर राजपूत, लाल सिंह राजपूत, मान सिंह राजपूत, आकाश राजपूत, रघुवीर राजपूत, अजय राजपूत, उपनेश राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला जेल में बंदियों द्वारा बनाया जा रहा प्राकृतिक गुलाल


प्राकृतिक गुलाल बनाते बंदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी होली के त्योहार के लिए बंदियों द्वारा प्राकृतिक गुलाल बनाया जा रहा है। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि बंदियों द्वारा गुलाल का आधार चावल के बहुत ही महीन पावडर से बनाया गया है। इसमें पीला रंग हल्दी से, हरा रंग पालक से और लाल और केसरिया रंग चुकंदर से बनाया गया है। इसमें किसी तरह के केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। जेलर अखिलेश कुमार ने बताया कि बंदी बड़े ही उत्साह से प्राकृतिक रंग गुलाल को बना रहे है। विभिंग रंग का पचास किलो गुलाल बन कर तैयार हो चुका है। जिसे जेल उत्पाद केंद्र से बिक्री भी की जाएगी। जेल प्रशासन की और से स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों को भी प्राकृतिक गुलाल भेंट किया जाएगा। जेल में गुलाल के निर्माण में उपकारापल अवनीश कुमार, सरोज देवी, वैभव कुशवाह की भूमिका रही है।

# कम्पिल थाना प्रभारी सहित नौ लोगों के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आरोपियों से सांठगांठ कर थानाध्यक्ष द्वारा मुकदमा वापस न लेने व धमकी देने के मामले में पीड़ित ने थानाध्यक्ष कम्पिल सहित चार नाम दर्ज व पांच अज्ञात के लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम शिवपुर कुंवरपुर खास निवासी गंगासहाय पुत्र लल्लू सिंह ने न्यायालय में दायर की 156(3) याचिका में दर्शाया कि मेरे पुत्र राजकुमार के साथ बैंक कर्मचारी संजीव तथा दलाल कुलदीप व सुग्रीव ने मिलकर जालसाजी करके लाखों रुपये की ठगी की थी। जिसकी शिकायत थाने में कई बार की, लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं की। पुत्र न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष आरोपियों के साथ मिलकर मुझे व मेरे पुत्र को मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाने लगे। 7 फरवरी को शाम के समय मेरा पुत्र कम्पिल से अपनी दुकान वापस आ रहा था। रास्ते में सैनिक खाद भण्डार के पास कुलदीप, सुग्रीव तथा उसका साथी मनोज व कुछ अज्ञात लोगों ने रोंक लिया और पुत्र को मुकदमा वापस लेने की धमकी दी, ऐसा न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जब मेरा पुत्र शिकायत करने थाने जा रहा था, तभी रास्ते में पेट्रोल पम्प के सामने थाना प्रभारी दिलपी कुमार कंचन ने रोक लिया और धमकी दी कि मुकदमा वापस नहीं लोगों तो बाहर वह लोग मारेंगे और थाने में मैं मारुंगा। थाना प्रभारी की धमकी से मेरा पुत्र दहशत में आ गया और दुकान पर आकर जहरीला कीटनाशक पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर लोहिया रेफर कर दिया। जहां बमुश्किल से उसकी जान बच पायी। जब मैं मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने गया तो थाना प्रभारी ने मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दी और कहा कि तेरा लड़का अगर बच जाये तो उसे सल्फास खिला देना, तब रिपोर्ट दर्ज कराने आना। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर मेरे पुत्र को आत्महत्या के लिए उकसाया है।

# नेक काम में जरुरत के अनुसार खर्च करो............

- रमजान में अल्लाह गुनाहों को माफ करता है


सैय्यद रिजवान अली


डॉ. मो. आमीन


कासिम साबरी

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजानुल मुबारक महीने का दूसरा असरा चल रहा है। यह असरा मगफिरत कहलाता है। इसमें अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर देता है।

लिहाजा हमें चाहिये कि हम इस असरे में अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें और मुस्तकबिल में गुनाह न करने का अहद करें।

सैय्यद रिजवान अली का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का शबाब 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सकें। अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारे नवी पर कुरान नाजिल फरमाया।

डॉ. मो. आमीन का कहना अल्लाह फरमाता है और भलाई के रास्ते में माल जो तुम लोग खर्च करते हो तुम्हारे अपने लिए अच्छा है। आखिर तुम इसलिए खर्च करते हो अल्लाह की प्रसन्नता मिल जाये। जो भी कुछ भलाई के रास्ते में खर्च करोगे उसका बदला तुम्हें दिया जायेगा।

समाजसेवी व चूड़ी व्यापारी कासिम साबरी ने कहा कि आदमी को खैरात दान करते वक्त हद से ज्यादा नहीं गुजरना चाहिये और अल्लाहताला नहीं चाहता कि तुम अपने बाल बच्चों के पेट काटकर सब कुछ दान में दे डालो। जीवन बिताने के लिए जितनी जरुरत इंसान को होती है उतना माल अपनी जात और बाल बच्चों की परिवरिश पर खर्च किया जाये।

फिर इसमें जो भी बचे उसे अल्लाह पर खर्च करना चाहिए। कुरान में अल्लाह फरमाता है कि लोग पूछते हैं कि हम अल्लाह की राह में क्या खर्च करें, जो कुछ तुम्हारी जरुरत से ज्यादा हो इस तरह अल्लाह तुम्हारे लाल साफ आदेश देता है।

# शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है कांग्रेस : ठाकुर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा शक्ति पर दिए गए बयान के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सनातन की भक्ति शक्ति में है और देश की प्रत्येक माता और बहन हमारे लिए शक्ति स्वरूप है।

कांग्रेस पार्टी शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है और ये ज़्यादा पुरानी बात नहीं है, जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को 95 प्रतिशत हिंदुओं की हार के रूप में दिखाया था। बुधवार को



मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहले जो काम राहुल गांधी के छुटभैये नेता करते थे, वह काम अब राहुल गांधी स्वयं कर रहे हैं। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान तमिलनाडु देश का एक राज्य ऐसा भी था, जिसने वहां के मंदिरों में इसके सीधे प्रसारण पर रोक लगाई थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को अपना निर्णय देना पड़ा। इसी राज्य के मुख्यमंत्री के बेटे सनातन को बीमारियों से जोड़कर खत्म करने की बात करते हैं। उसी राज्य सरकार में घोटाले के आरोपित मंत्री सनातन पर नकारात्मक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में एक महिला मुख्यमंत्री की नाक के नीचे शक्ति को कुचलने और अपमानित किया जाता है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री अपने नेता को संरक्षण देती है परंतु आज संदेशखाली का संदेश देश में गली–गली तक पहुंच चुका है। अगर हमने और देश के मीडिया ने आंदोलन नहीं किया होता तो संदेशखाली का सच बाहर नहीं आता।

### अपने किए हुए वादे नहीं किए पूरे

हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा, उनसे अपना घर नहीं संभल पा रहा है तो वह हमारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। पिछले कई महीने से लगातार उनके विधायक आरोप लगा रहे थे कि उनका मुख्यमंत्री सुनता नहीं है। उनके खुद के काम अपनी सरकार में नहीं हो रहे थे। जो जनता से वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं हुए। सरकार बनने के पहले दिन से उनका अहंकार झलक रहा था। आज 15 महीने बीत जाने के बाद भी नारी शक्ति को वादे के मुताबिक 1500 रुपये प्रति महीने नहीं मिले। 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, नहीं दिया। दो रुपये प्रति किलो गोबर और 100 रुपये प्रति किलो दूध खरीदने का वादा किया था, नहीं पूरा किया।

## एक बार फिर से भाजपा में शामिल हुईं सौंदरराजन

**हैदराबाद।** तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की मौजूदगी में फिर से पार्टी में शामिल हो गईं। राज्यपाल का पद छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर सौंदरराजन को वाम दलों और द्रमुक की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अन्नामलाई ने कहा कि ऊंचे पदों पर बैठे लोगों का पद छोड़कर फिर से आम नागरिक के रूप में जनता की सेवा शुरू करना केवल भाजपा में संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा किसी राजनीतिक दल से जुड़ा व्यक्ति ऊंचा पद नहीं छोड़ेगा और उनके लिए राजनीति उच्च पदों पर आसीन होने का ही जरिया है। अन्नामलाई ने कहा कि सौंदरराजन ने राज्यपाल के रूप में बहुत अच्छी तरह काम किया।

# लोकसभा सीट : 1984 के चुनाव में भाजपा को मिली दो सीटों में एक सीट थी मेहसाणा

एजेंसी

**मेहसाणा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह जिले की लोकसभा सीट मेहसाणा शुरुआत से भाजपा का ग? रही है। पाटीदार बाहुल्य इस सीट पर दूध की राजनीति से लेकर किसान और ओबीसी कार्ड छाया रहता है। इसे गुजरात की राजनीति का लेबोरेटरी भी कहा जाता है, इस वजह से इस सीट के परिणाम पर पूरे राज्य समेत देश की नजर रहती है। वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा को देश भर में सिर्फ दो सीट मिली थी, तो एक सीट मेहसाणा से आई थी।

आजादी के बाद से अब तक मेहसाणा सीट पर केसरिया का बोलबाला रहा है। आजादी के बाद से अब तक इस सीट पर 18 बार चुनाव हुए हैं, इसमें 9 बार इस सीट पर भाजपा का कब्जा हुआ है, 6 बार कांग्रेस जीती है। वर्ष 1984 से 1998 तक भाजपा के एके पटेल और वर्ष 2009 से 2014 तक भाजपा की जयश्रीबेन पटेल विजयी रहीं। वर्ष 2019 में भाजपा की शारदाबेन पटेल ने कांग्रेस उम्मीदवार को 2.81 लाख मतों से हराया था।

भाजपा उम्मीदवार को कुल 6.59 लाख और कांग्रेस को 3.78 लाख मत मिले थे। इसके अलावा इस सीट पर हमेशा परिवर्तन होता आया है।

### भाजपा के लिए ऐतिहासिक है मेहसाणा सीट

29 दिसंबर, 1984 को जब लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हुआ, तो पहली बार चुनाव मैदान में उतरी भाजपा नेताओं की दिग्गजों की टीम को चुनाव में बुरी तरह परास्त होना प?ा। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत पार्टी के बड़े नेता चुनाव हार गए। भाजपा को देश भर में सिर्फ 2 सीट मिली थी, एक गुजरात में मेहसाणा और दूसरी सीट आंध्र प्रदेश की हनामकोंडा। 1984 के चुनाव में मेहसाणा सीट पर भाजपा के अमृतलाल कालीदास (एके) पटेल ने चुनाव जीतकर सभी को चौंका दिया था। उन्होंने कांग्रेस के सागरभाई रायका को 43 हजार मतों से हराया था। हाल मेहसाणा समेत गुजरात की सभी 26 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने गठबंधन किया है जबकि गत विधानसभा चुनाव में दोनों विपक्षी पार्टियों ने अलग–अलग चुनाव ल?ा था। इस वजह से मेहसाणा सीट पर राजनीतिक समीकरण बदल गया है। मेहसाणा सीट के लिए भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। सीट पर फिलहाल पेंच फंसा हुआ है। गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने उम्मीदवारी करने के बाद अपना नाम वापस ले लिया है।

# आईसीसी ने वानिंदु हसरंगा पर लगाया दो टेस्ट मैचों का प्रतिबंध

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए निलंबित कर दिया गया है। हसरंगा ने पिछले साल इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने का फैसला किया था।

बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के तीसरे वनडे के दौरान, हसरंगा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। यह घटना खेल के 37वें ओवर में घटी जब हसरंगा ने एक अंपायर से उसकी टोपी छीन ली और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया। बांग्लादेश ने चार विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। हसरंगा को अपने अपराध के लिए 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना और तीन डिमेरिट अंक प्राप्त हुए। इससे 24 महीने की अवधि में उनके कुल अवगुण अंक आठ हो गए। पिछले महीने दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में तीन डिमेरिट अंक प्राप्त करने के बाद ऑलराउंडर पहले से ही पांच डिमेरिट अंक पर थे, जिसके कारण उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ दो टी20 के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब, नवीनतम अवगुण अंकों के जुड़ने के साथ, उन्होंने आठ अवगुण अंकों की सीमा को तोड़ दिया है, जो संहिता के अनुच्छेद 7.6 के अनुसार, चार निलंबन अंकों में बदल दिए गए हैं। चार निलंबन बिंदु दो टेस्ट या चार एकदिवसीय या टी20, जो भी पहले हो, से प्रतिबंध के बराबर हैं।

## आरसीबी ने टीम के नाम में किया बदलाव, बैंगलोर को किया बेंगलुरु

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम से जाना जाएगा। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार रात इसकी घोषणा की और यह 2008 में अपनी स्थापना के बाद से इसके नाम में पहला बदलाव है। यह घोषणा आरसीबी द्वारा चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जहां विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस, हाल ही में डब्ल्यूपीएल चैंपियन स्मृति मंधाना और पुरुष और महिला दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। इवेंट में, आरसीबी ने कर्नाटक और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आर विनय कुमार को अपने हॉल ऑफ फेम के तीसरे खिलाड़ी के रूप में घोषित किया। सूची में एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल शुरूआती दो खिलाड़ी हैं, जिन्हें पिछले संस्करण में शामिल किया गया था।

# तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी पाक महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम अप्रैल में तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी। सीरीज के मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में होंगे। वेस्टइंडीज व पाक के बीच तीन वनडे मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा होंगे।

पहला वनडे मैच 18 अप्रैल को होगा। वहीं, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 21 और 23 अप्रैल को होगा। तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 26 अप्रैल से 3 मई तक पांच मैचों की टी20ई खेली जाएगी, जिससे पाकिस्तान और वेस्टइंडीज दोनों को आगामी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। नवंबर 2021 के बाद वेस्टइंडीज की महिलाओं का यह पहला पाकिस्तान दौरा होगा। पिछली बार उन्होंने तीन



एकदिवसीय मैचों के लिए देश का दौरा किया था, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी। आईसीसी ने पाकिस्तान की महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मलिक के हवाले से कहा, हम आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम का पाकिस्तान में हार्दिक स्वागत करते हैं। 2022-25 चक्र के भीतर घर पर चौथी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला की मेजबानी करना महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और हमारे खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने कहा, ÷वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है; यह क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच संबंधों को विकसित करने और संबंधों को मजबूत करने के बारे में है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 पाकिस्तान महिला टीम के लिए अपने समापन पर आ रही है, दांव पहले से कहीं अधिक है।

**श्रृंखला का कार्यक्रम इस प्रकार है**

18 अप्रैल : पहला वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
21 अप्रैल : दूसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
23 अप्रैल : तीसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
26 अप्रैल : पहला टी20 मैच, कराची।
28 अप्रैल : दूसरा टी20 मैच, कराची।
30 अप्रैल : तीसरा टी20 मैच, कराची।
2 मई : चौथा टी20 मैच, कराची।
3 मई- 5वां टी20 मैच, कराची।

## खबरें एक नजर में

### दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण में ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। फ्रैंचाइजी ने मंगलवार रात उक्त घोषणा की। विकेटकीपर–बल्लेबाज 14 महीने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, और विजाग में दिल्ली कैपिटल्स के प्री–सीजन तैयारी शिविर का हिस्सा रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, डीसी के अध्यक्ष और सह–मालिक पार्थ जिंदल ने मंगलवार को कहा, फ़हमें अपने कप्तान के रूप में ऋषभ का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। धैर्य और निडरता ने हमेशा उनके क्रिकेट ब्रांड को निर्धारित किया है। मैं उन्हें एक बार फिर हमारी टीम से बाहर जाते हुए देखने का इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि हम नए जोश, जोश और उत्साह के साथ नए सीज़न का इंतजार कर रहे हैं। टीम के सह–मालिक किरण कुमार ग्रांधी ने कहा, ऋषभ ने अपने जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण चरणों में से एक के दौरान अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके टीम के साथी नए सीज़न की शुरुआत करते समय इससे बहुत प्रेरणा लेंगे। कप्तान ऋषभ और टीम को हमारी शुभकामनाएं। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के अपने पहले मैच में 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

### पहले चरण में छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर नामांकन शुरू

**रायपुर।** लोकसभा चुनावों के लिए पहले चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की इकलौती सीट बस्तर पर नामांकन प्रकिया शुरू हो गयी। राज्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रथम चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।प्रथम चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छो?कर कार्यालयीन दिवस में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक दाखिल कर सकते हैं। उनहोने बताया कि प्रथम चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी जबकि 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को होंगा। इस सीट पर भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी घोषित नही किया हैं। इस सीट से वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सांसद है।

### राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

**रांची।** झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही श्री गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

### आसाराम को हाई कोर्ट से झटका, इलाज की इजाजत नहीं

**जोधपुर।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में जोधपुर की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से एक और झटका लगा है। उसने महाराष्ट्र के पुणे में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी, जिसे राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस संबंध में महाराष्ट्र पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर आसाराम को इलाज के लिए मंजूरी नहीं देने की बात कही थी। इस पर हाई कोर्ट ने कानून–व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताई और यह भी कहा है कि पुणे से अच्छा इलाज आसाराम को जोधपुर के ही एम्स में मिल सकता है। दरअसल, आसाराम हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक उपचार के लिए कई याचिका लगा चुके हैं लेकिन अभी तक उन्हें कहीं से भी अंतरिम राहत नहीं मिल पाई है।

### मप्र में छह लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत छह संसदीय क्षेत्रों में चुनाव संबंधी अधिसूचना आज जारी होने के साथ ही नामांकनपत्र दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार पहले चरण में सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही अब प्रत्याशी नामांकनपत्र भर सकेंगे। इन छह क्षेत्रों में नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। इसके अगले दिन 28 मार्च को नामांकनपत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 मार्च है। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा।

# यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में एम.एस.एम.ई यूनिट्स की भूमिका पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय उद्योग परिसंघ उत्तर प्रदेश ने 20 मार्च 2024 को लखनऊ में सी.आई.आई. यू.पी. एम.एस.एम.ई सम्मेलन का आयोजन किया, जहां उत्तर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने में एमएसएमई की अपरिहार्य भूमिका तथा उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में एम.एस.एम.ई यूनिट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पे चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

प्रमुख सरकारी अधिकारियों, अर्थशास्त्रियों और विचारकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विषय विशेषज्ञों ने राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले कारकों पर चर्चा, विचार-विमर्श और बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान किया। सत्र को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि, श्री प्रांजल यादव, आईएएस, सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार राज्य




▸ भारतीय उद्योग परिसंघ उत्तर प्रदेश न लखनऊ में सी.आई.आई. यू.पी. एम.एस.एम.ई सम्मेलन का आयोजन किया

में निवेश बढ़ाने और एम.एस.एम.ई तथा एस.एम.ई यूनिट्स को विभिन्न व्यापारिक प्रोत्साहन प्रदान कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने उल्लेख किया कि एम.एस.एम.ई किसी भी राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि रोजगार सृजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है तथा वे देश के निर्यात वृद्धि में आधे से अधिक का योगदान देते हैं।

उन्होंने सदस्यों को एम.एस.एम.ई और एस.एम.ई. इकाइयों को मजबूत करने के लिए यू.पी. सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं और प्रोत्साहनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओ.डी.ओ.पी. योजना से हस्तशिल्प व्यापारियों को काफी लाभ हुआ है और यह कारीगरों के नवीन कौशल को भी बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने राज्य में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई कपड़ा नीति और कपड़ा पार्क के बारे में भी बात की। श्री यावर अली शाह, संयोजक, सी.आई.आई. एम.एस.एम.ई. पैनल और सह-संस्थापक और सीईओ, एएमए हर्बल लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड ने उल्लेख किया कि ओ.डी.ओ.पी. ने राज्य के एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में क्रांति ला दी है।

# सांसद दानिश अली ने थामा कांग्रेस का हाथ



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी में बहुजन समाज पार्टी और जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। यूपी के अमरोहा से बसपा के सांसद दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं जम्मू-कश्मीर के भाजपा नेता लाल सिंह ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। दोनों को ही दिल्ली में पवन खेड़ा ने पार्टी में शामिल कराया।

अमरोहा लोकसभा सीट पर कांग्रेस को लेकर सभी की नजरें लगी हुई हैं। अब तक बसपा और भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस अभी तक किसी उम्मीदवार का नाम फाइनल नहीं कर सकी है। इसी बीच बुधवार को सांसद दानिश अली ने कांग्रेस के दिल्ली मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके साथ ही उनके प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं। बता दें कि 2019 में सांसद दानिश अली गठबंधन के तहत बसपा से चुनाव लड़े। यहां उन्होंने जीत हासिल की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के प्रति उनका प्रेम लगातार बढ़ा था। जिसके बाद नौ दिसंबर 2023 को बसपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। तब कयास लगाए जा रहे थे कि वह कांग्रेस से प्रत्याशी हो सकते हैं। इस बीच वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ उनकी कार में नजर आए। वहीं, लगातार कांग्रेस के प्रति बढ़ रही सक्रियता को देखते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव ने लोकसभा चुनाव में दावेदारी जताई थी। संवाददाओं से वार्ता करते हुए उन्होने ने ऐलान किया था कि यदि दानिश को टिकट होता है तो वह चुनाव नहीं लड़ाऐंगे। हालांकि, उसके बाद से कांग्रेस के टिकट को लेकर असमंजस बना हुआ है। बता दें कि यह सीट सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस के खाते में गई थी।

### लगातार चर्चा में रहे दानिश अली

बसपा ने दिसंबर 2023 को अमरोहा सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया था। संसद में दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी की ओर से संसद में अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के बाद बसपा सांसद दानिश अली चर्चाओं में आए थे। इसको लेकर काफी हंगामा भी हुआ था। इस प्रकरण के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दानिश के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तब से ही दानिश और कांग्रेस के बीच नजदीकी बढ़ने लगी थी। इस बढ़ती नजदीकी के कारण ही बसपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले ली है।

### 2019 में बसपा के टिकट पर जीते चुनाव

लोकसभा चुनाव 2019 में अमरोहा से बसपा के टिकट पर चुनाव जीतने वाले दानिश अली ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को बड़े अंतर से हराया था। दानिश अली मूल रूप से हापुड़ के रहने वाले हैं। उनके दादा महमूद अली विधायक और फिर 1977 में हापुड़ लोकसभा सीट से सांसद रहे। जामिया मिलिया इस्लामिया से पढ़ाई करने वाले दानिश पांच भाइयों में सबसे छोटे हैं। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर जनता दल (सेक्यूलर) के साथ शुरू किया।

# एफएमसी इंडिया ने किसानों के लिए लॉन्च किया एआरसी फॉर्म इंटेलिजेंस प्लेटफार्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यह डिजिटल प्लेटफॉर्म रियल टाइम डाटा के आधार पर प्रेडिक्टिव मॉडलिंग का उपयोग करके स्मार्ट खेती को सरल बनाता है, जिससे किसान उभरती हुई समस्याओं का अनुमान लगा सकते हैं और फसल सुरक्षा उत्पादों को ठीक उसी जगह और समय पर इस्तेमाल कर सकते हैं, जहां उनकी आवश्यकता होती है, जो उन्हें अधिक लागत प्रभावी नियंत्रण प्रदान करता है।

कृषि विज्ञान कंपनी, एफएमसी इंडिया ने भारत में अपना इनोवेटिव डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म एआरसी फार्म इंटेलिजेंस लॉन्च किया है। इसे किसानों, सलाहकारों और चैनल पार्टनर्स के लिए स्मार्ट कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेश किया गया है। एफएमसी इंडिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष श्री रवि अन्नावरपु का कहना है कि आज के जटिल कृषि माहौल में किसानों को हर रोज़ कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एआरसी फार्म इंटेलिजेंस किसानों के लिए एक पूर्ण समाधान है। यह खेत से सीधी जानकारी देकर सही फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे फसल की देखभाल ज्यादा कारगर और किफायती होगी। इससे फसल ज्यादा पैदा होगी और किसानों को ज्यादा मुनाफा होगा। हमें पूरा विश्वास है कि नई तकनीक से चलने वाली इस सेवा से किसानों को काफी फायदा होगा और वो खेती में प्रगति करेंगे।

रियल टाइम डाटा और प्रेडिक्टिव मॉडलिंग को मिलाकर, एआरसी फार्म इंटेलिजेंस, किसानों को सीधे खेत की जानकारी (जैसे मिट्टी, मौसम) और फसलों को होने वाले नुकसान (कीड़े) का पता लगाने में मदद करता है। आसान भाषा में कहें तो यह बताता है कि खेत में अभी क्या हो रहा है और आगे क्या हो सकता है। इससे किसान सही दवाइयाँ सही मात्रा में और सही समय पर इस्तेमाल कर सकते हैं, ताकि उनकी फसल को मनचाही सुरक्षा मिले और अधिकतर पैदावार तथा मुनाफा हो। एआरसी फार्म इंटेलिजेंस ऐप किसानों को कई आसान सुविधाएं भी देगा, जिसके अंतर्गत वह एफएमसी इंडिया की बूम स्प्रे सेवा का लाभ भी उठा सकते हैं। वह आसानी से अपने फोन से स्प्रे की बुकिंग कर सकते हैं और ऐप में ही मौजूद इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे से पेमेंट भी कर सकते हैं।

### एआरसी फार्म इंटेलिजेंस ऐप किसानों को देगा कई आसान सुविधाएं, एफएमसी इंडिया की बूम स्प्रे सेवा का लाभ भी उठा सकते हैं किसान

# ऑटोमोटिव जॉइंट वेंचर 'जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड' का गठन

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** एसएआईसी मोटर और बी2बी एवं बी2सी सेक्टर में काम करने वाले भारत के अग्रणी समूह, जेएसडब्लू ग्रुप के बीच नए रणनीतिक जॉइंट वेंचर- जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का गठन हुआ है। इस जॉइंट वेंचर के व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा के साथ देश में मोबिलिटी का एक नया युग शुरू हो गया है। यह नया जॉइंट वेंचर तेजी से बढ़ रहे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाएगा।

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया अपने व्यावसायिक संचालन में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन लाने, विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी की पेशकश करने, मैनुफैक्चरिंग के परिदृश्य को मजबूत बनाने और रोजगार के महत्वपूर्ण अवसरों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह जॉइंट वेंचर ग्राहकों पर केंद्रित रहते हुए




स्मार्ट और सस्टेनेबल उत्पाद भी पेश करेगा। कंपनी का व्यावसायिक रोडमैप देश में लोकलाइज़ेशन बढ़ाने और एक मजबूत ऑटोमोटिव परिवेश का विकास करने पर केंद्रित है। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया में स्टीयरिंग कमिटी के सदस्य, पार्थ जिंदल ने कहा, ''जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का जॉइंट वेंचर एक महत्वपूर्ण जॉइंट वेंचर है। इसके साथ दो दिग्गज एसएआईसी और जेएसडब्लू एक साथ आए हैं। विश्वप्रसिद्ध ब्रिटिश ब्रांड की विरासत, अत्याधुनिक एमजी टेक्नोलॉजी और जेएसडब्लू के स्थानीय मैनुफैक्चरिंग के ज्ञान एवं कौशल की मदद से जेएसडब्लू एमजी भारत एवं विश्व के लिए विश्वस्तरीय उत्पादों का निर्माण भारत में करेगा।

# अमेठी लोकसभा सीट को लेकर बनी असमंजस की स्थिति, प्रत्याशी अब तक नहीं हो पाया तय

समृद्धि न्यूज

**अमेठी।** अमेठी सीट को लेकर लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई हैं। इस सीट को लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने दिल्ली की टॉप लीडरशिप से मुलाकात की। अमेठी सीट को लेकर प्रत्याशी अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। जिले से गांधी परिवार के ही सदस्य को चुनाव का टिकट देने की मांग के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने प्रियंका गांधी, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। जहां उन्होंने अमेठी से राहुल या प्रियंका गांधी को ही टिकट देने की मांग की है। इन नेताओं ने इन दोनों चेहरों के अलावा किसी और स्थानीय नेता को टिकट ना देने की बात कही है। अमेठी में कांग्रेस पार्टी के टिकट



का कौतूहल बढ़ता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी के साथ ही भाजपा व सपा के नेताओं के नाम भी उछाले जा रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस की ओर से गांधी परिवार की ही मांग व दावा किया जा रहा है। इन्हीं सब के बीच युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ दिल्ली दस जनपथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि प्रियंका गांधी से उनकी मुलाकात मंगलवार की शाम को हुई। जहां उन्होंने जिले के वर्तमान हालात से अवगत कराया। गांधी परिवार से टिकट दिए जाने की मांग की। जिला अध्यक्ष के अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि सब लोग चाहते हैं कि अमेठी से राहुल गांधी या प्रियंका गांधी ही चुनाव लड़ें। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।